सुप्रभात
रांची, गुरुवार
02.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 228 | 12



हर महिला श्रीदेवी बनना चाहती है: रानी मुखर्जी



सुप्रभात
रांची, गुरुवार
02.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 228

12 हर महिला श्रीदेवी बनना चाहती है : रानी मुखर्जी



B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442553
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### इंदौर टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने ली 47 रन की बढ़त

इंदौर। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के होल्कर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। भारतीय टीम को एक स्पिनिंग ट्रैक पर 109 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 156 रन बना लिये हैं। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 47 रनों की है।

### प्रोन्नत किये गये 33 आइएएस अधिकारी

रांची। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 33 अधिकारियों को संयुक्त सचिव रैंक से अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। 2010 बैच के इन प्रमोटी आइएएस अधिकारियों को कनीय प्रशासनिक कोटि के वेतनमान लेवल- 12-78800-209200 में प्रोन्नति दी गयी है। सभी को वर्तमान पदस्थापन स्थान पर ही उनके पद को उत्क्रमित कर पदस्थापित भी किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### गोइलकेरा में आइइडी ब्लास्ट, एक की मौत

जमशेदपुर। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के ईचाहातु में नक्सलियों के लगाये आइइडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गयी, जबकि एक महिला गंभीर है। मृतक का नाम कृष्णा पूर्ति (52, ईचाहातु) बताया जाता है। हादसे में उनकी पत्नी नंदी पूर्ति (45) भी गंभीर रूप से घायल है। पति-पत्नी बुधवार की सुबह खेत में लगी फसल देखने जा रहे थे। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है।

### लातेहार के अधिकारी पर यौन शोषण का आरोप

लातेहार। गुमला की एक महिला अधिकारी ने लातेहार के स्थापना उप समाहर्ता मोहनलाल मरांडी पर यौन शोषण का मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में सदर थाना में कांड संख्या 50-2023 भादवि की धारा 376 (1) के तहत दर्ज कर लिया गया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 69,000 रु./प्रति किलो |

---

सीएम ने कहा- भाजपा ने झारखंड को योजनाबद्ध तरीके से बनाया चारागाह

# हम भ्रष्टाचार के कीचड़ को कर रहे साफ: हेमंत

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र

■ द्वितीय पाली में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सरकार की ओर से दिया जवाब

खबर मन्त्र ब्यूरो



विधानसभा में अपनी बात रखते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

रांची। झारखंड विधानसभा में बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की पहचान और अलग वजूद बनाने में सांसद-विधायकों के अलावा आम लोगों की भी भूमिका है। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारे विपक्ष के साथी जोहार शब्द का प्रयोग नहीं करते थे, लेकिन आजकल पार्टी ऑफिस में ही जोहार का बोर्ड लगा रखा है। साथ ही, उन्होंने कहा कि हम तो पहले के भ्रष्टाचार के कीचड़ को साफ कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीब, आदिवासी, दलित, मूलवासी को सम्मान दिलाने के लिए कृतसंकल्प है। हम सबको साथ लेकर चलते हैं। हमारी मंशा साफ है कि सबको न्याय मिले। यही वजह है कि जो कार्यक्रम आदिवासी-दलितों के लिए शुरू करते हैं, तो अन्य वर्ग भी इसकी मांग करने लगते हैं। तब हम कोशिश करते हैं कि सभी को जोड़ लें, वही हम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार अपने कार्यों को राज्यपाल के माध्यम से लोगों तक लेकर जाती है। हम पॉजिटिव सोच के साथ सरकार चलाने के प्रयास में हैं। हम चाहते तो अभिभाषण में अपनी तारीफ लिखे हैं, तो उनकी नाकामी को भी लिख सकते हैं। 20 सालों में इनको (भाजपा) पहली बार ट्रेनिंग मिल रही है कि कैसे सवालों को उठायें। हम तो अभी सत्ता में आये हैं, ये तो लंबे अरसे तक सत्ता में ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, भ्रूण हत्या की वजह गरीबी और अशिक्षा है। सावित्री बाई फूले योजना से इसपर अंकुश लग रहा है। इस योजना से हम बालिकाओं को शिक्षित कर रहे हैं। बच्ची पढ़ेगी, तो आनेवाली पीढ़ी भी शिक्षित होगी। राज्य बनने के बाद ज्यादातर समय भाजपा ने ही सरकार चलायी। ये वापस कैसे आयेंगे, ये इसकी चिंता में हैं। यही वजह है कि ये लगातार भ्रष्टाचार, लॉ एंड आर्डर की बात उठा रहे हैं। यह एक दिन में नहीं हुआ है। सारा कुछ इनका किया हुआ है। हम तो इस कीचड़ को साफ कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

### विपक्ष ने सदन का किया बहिष्कार

विपक्ष ने सीएम के वक्तव्य का बहिष्कार किया। बिरंची नारायण के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया। आजसू के डॉ लंबोदर महतो सदन में थे। परिहास करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दल से उधर के हैं, लेकिन दिल से इधर के। उन्होंने कहा कि जिस खनन की बात कर रहे हैं, उसकी जांच के लिए रिटायर्ड न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआइटी का गठन कर दिया गया है। वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व का सबसे गरीब देश बन जायेगा। एलआइसी बम जो फटा है, उससे सभी हलकान हैं। बैंक की भी दशा यही है। मौजूदा बैंक सुरक्षित नहीं हैं। हम तो कहते हैं कि पैसे बैंक में नहीं रखो, पॉलीथिन में रख कर मिट्टी में गाड़ दो।

---

# रांची में जी-20 की बैठक आज

›› देर शाम तक आते रहे विदेशी मेहमान, एयरपोर्ट पर स्वागत करती रही रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। जी-20 की बैठक गुरुवार को स्थानीय होटल रेडिशन ब्लू में दिन में 11 बजे से होगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसमें शामिल होने के लिए विभिन्न देशों के डेलिगेट्स आ गये हैं। इसी कड़ी में बुधवार की सुबह 7:15 पर आने वाली फ्लाइट से आइइएसए के प्रेसिडेंट और एमडी राहुल वालावाकर और उनकी पत्नी नेत्रा वालावाकर रांची पहुंचे, जबकि 10:10 बजे महेश गोदी रांची पहुंच गये हैं। इसके अलावा, जी 20 की बैठक में भाग लेने के लिए 12:40 बजे की विमान सेवा से सीएसआइआर के 5 प्रतिनिधि रांची पहुंच चुके हैं। भरत भूषण, गिरीश चंद जोशी, शिवम कुशवाहा, बिनोद कुमार और शैलेश शाह इसमें शामिल हैं।

**देर शाम तक आते रहे मेहमान :** शाम में रांची पहुंचने वालों में स्पेन से डॉ जोश मैन्वेल पेरेज मरालेज, नीदरलैंड से विकास कोहली और अन्य डेलिगेट में डॉ रमा स्वामी एवं संजीव कुमार वार्ष्णेय, मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ एंड साइंस से डॉ शेईखा एलिजाबेथ जॉन और डॉ प्रशांत कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर बेहतर तैयारियां की गयी थीं। मेहमानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा था। एयरपोर्ट पर उनके स्वागत में प्रशासन की टीम मौजूद थी। उनके बैठने के लिए एयरपोर्ट पर ही अलग गैलरी बनायी गयी थी, जहां उन्हें पहुंचने के साथ ही रिफ्रेशमेंट दिया गया।

### राजधानी रांची पहुंचे मेहमान

| देश | मेहमान | देश | मेहमान |
|---|---|---|---|
| स्पेन | डॉ जोश मैनुअल परेज मोरालेस | नीदरलैंड | विकास कोहली |
| यूके | सुनील कुमार | यूएइ | आमेल अबदल्ला मो अलहामदी |
| यूके | पियर्स पुरडे | यूएइ | बुथाइना अलबास्तकी |
| साउथ अफ्रीका | सेलबी मोदिबा | सउदी अरब | इमान मो अलहुजिमी |
| साउथ अफ्रीका | बर्नार्ड ब्लाडरग्रोएन | भारत | पेरिक फिलोन आसिदा |
| फ्रांस | दिदिएर राबोइशन | इटली | अलेसांद्रो बोयरो |
| इंडोनेशिया | एल्डरिन हरवानी | सिंगापुर | वेई एन एलिजा आंग |
| तुर्कीये | तस्लीम गुल्स गुरेल | ब्राजील | फिलिप सिलवा बेलुची |
| सिंगापुर | शीयान ताय | जर्मनी | साइमन क्लिनपास |
| सउदी अरब | नाहला अलहाजमी | रिपब्लिक ऑफ कोरिया | यून जंग पार्क |
| | | आइएसए | सबा कलाम |

**पतरातू का आनंद लें सकेंगे विदेशी मेहमान :** जी-20 की बैठक में भाग लेने आये अतिथि तीन मार्च को रांची से पतरातू लेक जायेंगे। उनके स्वागत की पूरी व्यवस्था है। पतरातू पहुंचने पर विदेशी डेलीगेट्स का स्वागत वीवीआइपी गेस्ट हाउस में होगा। अतिथियों के मनोरंजन के लिए टापू पर झारखंड की लोक नृत्य कला का प्रदर्शन होगा। इसमें स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। (शेष पेज 11 पर)

---

पूजा सिंघल प्रकरण : हाइकोर्ट ने पूछा

# खूंटी मनरेगा घोटाले की जांच सीबीआइ करेगी या नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की बेंच में खूंटी मनरेगा घोटाला की सीबीआइ जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने इस मामले में सीबीआइ को प्रतिवादी बनाते हुए जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है कि सीबीआइ इस मामले की जांच करना चाहती है या नहीं।

इस संबंध में अरुण कुमार दुबे ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि खूंटी में उपायुक्त रहते हुए पूजा सिंघल ने मनरेगा योजना में करोड़ों का घोटाला किया है। फिलहाल, इस मामले की जांच इडी कर रही है। लेकिन सीबीआइ को भी पूरे मामले की जांच करनी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि पूजा सिंघल के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर पूर्व में सरकार ने एक जांच कमेटी बनायी थी। इसमें पूजा सिंघल को क्लीन चिट दे दी गयी। अब इडी ने आइएएस पूजा सिंघल और उनके सहयोगी सीए सुमन कुमार को गिरफ्तार किया है। ऐसे में उक्त कमेटी के सदस्यों की भी जांच होनी चाहिए।

### मनी लांड्रिंग मामले में पूजा सिंघल पर आरोप गठन आज

रांची। मनी लांड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल समेत अन्य दो आरोपियों के आरोप गठन पर सुनवाई अब 2 मार्च को होगी। बुधवार को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, बचाव पक्ष ने समय की मांग की। इसपर अदालत ने एक दिन का समय दिया। इससे पूर्व अंतरिम जमानत पर चल रही पूजा सिंघल बुधवार को इडी कोर्ट में उपस्थित होकर हाजिरी लगायी। मामले में जेल में बंद सीए सुमन कुमार, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश एवं बर्खास्त कनीय अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा की पेशी हुई।

---

# डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार से चिकित्सा व्यवस्था चरमरायी

■ आइएमए व झासा के संयुक्त आह्वान पर राज्यभर के चिकित्सकों ने ठप की स्वास्थ्य सेवाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हाल के दिनों में राज्य में चिकित्सकों पर हमले को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) और झारखंड स्वास्थ्य सेवा संघ (झासा) के संयुक्त आह्वान पर राज्यभर के चिकित्सकों ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाएं ठप रखी। हालांकि, इमरजेंसी सेवा और इंडोर में भर्ती मरीजों का इलाज हड़ताल से बाहर रखा गया था। एकदिवसीय कार्य बहिष्कार की शुरुआत बुधवार की सुबह 6 बजे से हुई, जो गुरुवार की सुबह 6 बजे तक रही। एसोसिएशन के सदस्यों ने रिम्स, सदर अस्पताल और निजी अस्पतालों में पहुंचकर ओपीडी को बंद कराया और रिमसोनियन हॉल के समक्ष धरने पर बैठ गये।



### कार्य बहिष्कार से हलकान रहे मरीज

देवघर से आये मरीज बालेश्वर यादव के परिजन बबलू ने कहा कि अपने दादा को मनोचिकित्सक से दिखाने रिम्स लाये थे। रातभर सफर के बाद रिम्स पहुंचने पर मालूम चला कि आज डॉक्टर इलाज नहीं करेंगे। इससे परेशानी बढ़ी है। वहीं, जमशेदपुर से आये राजाराम ने कहा कि पांच साल के बेटे रोहित के बायें हाथ में ट्यूमर है। इलाज के लिए रिम्स आया था, लेकिन यहां पता चला कि आज डॉक्टर इलाज नहीं करेंगे। बिहार के मुंगेर हवेली खड़गपुर से आये महेश साहू ने कहा कि 16 वर्षीय बेटे आशु को चर्म रोग विशेषज्ञ से दिखाने लाये थे, लेकिन यहां आज इलाज नहीं होगा। खुले आसमान के नीचे इस उम्मीद में बैठा हूं कि कोई डॉक्टर को रहम आ जाये और वह मेरे बच्चे का इलाज कर दें।

**मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग :** आइएमए के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह और आइएमए वीमेंस विंग की राष्ट्रीय सह अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने कहा कि चिकित्सकों पर हो रहे हमले को लेकर पूरे चिकित्सक समाज में आक्रोश है। राज्य में विकट परिस्थिति बन गयी है। हजारीबाग, पेटरवार, गोड्डा, लोहरदगा, गढ़वा और रांची में हाल के दिनों में चिकित्सकों के साथ मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

---

सुबह 8 बजे से 40 टेबलों पर होगी काउंटिंग

# रामगढ़ में किसके सिर सजेगा ताज, फैसला आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रामगढ़ विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती गुरुवार की सुबह 8 बजे से होगी। कौन बनेगा सिरमौर, किसके सिर पर होगा ताज, इस पर जनता अपना फैसला सुनायेगी। चुनाव परिणाम को लेकर यूपीए और एनडीए दोनों ही जीत की उम्मीद लगाये बैठी हैं। यूपीए ने बजरंग पर, तो एनडीए ने सुनीता पर दांव खेला है। बताते चलें कि बीते 27 फरवरी को 18 उम्मीदवारों के भाग्य इवीएम में कैद हो गये हैं।

इधर, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव की मतगणना की तैयारी पूरी हो चुकी है। उपचुनाव की काउंटिंग के लिए रामगढ़ कॉलेज में तीन मतगणना कक्ष बनाये गये हैं। इनमें 40 टेबलों पर मतों की गिनती सुबह आठ बजे से होगी। मतगणना के संबंध में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने रामगढ़ कॉलेज में तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने और एसपी पीयूष पांडे ने सर्वप्रथम मतगणना के मद्देनजर प्रतिनियुक्त सभी मजिस्ट्रेट, अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों, कर्मियों को संयुक्त रूप ब्रीफ कर महत्वपूर्ण जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, 11 राउंड में रामगढ़ उपचुनाव की मतगणना पूरी होगी। कुल 405 बूथ के लिए मतगणना कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

सुरक्षा को लेकर रामगढ़ कॉलेज के प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक सीआरपीएफ जवान लगे हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रवेश के लिए अलग द्वारा बनाये गये हैं, जबकि काउंटिंग एजेंट और उम्मीदवारों के लिए अलग द्वार बनाये गये हैं।

---

होली से पहले बड़ा झटका, 50 रुपये महंगा हुआ रसोई गैस सिलेंडर

# झारखंड में अब घरेलू गैस ही नहीं नया कनेक्शन लेना भी हुआ महंगा

■ घरेलू गैस कनेक्शन के लिए अब देने होंगे 2200 रुपये

सुधीर

रांची। पेट्रोलियम कंपनियों ने होली से पहले ही कॉमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी कर गृहिणियों को बड़ा झटका दिया है। इतना ही नहीं, घरेलू गैस का कनेक्शन लेना भी झारखंड में महंगा हो गया है। पेट्रोलियम कंपनियों ने जहां घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है, वहीं गैस कनेक्शन में लिये जाने वाली सिक्यूरिटी मनी को भी बढ़ाकर 2200 रुपये कर दिया है। कंपनियों ने इस साल कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में भी दूसरी बार बढ़ोतरी की है। घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़ने से राज्य की गृहिणियां हलकान हैं। घरेलू गैस की बढ़ रही कीमतों से कुछ गृहिणियां नमो के नाम से भी किनारा करने लगी हैं।

**8 महीने बाद बढ़े हैं घरेलू गैस सिलेंडर के दाम :** नये साल में एक जनवरी को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर महंगा हुआ था। 1 जनवरी 2023 को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के रेट में 25 रुपये की बढ़ोतरी की गयी थी, जबकि फरवरी में कोई बदलाव नहीं किये गये। एक मार्च को एक झटके में ही दाम 350 रुपये से अधिक बढ़ा दिये गये। वहीं, घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट 8 महीने बाद बढ़े हैं।



**2022 में 154 रुपये महंगा हुआ था घरेलू गैस सिलेंडर :** वर्ष 2022 में 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर करीब 154 रुपये महंगा हुआ था। वहीं, ठीक इसके उलटा 19 किलो वाला सिलेंडर 357 रुपये सस्ता हो गया। इस दौरान 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के रेट में कुल 18 बार बदलाव हुए। (शेष पेज 11 पर)

### रांची : अब 1160.50 रुपये में मिलेंगे घरेलू गैस सिलेंडर

राजधानी रांची में 14.2 किग्रा वाली गैस सिलेंडर की कीमत 1160.50 रुपये हो गयी है। 19 किग्रा वाले गैस सिलेंडर 351.50 रुपये महंगा होकर अब 2273.00 रुपये का हो गया है। इसी तरह 5 किग्रा वाले गैस सिलेंडर का दाम 18 रुपये बढ़ अब 427 रुपये हो गया है। 10 किग्रा वाले सिलेंडर की कीमत 35 रुपये बढ़कर 833 रुपये हो गयी है। 14.2 किग्रा वाले गैस कनेक्शन के लिए अब 1450 की जगह 2200 रुपये सिक्योरिटी डिपॉजिट देने होंगे। इसमें 750 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, 5 किलो वाले गैस कनेक्शन के लिए अब 1150 रुपये देने होंगे। वहीं, 47 किग्रा वाले गैस कनेक्शन के सिक्योरिटी डिपॉजिट में भी वृद्धि की गयी है। अब इसकी कीमत 7350 रुपये हो गयी है।

---

### वीरेंद्र राम ने लिखा छह पन्नों का कबूलनामा

रांची। झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को इडी स्पेशल कोर्ट से पूर्व में पांच दिन और उसके बाद फिर चार दिनों की मिली रिमांड अवधि ने सत्ता पक्ष और विपक्ष की टेंशन बढ़ा दी है। इडी के समक्ष वीरेंद्र के कबूलनामे से अधिकारी से लेकर नेता और मंत्री तक में खलबली मची है। वीरेंद्र राम के अशोक नगर स्थित आवास से इडी को एक डायरी मिली है, डायरी में कोड वर्ड में पैसे का हिसाब-किताब लिखा गया है। उस कोड वर्ड को डिकोड करने में इडी के अधिकारी जुटे हुए हैं। वीरेंद्र के घर से बरामद डायरी से बड़े राज का खुलासा होने की उम्मीद है। इडी की पूछताछ में वीरेंद्र हर दिन नये राज खोल रहे हैं। इडी ने अब तक वीरेंद्र की संपत्ति को 125 करोड़ के करीब आंका है। सूत्रों की मानें तो वीरेंद्र राम ने इडी के समक्ष 6 पेज का कबूलनामा लिखा है। जिसमें सचिव स्तर के अधिकारियों के नाम, कुछ पूर्व विभागीय अधिकारियों के नाम, ग्रामीण विकास विभाग का काम करने वाले ठेकेदारों के नाम हैं।

---

# खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे की भूमिका की जांच को एसआइटी गठित

›› सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश बीके गुप्ता होंगे इसके अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य अंतर्गत खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे की भूमिका की जांच एवं रोकथाम के लिए विनोद कुमार गुप्ता (सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश, झारखंड) की अध्यक्षता में एक एसआइटी गठित की है। इसका कार्यकाल छह माह निर्धारित करने, आयोग के अध्यक्ष को प्रतिमाह मानदेय, अध्यक्ष को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समतुल्य यात्रा भत्ता एवं अन्य सुविधाएं एवं आयोग के कार्यालय के लिए एक सहायक, एक आदेशपाल, एक कंप्यूटर ऑपरेटर एवं वाहन सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 दिसंबर 2022 को इस संबंध में रेल मंत्री को पत्र लिख कर मामले से अवगत कराया था। उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार ने अवैध खनन एवं इसके परिवहन में रेलवे पदाधिकारियों की संलिप्तता एवं अन्य सभी संबंधित बिंदुओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री से आग्रह किया था कि आप रेलवे के पदाधिकारियों को इस उच्च स्तरीय जांच समिति को पूरा सहयोग करने को निर्देशित करें।

खान एवं खनिज अधिनियम की धारा-23 के अंतर्गत राज्य में खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए 2017 में अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित नियमावली के नियम 9, 1 के अनुसार खनित खनिजों का रेल मार्ग से परिवहन भी पोर्टल से प्राप्त परिवहन चालान के माध्यम से ही किया जाना है। इस संदर्भ में खान एवं भूतत्व विभाग एवं विभिन्न उपायुक्त, जिलास्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से भी वैध ई-चालान के साथ खनिजों के परिवहन को कई निर्देश निर्गत किये गये हैं। इन सभी प्रयासों के बावजूद विभिन्न स्रोतों से सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं कि रेलवे के माध्यम से बिना वैध चालान के भारी मात्रा में खनिज का परिवहन, प्रेषण किया जा रहा है। इस संदर्भ में उपायुक्त, दुमका द्वारा रेलवे के माध्यम से रेलवे साइडिंग से बिना परमिट चालान के पत्थर चिप्स के परिवहन करने के संदर्भ में सूचनाएं-आंकड़े भेजे गये हैं। इस अनियमितता में रेलवे के अधिकारियों की संलिप्तता परिलक्षित होती है।

# बेंगलुरु से आयी नैक की टीम के साथ आरयू का स्टेट वाइज एनालिसिस रिपोर्ट कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बेंगलुरू से आयी नैक टीम के तीन सदस्यों के साथ कुलपति आरयू प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा तथा आरयू के हेड, डीन, प्राध्यापकों का आर्यभट्ट सभागार में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सबसे पहले नैक टीम के तीन सदस्यों डॉ. डीके कामले, डॉ. नीलेश पांडेय और डॉ. श्रीकांत स्वामी का झारखंड के पारंपरिक गीत नृत्य से स्वागत किया गया। आइक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. स्मृति सिंह ने स्लाइड शो के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय के स्थापना से लेकर वर्तमान तक की उपलब्धियों, रांची विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न कोर्सों, कॉलेजों तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल में आरयू के छात्रों के योगदान के बारे में बताया। नैक के एडवाइजर डॉ. नीलेश पांडेय ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय झारखंड का हीरा है। हम जितने भी विश्वविद्यालयों में उत्कृष्टता के लिये जो चीजें खोजते हैं वह सब मुझे रांची विश्वविद्यालय में दिखते हैं। उन्होंने कहा कि आप सारे मानदंडों के अनुसार अपनी अच्छी तैयारी करें। सीनियर नैक एडवाइजर डॉ. कांबले ने कहा कि मैं अपने अनुभवों के आधार पर देख कर कह सकता हूं कि रांची विश्वविद्यालय एक उत्कृष्ट विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर है। आप को नैक में सिर्फ अच्छे ग्रेड के लिए काम नहीं करना है बल्कि लक्ष्य यह होना चाहिये कि अपनी कमियों को पहचान कर उसे सुधारें। नैक के एकेडमिक एक्सपर्ट डॉ. श्रीकांत स्वामी ने नैक के लिए रिपोर्ट तैयार करने से लेकर उसे जमा करने की सारी तकनीकी विधियों को विस्तार से बताया और कहा कि इनमें गलतियां होने पर एक अच्छे विश्वविद्यालय या कॉलेज भी पिछड़ जाते हैं।

### सवाल जवाब के सेशन में अपने प्रश्नों को पूछा

नैक के सभी एक्सपर्ट को सुनने के बाद सवाल जवाब का सत्र आयोजित किया गया। सभागार में उपस्थित हेड, डीन तथा विभिन्न कॉलेजों से आये प्राध्यापकों प्रचार्यों ने अपने सवाल पूछे जिसका तीनों सदस्यों ने जवाब दिये। साथ ही कई मुद्दों पर उत्सुकताओं के निवारण किये। इस कार्यक्रम में कुलपति के साथ कुलसचिव डॉ. मुकुंद मेहता, परीक्षा नियंत्रंक डॉ. आशष कुमार झा, डॉ. जीएसझा, सभी विभागों के हेड, डीन, विभिन्न कॉलेजों से आये शिक्षक, प्राचार्य तथा छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्मृति सिंह ने किया।

# सरना धर्म कोड को लेकर आदिवासी संगठनों की महारैली 12 मार्च को

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के तत्वावधान में बुधवार को 12 मार्च को होने वाले सरना धर्म कोड महारैली को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों की बैठक हुई। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति उप कार्यालय हेसल समुदाय भवन पिस्का मोड़ रांची में संपन्न इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरना धर्म कोड हम आदिवासियों की पहचान है। हम अपने इस पहचान के लिए संघर्ष करते रहेंगे। केन्द्र सरकार जबतक धर्म आजादी नही देती है,तब तक अपनी आवाज को बुलंद करते रहेंगे। संसद चुनाव 2024 से पहले केंद्र सरकार सरना धर्म कोड नहीं देती है तो चुनाव के दौरान हम सभी का संकल्प होगा सरना धर्म कोड नही तो वोट नहीं का संकल्प लिया । उन्होने बताया कि महारैली में बल दल के साथ शामिल होंगे। इस जानकारी के साथ ही शिवा कच्छप ने बताया कि 12 मार्च 2023 को सरना धर्म कोड महारैली का तैयारी जोरों पर है। यह भी बताया कि रैली में पांच लाख सरना धर्मावलंबी अपने पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल होंगे। इस रैली में अपने ही राज्य के नहीं बल्कि देश के दूसरे राज्यों से भी सरना धर्मावलंबी शामिल होंगे। उपस्थित लोगो में पूर्व मुखिया संजय तिर्की,सती तिर्की, अनिता उरांव, गुड्डी उरांव, मीणा किस्पोप्ता, कुलदीप उरांव, सुनिल तिर्की, शोभा तिर्की, मीणा गाड़ी, मंगरी उरांव, सिटीओ उरांव, बुधनी उरांव, इत्यादि शामिल थे।

# तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव आज से



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मण्डल, रांची का तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव आज श्री श्याम निशान पद यात्रा के साथ प्रारम्भ हो रहा है। इस यात्रा को सफल बनाने में मण्डल के सदस्यगण समर्पण भाव से लगे हुए हैं। श्री श्याम मण्डल के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने यह जानकारी दी। बताया कि श्री श्याम सतरंगी महोत्सव के दूसरे दिन एकादशी पर बसंतोत्सव व भजन पुस्तिका का विमोचन, श्री श्याम प्रभु का अनुपम श्रृंगार, छप्पन भोग, सवामणि भोग, संगीतमय संकीर्तन होगा। साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु के साथ केसरिया होली कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से प्रातः 4 बजे तक अग्रसेन पथ श्री श्याम मन्दिर में आयोजित है ।

# डॉक्टर पर जानलेवा हमला के आरोपियों की अविलंब हो गिरफ्तारी : आलोक दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आलोक कुमार दूबे एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा है कि डॉक्टरों पर हो रहा हमला चिंता का विषय है। इनकी सुरक्षा प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। आलोक दूबे ने कहा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंचल पर जानलेवा हमला करने वालों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्ति हो, कानून व्यवस्था का इकबाल कायम रहना चाहिए वरना अपराधी बेखौफ होकर कभी भी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देते हैं। कांग्रेस नेता ने डॉक्टरों द्वारा किए गए कार्य बहिष्कार एवं हड़ताल को नैतिकता एवं व्यक्तिगत तौर पर समर्थन भी दिया है।उन्होंने कहा कि हड़ताल से मरीजों को काफी परेशानी हुई है। कांग्रेस नेता आलोक दूबे एवं फिरोज रिजवी रिम्स पहुंचकर धरने पर बैठे डाक्टरों से



मुलाकात किया एवं आन्दोलन को समर्थन दिया। रिम्स के अधीक्षक धीरेन्द्र बिरुवा, डा.विकास एवं आइएमए के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह के माध्यम से राज्य भर के चिकित्सकों को पूरा समर्थन देने का विश्वास दिलाया। कांग्रेस नेता ने कहा विधानसभा के महत्वपूर्ण सदन भी चल रहे हैं ऐसे में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट जरूरी है तो उसे बनाया जाना चाहिए।

**छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चार को मिलेंगे एसएसपी से :** रिम्स में पारा मेडिकल के छात्र छात्राओं द्वारा सुरक्षा, हॉस्टल, छात्रवृत्ति,2020 सत्र की परीक्षा आयोजित करने एवं कोर्स की अवधि में अगर मरीजों की सेवा करने के दौरान रोगग्रस्त होने पर इलाज की व्यवस्था की मांग को लेकर धरना दे रहे छात्रों के साथ कांग्रेस नेता आलोक दूबे एवं फिरोज रिजवी धरना पर बैठे एवं आन्दोलन का समर्थन किया। कांग्रेस नेताओं ने रिम्स प्रबंधन से अनुरोध किया छोटी छोटी समस्याओं को टालने के बजाय उसका निदान होना चाहिए। हर समस्याओं को मंत्री और मुख्यमंत्री पर नहीं थोपा जाना चाहिए। आलोक दूबे ने कहा छात्राओं की सुरक्षा को लेकर 4 मार्च को वरीय आरक्षी अधीक्षक से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस नेता को रिम्स के छात्र छात्राओं ने ज्ञापन भी सौंपा।

## संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में संगीत प्रतियोगिता

**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट 3 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर पंपा सेन विश्वास के तत्वावधान में संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वागत गान से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ विष प्रवेश और स्वागत करते हुए डॉ पंपा सेन विश्वास ने कहा कि गायन ,वादन और नृत्य को संगीत कहते हैं। स्वर, लय और ताल इनको शुद्ध उच्चारण के साथ जो गाते हैं, उसे संगीत कहते हैं। संगीत वह ललित कला है जो स्वर,लय और ताल के द्वारा हमारे हृदय के भावों को व्यक्त करते हैं। इन तीनों में श्रेष्ठ माना जाता है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में इन हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची में बुधवार को एक दिवसीय इन हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय था राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020। विद्यालय के प्राचार्य राज किशोर शर्मा जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर एवं नर्सरी विंग इंचार्ज सोमा घोष ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर प्राचार्य राज किशोर शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण परिवेश को उपलब्ध करवाएं और उनके संपूर्ण विकास पर ध्यान दें तथा उनके सुनहरे भविष्य को गढ़ने में उनकी मदद करें। जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने कार्यक्रम को रोचक तथा



महत्वकांक्षी बताते हुए कहा कि इससे सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं अवश्य ही प्रेरित होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के कुमारी वीणा, सुचंद्र डे एवं राजश्री एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# डीएवी आलोक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह



**रांची।** डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में बुधवार को बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। इस मौके पर 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग क कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर मिस्टर अतुल और मिस प्रीति के क्रमशः मिस्टर एंड मिस फेयरवेल का चुना। प्राचार्य ने कहा कि अपने जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्र के उत्थान हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई अन्य विकल्प नहीं होता अगर आप सच्चे मन से परिश्रम करते हैं तो आप दुनिया में कुछ भी पा सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# खेल प्राधिकरण में अनुबंध के आधार पर लाइब्रेरियन की होगी नियुक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड खेल प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर लाइब्रेरियन की नियुक्ति निकली है। साझा ने विज्ञापन जारी कर लाइब्रेरियन के विभिन्न पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। लाइब्रेरियन के कुल 5 पदों पर नियुक्ति की जानी है। इनमें लाइब्रेरियन के 1, असिस्टेंट लाइब्रेरियन के 2 और लाइब्रेरी अटेंडेंट के 2 पद शामिल हैं। इनमें से 2 पद एसटी वर्ग के उम्मीदवार के लिए आरक्षित हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 25 मार्च तक पोस्ट ऑफिस के माध्यम से आवेदन भेज सकते हैं। ई-मेल या अन्य तरीकों से किये गये आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**लाइब्रेरियन और अन्य पदों पर एक साल के लिए होगी नियुक्ति :** संविदा के आधार पर लाइब्रेरियन और अन्य पदों पर नियुक्ति एक साल के लिए होगी। संतोषजनक कार्य होने पर विस्तार मिलेगा। लाइब्रेरियन के लिए चयनित कैंडिडेट को हर माह 55 हजार, असिस्टेंट लाइब्रेरियन को 50 हजार और लाइब्रेरी अटेंडेंट को 30 हजार रुपये मिलेंगे। लाइब्रेरियन के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास लाइब्रेरी साइंस में मास्टर डिग्री और 5 साल का कार्यानुभव होना चाहिए। असिस्टेंट लाइब्रेरियन के लिए लाइब्रेरी साइंस में बैचलर डिग्री और 5 सालों का कार्यानुभव अनिवार्य है। वहीं लाइब्रेरी अटेंडेंट के पास लाइब्रेरी साइंस में सर्टिफिकेट और एक साल का कार्यानुभव होना चाहिए। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद इंटरव्यू के संबंध में सूचना जारी की जायेगी। विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए आप साझा की ऑफिशियल वेबसाइट झासा पर देख सकते हैं।

# श्री त्रिलोकी नाथ महादेव मंदिर की चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी स्थित कृष्णापुरी कॉलोनी चुटिया में नवनिर्मित श्री त्रिलोकीनाथ महादेव मंदिर में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ बुधवार को हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा मेंश्रद्धालुओं की संख्या ढाई हजार से अधिक रही। मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष सत्येंद्र रजक ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा सहित चार दिवसीय अनुष्ठान पंडित नंदकिशोर दुबे के नेतृत्व में संपन्न कराया जा रहा है। मंदिर में शिवलिंग के साथ-साथ शिव परिवार, राम दरबार, राधा कृष्ण, बजरंगबली और भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा भी स्थापित की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य जजमान अरविंद आनंद और नीलम आनंद हैं। समिति के अध्यक्ष मंटू पांडे, उपाध्यक्ष अंशु मिश्रा, सचिव सुरेंद्र कुमार, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के



सफल आयोजन में लगे हैं। आज अधिवास और नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं, तीन मार्च को प्राण प्रतिष्ठा के साथ अखंड जाप का आयोजन होगा और चार मार्च को प्राण प्रतिष्ठा के समापन समारोह के दिन हवन व पूणाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष मंटू पांडे ने दी।

# विकास के फेर में मूल सिद्धांतों को भूलना अनुचित : राजेंद्र पी शर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में चले रहे पर्यावरण मेले के आठवें दिन रिसाईक्लिंग एंड सस्टेनबिलिटी विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें रिसाइकिलिंग एंड इन्वायरमेंट इंडस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव सह महानिदेशक राजेंद्र पी शर्मा ने कहा कि विकास के फेर में हम अपने मूल सिद्धान्तों को भूल गये है। अपनी लाइफ स्टाइल को नहीं बदलेंगे तो आने वाले दिनों में दिक्कतें ज्यादा बढ़ जायेंगी। उन्होंने कहा कि अपनी जरूरतों को कम करना होगा। उन्होंने थ्री आर का फामूर्ला दिया। रिड्यूस, रियूज और रिसाईकल। उन्होंने कहा कि प्रकृति



ने जो भी संसाधन दिये हैं, उन सभी की एक सीमा है। उन्होंने कहा कि कूड़ा-कचरा के ढेर से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है जो वायुमंडल के तापमान को बढ़ाता है। पुराने जीवन पद्धति को अपनाना ही होगा। रिसाईक्लिंग के संदर्भ में उन्होंने बताया कि हमें इस बात को समझना होगा कि कोई भी चीज बेकार नहीं है। उदाहरण के लिए आप मोबाइल को ले लें। एक मोबाइल फोन आपने दो-तीन साल यूज किया। फिर आपने नई ले ली। अब आप पहले वाले हैंडसेट का क्या करेंगे यह आपके ऊपर निर्भर करता है। अगर आपको पता हो कि आपके मोबाइल हैंडसेट में लोहा, पीतल, तांबा, अल्यूमिनियम, चांदी, सोना परावर्तित रूप में मौजूद है। तो उसे कहां रीसाइकिल करेंगे। सस्टेनिबिलिटी के बारे में कहा कि सस्टेनिबिलिटी के तीन भाग होते है। पहला पर्यावरण दूसरा आर्थिक और तीसरा समाज। परिचर्चा के मुख्य अतिथि एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओएन सिंह थे। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के काफी फायदे हुए थे। भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हो गया था। मगर इसका दूरगामी प्रभाव भी पड़ा। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में आज पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। कस्तूरबा खादी ग्रामोद्योग संस्थान, मुरी, खादी ग्रामोद्योग संस्थान, धनबाद, आदिम जाति समग्र विकास परिषद, रांची जैसे नामचीन खादी स्टॉल लगाये गये है। साथ ही घरेलू सामाग्रियों में सहारनपुर का फर्नीचरए किशनगंज बिहार का जयपुरी बेडशीट, मुज्जफरपुर, उत्तरप्रदेश का लकड़ी का खिलौना, बनारसी साड़ी, प॰िम बंगाल का कांथा वर्क हैंडलुम साड़ी तथा खेसरा बेडशीट, इटावा का जयपुरी ज्वेलरी, मध्यप्रदेश का झांसी बेडशीट, हैदराबाद का तेलांगना साड़ी तथा आंध्रप्रदेश का महाराष्ट्रा साड़ी मेले में बिक्री के लिए उपलब्ध है।

## खबर एक नजर में

### इंटर परीक्षा एडमिट कार्ड नहीं दिये जाने के मामले में हाइकोर्ट में आज होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में इंटर परीक्षा के लिए जल्द एडमिट कार्ड दिये जाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। इस मामले पर जल्द सुनवाई करने का आग्रह प्रार्थी के अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने किया था, जिसे अदालत से स्वीकार कर लिया है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में यह मामला सूचीबद्ध हुआ है। दरअसल झारखंड में इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होनी है लेकिन मांडर इंटर कॉलेज के 12 से अधिक छात्र-छात्राओं को कॉलेज ने अभी तक एडमिट कार्ड नहीं दिया है। इसको लेकर झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि कॉलेज प्रबंधन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। प्रार्थी छात्रों के अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद के मुताबिक, मांडर इंटर कॉलेज ने फीस लेने और सभी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी छात्रों को एडमिट कार्ड नहीं दिया है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं को चिंता सता रही है कि वो इंटर की परीक्षा देने से वंचित रह जायेंगे। इस संबंध में हिमा देवी एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

### गिरिडीह में पीजीटी-टीजीटी शिक्षकों के लिए 390 पदों पर निकली भर्ती

रांची। गिरिडीह में पीजीटी-टीजीटी शिक्षकों के लिए 390 पदों के लिए भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑनलाइन और ऑफ लाइन आवेदन कर सकते हैं। पीजीटी में आवेदन करने के लिए कैंडिडेट के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर में न्यूनतम 50 फीसदी अंक होना चाहिए। वहीं एससी और एसटी उम्मीदवार के पास आवेदन के लिए न्यूनतम 45 फीसदी अंक होना चाहिए। स्नातकोत्तर के साथ बीएड या बीएड के समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। टीजीटी में आवेदन करने के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक में न्यूनतम 50% अंकों होना चाहिए। वहीं एससी और एसटी आवेदक के लिए न्यूनतम 45% अंकों होना चाहिए। स्नातक के साथ बीएड या बीएड के समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। **15 मार्च तक ऑनलाइन और ऑफलाइन की 20 मार्च से :** ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। वहीं ऑफलाइन आवेदन करने का लास्ट डेट 20 मार्च है। इसमें सभी वर्गों और महिलाओं के लिए अधिकतम उम्र सीमा 55 वर्ष निर्धारित की गयी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, स्नातकोतर प्रशिक्षित शिक्षक को पीजीटी के लिए 27500 रुपये दिया जायेगा। वहीं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक को टीजीटी के लिए 26250 रुपये दिया जायेगा। विभाग ने अधिकारिक बेवसाइट पर नोटिफिकेशन जारी किया है।

### अब सरकारी अनुदान के लिए अनुमति प्राप्त स्कूल 6 मार्च तक करें आवेदन

रांची। राज्य सरकार से वित्तीय अनुदान पाने के लिए अब 6 मार्च तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 के अनुदान के लिए सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त- प्रस्वीकृत माध्यमिक स्कूल, स्थायी प्रस्वीकृत इंटर कॉलेज, मदरसा और संस्कृत स्कूल ऑनलाइन आवेदन 1 मार्च से 6 मार्च तक कर सकते हैं। आवेदन समर्पित करने के बाद संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी, झारखंड अधिविद्य परिषद के सचिव से अनुशंसा कराने के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को निर्धारित समय तक आवेदन दे देना होगा। यह इस वित्त वर्ष के अनुदान के लिए अंतिम मौका होगा। **आवेदन के लिए एक्सटेंशन डेटः** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के मुताबिक पूर्व में अनुदान के लिए 1 जुलाई से 31-07-22 तक आवेदन करने का समय दिया गया था। बाद में 10 दिसम्बर 2022 तक यह समय तय किया गया था। अब 6 मार्च तक आवेदन करने वालों को ही अनुदान मिल सकेगा।

### श्री हनुमान मंडल की आमसभा सह होली मिलन समारोह 5 को

**रांची।** नगर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री हनुमान मंडल की आम सभा सह होली मिलन समारोह 05 मार्च रविवार को सायं 3 बजे से सेवा सदन पथ अपर बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रथम तल्ला के सभागार में आयोजित की जा रही है। इस आम सभा में मारवाड़ी भवन हरमू रोड में आयोजित होने वाले आगामी महोत्सव के सफल आयोजन हेतु विचार-विमर्श किया जाएगा और महोत्सव कमिटि का गठन किया जाएगा। उक्त जानकारी मंडल के मीडिया प्रभारी निर्मल बुधिया ने दी। साथ ही इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया , मंत्री श्रवण अग्रवाल एवं प्रचार मंत्री निर्मल बुधिया ने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि समय पर उपस्थित होकर मंडल की गरिमा बढ़ायें ।

### संत शिरोमणी स्वामी सदानंद महाराज आज आयेंगे रांची



**रांची।** होली को लेकर संत शिरोमणी स्वामी सदानंद महाराज का आज रांची पदार्पण हो रहा है। कार्यक्रम के अनुसार विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज, हरमू रोड स्थित सत्संग भवन मे होली मिलन का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर संत शिरोमणी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में आज होली के शुभ अवसर पर फूलो अबीर-गुलाल की होली खेली जायेगी। उसके बाद सत्संग, संकीर्तन प्रवचन के कार्यक्रम होगा। संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने यह जानकारी दी। होली मिलन महोत्सव की सभी तैयारीयां पूरी करने मे संस्था के सह- संरक्षक बसंतकुमार गौतम,अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, बिष्णु सोनी, नन्द किशोर चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी, पुर्णमल सर्राफ, सज्जन पाडिया, सुरेश चौधरी तन मन धन से लगे हुए हैं।

# भाजपा ने जी-20 के डेलिगेट्स का गर्मजोशी से किया स्वागत

## मेहमानों को भेंट की मोदी की जीवनी नामक पुस्तक




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने जी-20 के प्रतिनिधियों को बुधवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मेहमानों को मोदी की जीवनी नामक पुस्तक भेंट की गयी। मेहमान मिस योंग जंग पार्क, मिस शैन तय व डॉ वेन एन एलिजा ऐंग का स्वागत किया गया। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, सांसद संजय सेठ, के अलावा मेयर डॉ आशा लकड़ा व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने स्वागत किया।

## खबर एक नजर में

### भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन




**रांची।** सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा के विधायकों ने नियोजन नीति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने युवाओं को रोजगार देने के मामले को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसमें भानु प्रताप शाही, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, डॉ नीरा यादव, अर्पणा सेन गुप्ता, अमर बाउरी, रणधीर सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा आदि शामिल थे। अपराहन चार बजे सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष कैद की सजा



**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी बलराम महतो को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे छह महीने अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने अभियुक्त को उक्त आरोप में 16 फरवरी को दोषी ठहराया था। अभियुक्त पर बुंडू निवासी नाबालिग को शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। बाद में शादी के वायदे से मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने नौ फरवरी 2019 को अभियुक्त के खिलाफ महिला बुंडू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान एपीपी वेद प्रकाश ने छह गवाहों को अदालत में प्रस्तुत किया था।

### पुलिस हिरासत से वारंटी को छुड़ाने के मामले में रामेश्वर महतो को मिली जमानत

**रांची।** पुलिस हिरासत से एक वारंटी को छुड़ाने के मामले में सजायाफ्ता भाजपा विधायक ढुल्लू महतो से जुड़े मामले में एक और सजायाफ्ता रामेश्वर महतो को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिली है। पूर्व में इसी मामले में ढुल्लू महतो, राजेश गुप्ता, चुनचुन गुप्ता और गंगा प्रसाद गुप्ता को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। बुधवार को प्रार्थी की ओर से दायर क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई में उनकी ओर से दायर जमानत की गुहार लगाई गई थी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट में हुई।

### शब्दकार की होली मिलन गोष्ठी संपन्न



**रांची।** झारखंड की साहित्यिक संस्था शब्दकार द्वारा बुधवार को होली मिलन गोष्ठी का आयोजन हुआ। रंग और गुलाल से भरी इस गोष्ठी ने सभी श्रोताओं और दर्शकों का अत्यंत मनोरंजन किया। हास्य कविताओं से लेकर हल्की फुहार भरी और कुछ एक गंभीर रचनाओं ने सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। शहर के 30 से ज्यादा कवियों ने यहां अपनी रंग भरी कविताएं प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में कुमार बृजेंद्र, प्रवीण परिमल, नरेश बंका, वीना श्रीवास्तव, नीरज नीर, नंदा पाण्डेय, राजीव थेपड़ा, रश्मि शर्मा, मधुमिता साहा, अजित कुमार प्रसाद, मृदुला सिन्हा, अंशुमिता, निराला पाठक, संगीता सहाय 'अनुभूति', अर्पणा सिंह, मनीषा सहाय, कविता रानी सिंह, जय माला कुमार, सुनीता अग्रवाल, पंकज पुष्कर, पुष्पा पांडे मनीषा सहाय, रजनी शर्मा चंदा आदि मौजूद थे।

## पांच आइपीएस समेत 1000 जवानों की हुई तैनाती

# जी-20 के डेलिगेट्स की सुरक्षा एनएसजी और एटीएस के हवाले

### आज रेडिशन ब्लू में कार्यक्रम का होगा आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जी-20 के प्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर एनएसजी की टीम रांची पहुंची है। एनएसजी की टीम ने बुधवार को एयरपोर्ट से लेकर रांची के सभी बड़े होटलों का जायजा लिया। एनएसजी की टीम ने रांची एसएसपी और डीसी से मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया। जी-20 समिट में कोई अनहोनी ना हो इसको लेकर लगातार सिक्योरिटी मॉकड्रिल किया जा रहा था।

### ग्रेड के अनुसार उपलब्ध करायी गयी है सुरक्षा



दो दिवसीय बैठक के दौरान जी-20 देशों के प्रतिनिधियों को उनकी सुरक्षा ग्रेड के अनुसार उपलब्ध करायी गयी है। जैसे अगर किसी को जेड या जेड प्लस स्तर की सुरक्षा पहले से मिली हुई है तो उन्हें भी यहां पर भी उसी के अनुरूप सुरक्षा दी गई है। सम्मेलन स्थल को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

> जी-20 को लेकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दी गयी है। एयरपोर्ट से लेकर सभी बड़े होटल के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। व्यवस्था पर पुलिस पदाधिकारी नजर बनाए हुए हैं। मेहमानों की सुरक्षा के लिए पांच आईपीएस समेत 1000 से अधिक जवान सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। *एसएसपी किशोर कौशल, एसएसपी*

### रेडिसन ब्लू के कर्मियों को मिली जरूरी गाइडलाइन



जी-20 में शामिल मेहमानों के स्वागत के लिए रेडिसन ब्लू होटल में ठहरने का प्रबंध किया गया है। विदेशी मेहमानों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए रेडिशन ब्लू के कर्मियों को गाइडलाइन जारी किया गया है। बताया गया है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को होटल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा और मेहमान के साथ किस तरीके से पेश आना है इसके बारे में भी बताया गया है।

### सुनील भास्कर बने रांची के प्रभारी डीआइजी

**रांची।** पुलिस मुख्यालय ने सुनील भास्कर को रांची रेंज के प्रभारी डीआईजी बनाया है। सुनील भास्कर 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। पुलिस मुख्यालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में बताया गया है कि आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए हैं और वह सीबीआई में योगदान देंगे। आईपीएस सुनील भास्कर वर्तमान में जैप डीआईजी पद पर पदस्थापित है। अधिसूचना में कहा गया है कि आईपीएस अनीश गुप्ता के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए विरमित होने के बाद रांची डीआईजी का पद खाली हो गया है। इस पद पर नियमित पदस्थापन होने तक सुनील भास्कर को अपने कार्यों के अतिरिक्त रांची रेंज डीआईजी के कार्यों को देखने का आदेश दिया जाता है।

## डीसी ने यातायात सुगम बनाने का दिया निर्देश

# ट्रैफिक जाम से परीक्षार्थियों को न होने दें कोई परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा कि सीबीएसइ एवं आइसीएसइ की परीक्षा शुरू हो चुकी है। ऐसे में विद्यार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने ट्रैफिक डीएसपी-1 व 2 को आवश्यक निर्देश दिया है। साथ ही सभी थाना प्रभारियों से भी कहा है कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गंभीर रहें। वर्तमान में सीबीएसइ और आइसीएसइ बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा क्रमशः 15 फरवरी एवं 27 फरवरी से रांची जिला अन्तर्गत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आरम्भ हो चुकी है एवं परीक्षा की अंतिम तिथि 05 अप्रैल है। इसके लिए निर्धारित समय पूर्वाह्न 10:30 बजे से पूर्व सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित का निर्देश दिया गया है।

### हाइकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार

**रांची।** भाजपा के कांके विधायक समरी लाल के कास्ट सर्टिफिकेट मामले में झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। बता दें कि एकल पीठ ने 31 जनवरी को विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र मामले में स्क्रूटनी कमिटी के आदेश को रद्द किया था। साथ ही निर्देश दिया था कि इस मामले की सुनवाई के लिए एक अलग कमिटी बनायी जाये। जिसके खिलाफ सुरेश बैठा ने झारखंड हाईकोर्ट में एलपीए दाखिल कर एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी है।

# केंद्र ने गृहणियों पर महंगाई का डाला बोझ : आलोक

### 5 मार्च को प्रधानमंत्री का पुतला जलाया जायेगा और रोषपूर्ण प्रदर्शन होगा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा कि केन्द्र सरकार अपने चरित्र के मुताबिक चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद एक बार फिर से देश की गृहणियों पर महंगाई का बोझ डाल दिया। आलोक कुमार दूबे ने कहा 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ गए हैं, वहीं 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपये का इजाफा कर होली का तोहफा दिया है। केन्द्र सरकार ने सिर्फ 2022 में दूध के दाम 8 रुपए लीटर बढ़ाये, आटे के दाम 40% तक बढ़े, मसालों के दाम 21% बढ़े, पढ़ाई के लिए लोन पर ब्याज दर बढ़ी, बेरोजगारी की दर 7.45%, पेट्रोल डीजल के दाम तो बढ़ ही रहे हैं।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कमर्शियल गैस सिलेंडर व घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में जितनी तेजी 2014 के बाद आई है उसके हिसाब से मोदी जी की चाय-पकौड़ा रोजगार योजना भी अब काम की नहीं रही है। उन्होंने कहा यह एक साधारण सी बात है कि पेट्रोलियम पदार्थों में वृद्धि के साथ ही खाने-पीने से लेकर हर वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाती हैं, अमृत काल का यह समय देशवासियों के लिए मृत काल के समान होता जा रहा है।

डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा बढ़ती महंगाई से देश की जनता कराह रही है, अडानी विकास योजना को घाटे से उबारने के लिए एवं मित्र सर्वोपरि चरितार्थ करने के लिए प्रधानमंत्री ने घरेलू गैस सिलेंडर को 50 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर को 350 रुपये महंगा कर दिया है जिसका विरोध सड़कों पर उतरकर किया जाएगा। जी-20 समिट की वजह से 5 मार्च रविवार को प्रधानमंत्री का पुतला जलाया जाएगा एवं रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा।

# अपर सचिव रैंक में इन अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

**रांची।** निदेशक बागवाणी-नेसार अहमद, जेपीएससी सचिव- रवि रंजन मिश्रा, संयुक्त सचिव स्वास्थ्य- आलोक त्रिवेदी, डीडीसी गोड्डा- संजय सिन्हा, संयुक्त सचिव ऊर्जा- विभाग मनोज जायसवाल, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम- अनिल कुमार सिंह- संयुक्त सचिव खान एवं भूतत्व विभाग- हरि कुमार केशरी, संयुक्त सचिव अनुसूचित अनुसूचित जाति-जनजाति अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग- जगबंधु महथा, परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण लातेहार- बिंदेश्वरी ततमा, निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम धनबाद- इंदु रानी, डीडीसी सिमडेगा- अरूण वाल्टर सांगा, संयुक्त सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार- दशरथ चंद्र दास, संयुक्त सचिव राजस्व भूमि सुधार विभाग- सुमन कैथरिन केरकेट्टा, संयुक्त सचिव खान विभाग- बाल किशुन मुंडा, संयुक्त सचिव कैबिनेट- लालचंद डाडेल, संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग- गायत्री कुमारी, डीडीसी रामगढ़- नागेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता रामगढ़-नेलसन एयोन बागे, संयुक्त सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग- अंजनी कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव आइटी- संजय बिहारी अंबष्ठ, संयुक्त सचिव ऊर्जा विभाग-अंजनी कुमार दुबे, संयुक्त सचिव श्रम विभाग- अमित प्रकाश, अपर समाहर्ता खूंटी- अरविंद कुमार, संयुक्त सचिव वन विभाग- राजू रंजन राम, संयुक्त सचिव श्रम नियोजन- पवन कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी- पलामू, संयुक्त सचिव स्कूली साक्षरता विभाग- अक्षय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव गृह, कारा- मनमोहन प्रसाद, डीडीसी- शशिभूषण मेहरा, संयुक्त सचिव गृह- प्रदीप तिग्गा, संयुक्त सचिव गृह, कारण पूनम प्रभा तिर्की, संयुक्त सचिव नगर विकास विभाग- ज्ञानेंद्र कुमार, क्षेत्रीय निदेशक जियाडा- रांची अजय कुमार सिंह को अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति दी गयी है।

### नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी, अब अगली सुनवाई 15 मार्च को



**रांची।** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। साथ ही सुनवाई की अगली तिथि 15 मार्च निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से रांची नगर निगम से पूछा था कि टाउन प्लानर की नियुक्ति पर क्या हुआ? आरआरडीए एवं रांची नगर निगम में रिक्त पदों पर नियुक्ति के संबंध में अब तक क्या कार्रवाई की गई।

बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132/2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था। निकायों में तय शुल्क के अलावा 30 रुपए प्रति वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

## मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने की न्यायिक दंडाधिकारियों के साथ बैठक

# पारिवारिक वादों के लिए पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान 13 से

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर विशेष मध्यस्थता का आयोजन 13 फरवरी से 17 फरवरी तक मध्यस्थता, केंद्र, रांची व्यवहार न्यायालय, रांची में होना सुनिश्चित हुआ है। अभियान में परिवार न्यायालय से संबंधित मामलों एवं उसी से संबंधित अन्य मामले जैसे-दहेज उत्पीड़न, 498ए भा०द०वि०, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण इत्यादि के मामले जो व्यवहार न्यायालय, राँची के विभिन्न न्यायालयों में लंबित है का निस्तारण आपसी सुलह-समझौतों के आधार पर किया जायेगा। इस क्रम में बुधवार को डालसा हॉल में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व डालसा सचिव की अध्यक्षता में न्यायिक दण्डाधिकारियों के साथ बैठक की गई, जिसमें मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मिथिलेश कुमार सिंह, डालसा सचिव, राकेश रंजन समेत व्यवहार न्यायालय, रांची के न्यायिक दण्डाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मिथिलेश कुमार सिंह ने अधिक से अधिक पारिवारिक वादों के निष्पादन हेतु लंबित वादों को मध्यस्थता केंद्र, रांची में भेजने के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों को निर्देश दिये। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भा0 द0वि0 की धारा-498ए के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं।

# ब्राजीली डेलिगेट्स फिलिप सेल्वा ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन



### कक्ष में जाने से पहले उतार दिये अपने जूते

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में आयोजित हो रहे जी-20 समिट में शामिल होने पहुंचे ब्राजील के डेलीगेट्स फिलिप सेल्वा ने बिरसा मुंडा पुरानी जेल स्थित संग्रहालय और पार्क का भ्रमण किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान दिया। फिलिप ने भ्रमण के दौरान कहा कि राज्य सरकार ने बिरसा मुंडा एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी से संबंधित जानकारी को बारीकी से संरक्षित किया है। यह काबिल-ए-तारीफ है। इससे आने वाली पीढ़ी को लाभ होगा। इतिहास से आने वाली पीढ़ी आसानी से परिचित होगी। भ्रमण के दौरान उन्होंने संग्रहालय में आकृति के रूप में दिखाये गये औजार, मिट्टी के बर्तन के निर्माण की कला को उत्सुकता से देखा। फिलिप ने बड़ी जिज्ञासा से आदिवासी रहन-सहन, कला संस्कृति और सभी संस्कारों के बारे में जानकारी ली। खास बात यह रही कि जब फिलिप बिरसा मुंडा के बंदी कक्ष में गये, तब उन्होंने अपना जूता उतार दिया। भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को नमन किया। मूर्तियों के रखरखाव एवं पार्क की सुंदरता की भी उन्होंने तारीफ की।

# जी-20 समिट 2023 रांची

## स्वागत से अभिभूत हुए विदेशी मेहमान






# एनआइए ने नक्सली सदन कोरह को तीन दिन की रिमांड पर लिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प. सिंहभूम जिले के गोइलकेरा में पिछले साल चार जनवरी को भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सली हमले की जांच कर रही एनआईए ने सदन कोरह उर्फ साजन को तीन दिनों की रिमांड पर लिया है। एनआई आरोपी से तीन मार्च तक पूछताछ करेगी। एनआईए ने विशेष अदालत में सात दिनों की पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन दिया था। इस पर सुनवाई के पश्चात तीन दिन की इजाजत मिली। साजन कोरह पश्चिम सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के अमराई गांव निवासी है। उक्त मामले में आरोपी को 13 फरवरी को रिमांड पर लिया गया है।

मालूम हो कि चार जनवरी 2022 की शाम झीलरुआं मैदान में आयोजित खेलकूद समारोह में शामिल पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों ने हमला कर दिया था। उन्होंने भीड़ में शामिल होकर अपनी जान बचाई थी। नक्सलियों ने मैदान में मौजूद पूर्व विधायक के तीनों अंगरक्षकों को घेर लिया था। अंगरक्षक नक्सलियों से उलझ गये। लेकिन उनकी संख्या अधिक थी। जिससे नक्सली हथियार लूटने में सफल रहे थे। नक्सलियों ने दो अंगरक्षकों की हत्या कर दी थी और एक अंगरक्षक ने घायल अवस्था में भागकर अपनी जान बचाई थी। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

# पर्यावरण की चिंता

दुनिया के करीब सवा सौ देश ब्रिटेन के ग्लासगो शहर में जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के उपायों पर विचार करने को एकत्र हुए हैं। संकट की विभीषिका को महसूस करते हुए कॉनफ्रेंस ऑफ पार्टीज नामक सम्मेलन होगा जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत शीर्ष नेता शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में पेरिस समझौते के क्रियान्वयन और आगे की रणनीति पर विचार होगा। दरअसल, पेरिस सम्मेलन में दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने हेतु वैश्विक तापमान को 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस तक रोकने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके लिये देशों ने अपने यहां कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लक्ष्य निर्धारित किये थे। लेकिन इससे वैश्विक लक्ष्य प्राप्त करने में ज्यादा मदद मिलती नजर नहीं आती क्योंकि यूएन के मुताबिक सदी के अंत तक दुनिया का तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। अनुमान है कि ग्लासगो में दुनिया के भविष्य को बचाने के लिये वैश्विक तापमान वृद्धि दर को 1.5 निर्धारित करने की मांग उठेगी, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन पर नियंत्रण किया जा सके। देशों को वह वर्ष बताना होगा जब उनका कार्बन उत्सर्जन शून्य होगा। दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक चीन वर्ष 2060 तथा दूसरा बड़ा कार्बन उत्सर्जक अमेरिका ने 2050 कार्बन न्यूट्रल होने की बात कही है। भारत जैसे देशों के लिये सम्मेलन चुनौती पेश करेगा क्योंकि इसमें बिजली उत्पादन में कोयले की निर्भरता खत्म करने पर बल दिया जायेगा। भारत, चीन व अमेरिका इसका सर्वाधिक उपयोग करते हैं। यूएन की अंतर सरकारी समिति ने दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकने के लिये कोयले पर निर्भरता को 2050 तक खत्म करने को कहा है। भारत पर भी दबाव बढ़ेगा।

# कमांड संभालती महिला

भारतीय सेना में कमांड भूमिकाओं के लिए 30 से अधिक महिला अधिकारियों की तैनाती के लिए मंजूरी मिलने के बाद अब उनकी तैनाती भी शुरू कर दी गई है। सेना की पूर्वी कमान में पहली बार तीन महिला अधिकारियों को कमांड भूमिका में तैनात किया गया है, जिन्होंने संबंधित सेना इकाइयों में कमांडिंग अधिकारियों के रूप में पदभार संभाल लिया है। महिला अधिकारियों को कर्नल पद पर प्रोन्नत करने के लिए आर्मी चयन बोर्ड गठित होने के बाद महिला अधिकारियों को कमांड रोल्स दिए जा रहे हैं।भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पहली बार कमांड भूमिकाओं पर 30 से अधिक महिला अधिकारियों की तैनाती को मंजूरी दी गई है। इन महिला अधिकारियों को कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स, सिग्नल, आयुध और इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर कोर में तैनात किया जाना है। यह पहली बार है कि भारतीय सेना में इंजीनियर्स, मिलिट्री इंटेलिजेंस, आर्मी एयर डिफेंस, आयुध और सेवा सहित शाखाओं में कमांड भूमिकाओं के लिए महिला अधिकारियों का चयन किया जा रहा है। आर्मी चयन बोर्ड से पास होने वाली महिला अधिकारियों को कमांड की भूमिका दी जाएगी। उन्हें भविष्य में इससे उच्च रैंक पर पदोन्नत किया जा सकता है।इसी तरह कर्नल रैंक पर कमांड असाइनमेंट के लिए महिला अधिकारियों के चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है। भारतीय सेना में 108 महिला अधिकारियों को कर्नल रैंक पर पदोन्नत करने के लिए आर्मी चयन बोर्ड का गठन कर दिया गया है। यह बोर्ड 108 महिला अधिकारियों को सैन्य खुफिया और इंजीनियरों सहित विभिन्न शाखाओं में कर्नल के रूप में पदोन्नत करने के लिए तैयार है। इसके अलावा महिला अधिकारियों को भारतीय सेना की कोर ऑफ आर्टिलरी में कमीशन देने का फैसला लिया है। इस बारे में एक प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है, जिस पर सेनाध्यक्ष ने जल्द ही मंजूरी मिलने

# देश को ठोस कचरा प्रबंधन की जरूरत

जी-20 देशों के प्रतिनिधियों के बीच शहरीकरण की उचित व्यवस्था एक चर्चा का विषय है। भारतवर्ष में प्रतिदिन 280 मिलियन टन ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसमें से 109.5 मिलियन टन ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है । ग्रामीण भारत में तेजी से बदलती जीवन शैली के चलते शहरी सुविधाएं और उपभोक्ता वस्तुएं सुदूर ग्रामों तक पंहुच रही हैं। इस कारण एक बार प्रयोग होने वाला प्लास्टिक और अन्य भारी पैकिंग में प्रयोग होने वाला प्लास्टिक, दवाई की बोतलें, शीशा, आदि दूरदराज के गांव तक पंहुच रहा है। गांव में कोई कचरा प्रबंधन व्यवस्था न होने के कारण यह काम केवल अनौपचारिक कबाड़ियों के ही भरोसे है। कबाड़ी भी हर प्रकार का ठोस कचरा स्वीकार नहीं करते हैं । केवल वही कचरा लेते हैं जिसकी पुनः चक्रीकरण बाजार में अच्छी मांग है । इस तरह केवल 10 फीसद कचरा ही उठ पाता है। शेष सड़कों, खेतों, सिंचाई व्यवस्था और नदियों में खप रहा है। आम लोगों को जहां कचरा परेशानी देता है, वह उसे एकत्र कर जला देते हैं। उन्हें जरा भी इस बात का भान नहीं है कि प्लास्टिक से निकलने वाला धुआं स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है। इसी तरह बैटरियां और इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी खतरनाक स्तर तक फैलता जा रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो कोई हैरानी नहीं होगी जब गांव कचरे से पटे टापू दिखने लगेंगे।

पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिलने और स्वच्छता अभियान के बाद यह आशा जगी थी कि कोई रास्ता निकलेगा। किंतु केवल जागरुकता से ही ऐसी पेचीदा समस्याओं का समाधान निकलना संभव नहीं होता । इसके लिए टिकाऊ संस्थागत व्यवस्था होना जरूरी होता है। मगर पंचायतों में अभी ऐसी व्यवस्था पनप नहीं सकी है। पंचायत प्रतिनिधि और कर्मचारी दूसरे निर्माण कार्यों में व्यस्त रहते हैं और इस विषय को अधिमान भी कम ही देते हैं। हालांकि कई जगह कचरा एकत्रण के लिए कमरे बनाए गए हैं किंतु एकत्रण के लिए कर्मचारी व्यवस्था न होने के कारण लोगों से यह उम्मीद करना कि वे अपने अपने घर से कचरा उठा कर कचरा गृह तक पहुंचा देंगे, व्यवाहारिक नहीं लगता है। पंचायतों को इस दिशा में सक्रिय करने के लिए विशेष टाइड फंड देकर सक्रिय किया जा सकता है। प्रति परिवार स्वच्छता कर लगा कर भी कुछ राशि एकत्र की जा सकती है। स्थानीय





-अंकिता गोस्वामी

> एक बार प्रयोग होने वाला प्लास्टिक और अन्य भारी पैकिंग में प्रयोग होने वाला प्लास्टिक, दवाई की बोतलें, शीशा, आदि दूरदराज के गांव तक पंहुच रहा है। गांव में कोई कचरा प्रबंधन व्यवस्था न होने के कारण यह काम केवल अनौपचारिक कबाड़ियों के ही भरोसे है। कबाड़ी भी हर प्रकार का ठोस कचरा स्वीकार नहीं करते हैं । केवल वही कचरा लेते हैं जिसकी पुनः चक्रीकरण बाजार में अच्छी मांग है ।

दुकानदारों या अन्य व्यवसायिक संस्थाओं से भी कुछ राशि ली जा सकती है।

कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत उद्योगों से भी पंचायतों को आर्थिक संसाधन खड़ा करने के लिए मदद दिलाई जा सकती है । इस तरह आर्थिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद कचरा गृह के लिए स्थान तय करके निर्माण के बाद सौ-डेढ़ सौ घरों पर एक कार्यकर्ता रखना होगा जो रोज घर-घर जाकर कचरा एकत्र करके कचरा गृह पंहुचा सके। इससे पहले प्रत्येक घर तक यह जागरुकता पंहुचाना जरूरी है कि वे प्लास्टिक कचरा व अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करें। रसोई का गीला कचरा खाद बनाने के लिए खड्डा (गड्ढा) बना कर इस्तेमाल कर लें। बैटरियां और अन्य इलेक्ट्रॉनिक कचरा अलग रखें। इनको अलग-अलग करने के बाद ही कचरे का उपचार किया जा सकता है।

यह बात लगातार ग्रामीणों को समझानी होगी ताकि इसमें कोई ढील न आ जाए। बैटरियां और इलेक्ट्रॉनिक कचरा अलग से बेचने की व्यवस्था की जाए। जो प्लास्टिक कबाड़ी उठा ले, वह बेच दिया जाए। अन्य गत्ता आदि भी बिक जाता है। इसके बाद जो कचरा बच जाए उसके निपटान की व्यवस्था सरकार को करनी होगी। इसके लिए सीमेंट प्लांट और अन्य ईंधन की मांग रखने वाले उद्योगों से बात की जा सकती है या फिर किसी केंद्रीय स्तर पर इन्सिनरेटर लगा कर कचरे को जलाकर बिजली भी बनाई जा सकती है।

इन्सिनेरेटर में प्लास्टिक जलाने से हानिकारक धुआं वातावरण में फैलने का खतरा रहता है, किंतु आजकल अत्याधुनिक तकनीक से बने इन्सिनेरेटर बिलकुल मामूली धुआं ही छोड़ते हैं। 98.8 फीसदी धुआं जल कर समाप्त हो जाता है। कुछ प्लास्टिक को उच्च तापमान पर गर्म करके डीजल ईंधन में तबदील किया जा सकता है। इस तरह से पूरी व्यवस्था को नए सिरे से खड़ा करके कचरे से गांव को बचाया जा सकता है। जो कंपनियां अपने माल को पैक करके कचरा फैलाती हैं उनको भी जिम्मेदार बनाया जा सकता है कि वह कचरा वापस लें। जैसे की शीतलपेय की कांच की बोतलें लगातार कंपनियां वापस लेती हैं। यह सब करने के बाद भी हो सकता है कि कुछ कचरा बच जाए। उसके लिए डंपिंग के लिए सुरक्षित जगह निश्चित हो जहां जल स्रोतों और जमीन को कोई खतरा न हो। वहां उसे डंप किया जाना चाहिए। इसके बाद जो कचरा बच जाए उसके निपटान की व्यवस्था सरकार को करनी होगी। इसके लिए सीमेंट प्लांट और अन्य ईंधन की मांग रखने वाले उद्योगों से बात की जा सकती है या फिर किसी केंद्रीय स्तर पर इन्सिनरेटर लगा कर कचरे को जलाकर बिजली भी बनाई जा सकती है।

इसमें ग्रामीण समाज की बड़ी जिम्मेदारी बनती है क्योंकि कचरे की हानि से वही शिकार होते हैं। इसलिए व्यापक जन जागरुकता अभियान साथ-साथ चलते रहने चाहिए। लेकिन प्रबंधन व्यवस्था स्थापित किए बिना जागरुकता भी विफल ही सिद्ध होती है। खतरा बढ़ता जा रहा है कि अगर इसी तरह बैटरियां और इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी खतरनाक स्तर तक फैलता जा रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो कोई हैरानी नहीं होगी जब गांव कचरे से पटे टापू दिखने लगेंगे। आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण की समस्या है और इसको लेकर हमें सजग रहने की आवश्यकता है। हमारे शहर जिस प्रकार से प्रदूषित हो रहें हैं उससे यह तय हो गया है कि अब इस क्षेत्र में युद्ध स्तर पर प्रयास की आवश्यकता है। सिर्फ संसदीय समिति बनाकर कुछ नहीं हो सकता है। दुनिया के शीर्ष कचरा प्रबंधन करने वाले देशों की तकनीक समझौता कर हम कचरा से बिजली सहित गैस का उत्पादन बड़ें पैमाने पर कर सकते हैं। आने वाला समय भी बेहतर तकनीक और प्रबंधन का ही है।

(प्रशिक्षु, संतजेवियर कॉलेज रांची)

## खास बात

### जलवायु परिवर्तन पर गंभीरता की जरूरत

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**संपन्न** राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं।

जी-20 के भारत में सम्मेलन का एक मुख्य मुद्दा भी पर्यावरण ही है। उन सम्मेलनों में उन राष्ट्रों ने सबसे ज्यादा डींगें हांकी थीं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा गर्मी और प्रदूषण फैलाते हैं। उन्होंने न तो अपना प्रदूषण दूर करने में कोई मिसाल स्थापित की और न ही उन्होंने विकासमान राष्ट्रों के लिए अपनी जेबें ढीली कीं ताकि वे गर्मी और प्रदूषित गैस और जल से मुक्ति पा सकें। संपन्न राष्ट्रों ने विकासमान राष्ट्रों को हर साल 100 बिलियन डॉलर देने के लिए कहा था ताकि वे अपनी बिजली, कल-कारखानों और वाहन आदि से निकलने वाली गर्मी और प्रदूषित गैस को घटा सकें। वे सौर-ऊर्जा, बैटरी और वायु-वेग का इस्तेमाल कर सकें ताकि वातावरण गर्म और प्रदूषित होने से बच सकें। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका ने तो पेरिस समझौते का ही बहिष्कार कर दिया। ये सब संपन्न देश चाहते थे कि अगले तीस साल में जलवायु प्रदूषण याने कार्बन-डाइआक्साइड की मात्रा घटे और सारे विश्व का उष्मीकरण ज्यादा से ज्यादा 2 डिग्री सेल्सियस तक हो जाए।

इस विश्व-तापमान को 1.5 डिग्री तक घटाने का लक्ष्य रखा गया। अमेरिका और यूरोपीय देश, जो सबसे ज्यादा गर्मी फैलाते हैं, उनका दावा है कि वे 2050 तक अपने तापमान को शून्य तक ले जाएंगे। वे ऐसा कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। वे यह कर भी सकते हैं, क्योंकि उनके पास वैसी तकनीक है, साधन हैं, पैसे हैं लेकिन यही काम वे इस अवधि में वैश्विक स्तर पर हुआ देखना चाहते हैं तो उन्हें कई वर्षों तक 100 बिलियन नहीं, 500 बिलियन डॉलर हर साल विकासमान राष्ट्रों पर खर्च करने पड़ेंगे।

ये राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं। क्या वे नहीं जानते कि सारी दुनिया में तापमान-वृद्धि का दोष उन्हीं के माथे है?

# वन गमन की आज्ञा

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** के वन गमन को लेकर आमसोच यह है कि पिता की आज्ञा से वे वन गये। लेकिन राम के मोह से आहत महाराज दशरथ इस स्थिति में नहीं थे कि कोई आज्ञा दे सके। प्रजा के सामने तो आज्ञा गुरु वशिष्ठ से ही ली और यही सच है। श्री राम अपने जीवन काल में दो बार ही अयोध्या से बाहर निकले हैं औरदोनों बार गुरु के आदेश से ही निकले हैं। पहली बार जब जनकपुर गये तो राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे लेकिन गुरु वशिष्ठ क समझाने के बाद तैयार हुए। दूसरी बार जब जंगल गये तो कैकेयी जी का नाम दिया जरूर लेकिन राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे। ह्दय मानाव भोरु हाई । रामहिं जाई कहै जनि कोई। राम न जाए ऐसा दशरथ सोच रहे थे। वे जंगल अगर गये है तो पिता की आज्ञा से नहीं गये हैं बल्कि गुरु की आज्ञा से गये हैं। लेकिन नीतिवश जब कही भी बात होती है तब श्रीराम कहते हैं हैं कि वे पिता की आज्ञा से वन में गये हैं। जब हुनमान जी से परिचय हुआ था तब श्रीराम ने कहा था कि हम पितृ बचन मान वन आये। तो ये दिखा रहें हैं कि वे पिता की मर्यादा की भी रक्षा करना चाहते हैं। दुनिया यह नहीं समझें कि दशरथ जी इनको नहीं भेजे हैं। ये कहते हैं पिता ने हमको भेजा है वे वरदान दिये थे उसी वरदान के तहत भेजा है। एक ओर मर्यादा की भी रक्षा कर रहे थे तो दूसरी ओर अपनी भक्ति भी कर रहे थे। प्रजा के समझ जो बात सामने आई थी वही मूल बात थी क्योंकि गुरु आज्ञा से ही श्री राम ने अपने जीवन को धर्म रक्षित किया था। इसी कारण वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये। श्री राम की गुरु भक्ति संपूर्ण संसार के लिये प्रेरणा की श्रोत है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

> **मानवीय** सभ्यता के विकास में वैज्ञानिक अनुसंधानों के महत्व की विवेचना,युवाओं में शोधात्मक प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन एवं समाज में वैज्ञानिक विमर्श दृष्टिकोण के प्रसार के लिए मनाए जाने वाले #राष्ट्रीयविज्ञानदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ ।
>
> – **अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

> **प्रधानमंत्री** के जादू ने 2014 में 609वें रैंक वाले अडानी को दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बना दिया। राजनीति और व्यापार के ऐसे रिश्ते से मित्र का बिजनेस कैसे बढ़ाएं, इसमें मोदी जी को गोल्ड मेडल मिलना चाहिए।
>
> – **राहुल गांधी**





> **जीवन** को जानना एक खोज है, उसे कुछ भूल-भटककर ही जाना जा सकता है ।
>
> कभी पश्चात्ताप के स्वर में मैंने भी कहा था , जीवन भूल का इतिहास है।
>
> – **अमिताभ बच्चन**

# 1932 में पहली बार मनाया गया था संस्थापक दिवस

**सत्येन्द्र सिंह**

**टाटा** स्टील द्वारा पहली बार संस्थापक दिवस समारोह 3 मार्च 1932 को मनाया गया था। इसकी परिकल्पना सबसे पहले श्री डी.एम. मदन ने की थी। शुरूआत से ही इस समारोह ने समग्र रूप से कंपनी के प्रति व्यापक वफादारी के साथ विभागीय उत्साह भरने के पैटर्न का अनुसरण किया। संस्थापक दिवस ने पूरे स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को उस दूरदर्शी की स्मृति के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया, जिनकी आस्था और निर्णय, ऊर्जा और दृढ़ता के स्थायी गवाह

जमशेदपुर और इसकी परिधि में मौजूद वर्क्स और शहर हैं।

यह दुखद लेकिन दिलचस्प है कि 1939 में जब पूरा देश हमारे संस्थापक की शताब्दी समारोह में उत्साहपूर्वक व्यस्त था, जमशेदपुर में 3 मार्च को श्रमिक संघ द्वारा पैदा की गई गड़बड़ी के कारण कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ था।

अगला महत्वपूर्ण वर्ष 1958 था, जो टाटा स्टील की स्वर्ण जयंती का वर्ष था। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। स्वर्ण जयंती समारोह 1 और 2 मार्च 1958 को आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नेहरू एक दिन पहले 2 तारीख को वापस लौट गए और संस्थापक दिवस देखने के लिए नहीं रुके। हमेशा की तरह 3 मार्च 1958 को संस्थापक दिवस समारोह में झांकियों का काफिला देखा गया, ये

## स्थापना पर्व





झांकियां श्रमिकों द्वारा कई दिनों के श्रम का परिणाम थीं। रंग बिरंगी, सरल और आकर्षक झांकियों ने सड़क पर कतार में खड़ी भीड़ से तालियाँ बटोरी।

1967 डायमंड जुबिली वर्ष था। संस्थापक दिवस समारोह हमेशा की तरह समय की कसौटी पर खरे उतरे।

1982 में टाटा स्टील 75 साल की हो गई। संस्थापक दिवस समारोह प्लेटिनम जुबली समारोह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी मुख्य अतिथि थीं।

टाटा स्टील ने 1989 में जे.एन. टाटा की 150वीं जयंती मनाई। इस साल के संस्थापक दिवस को अभी भी टाटा स्टील के इतिहास में सबसे दुखद दिन माना जाता है। आग लगने की एक घटना ने कई लोगों की जान ले ली।

संस्थापक दिवस शुरू होने के बाद पहली बार, 1990 में संस्थापक दिवस समारोह नहीं मनाया गया।

2004 संस्थापक की मृत्यु और जेआरडी टाटा तथा नवल टाटा की जन्म शताब्दी थी। समारोह में सभी महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई।

2007 शताब्दी वर्ष था; इसी साल कोस टाटा स्टील का हिस्सा बना था। श्री फिलिप वरिन और श्री जिम लेंग जैसे वरिष्ठ कोरस अधिकारी संस्थापक दिवस समारोह में शामिल हुए।

## कार्टून वर्ल्ड





## लेटर टू एडिटर

### निर्माण में कोताही

**प्राकृतिक** आपदाओं से बचाव के लिए परमात्मा ने व्यक्ति को बुद्धि प्रदान की है। अफसोस इस बात का है कि व्यक्ति इस बुद्धि का उपयोग अधिक धनोपार्जन के लिए भ्रष्टाचार को समर्पित कर देता है। सार्वजनिक निमार्णों में कोताही बरती जाती है। प्रयुक्त घटिया निर्माण सामग्री ऐसी विपदाओं में अधिकाधिक जानलेवा साबित होती है।

**-सुरेन्द्र सिंह, रांची**

### निर्माण की जांच

**भारत** के कई इलाके विशेषकर उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और हिमालय पर्वतमाला भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। इन क्षेत्रों में आए भूकंपों से भी भारी जान-माल की तबाही हुई है। भूकंपरोधी इमारतें बनाने की तकनीक का काफी विकास हुआ है। निश्चित रूप से त्रासदियों से सबक लिया जाना चाहिए। विशेषज्ञों द्वारा कड़ी जांच होनी चाहिए।

**- विवेकानंद, हजारीबाग**

# ग्लोबल वार्मिंग से प्रभावित पूरी दुनिया और प्राकृतिक तंत्र



**इस्मीत कौर**

ग्लोबल वार्मिंग एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो हमारी धरती के लिए गंभीर खतरा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण और मानवता दोनों को नुकसान हो रहा है।

ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है। हमारी धरती पर गंभीर बदलाव हो रहे हैं जैसे कि समुद्र तटों का स्तर बढ़ रहा है, बर्फ के पिघलने का तापमान बढ़ रहा है, जंगलों की कटाई और उष्णकटिबंधीय वातावरण के खो जाने के कारण हमारी धरती के जीव-जंतुओं को नुकसान हो रहा है।

वृक्षों की कटाई के कारण हमारी धरती की जड़ें खत्म हो रही हैं और इससे वातावरण में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है

व्याधियों में बढ़ोतरी हो रही है और स्वस्थ जीवन जीना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण तूफानों, बाढ़ों, भूकंपों, और बढ़ते हुए तापमान के कारण आगंतुकों को भी परेशानी हो रही है।

हम पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचाएं। हमें अपनी गाड़ियों की उत्पत्ति और उन्हें चलाने के तरीकों को भी संशोधित करना चाहिए। हमें ऊर्जा की संभावनाओं को बढ़ाने के साथ ही अल्टर्नेटिव ऊर्जा स्रोतों की खोज करनी चाहिए। आज के वातावरण में प्रदूषण निम्न रूपों में दिखाई पड़ता है-1. वायु प्रदूषण, 2. जल प्रदूषण, 3. ध्वनि प्रदूषण, 4. रासायनिक प्रदूषण ।

## पर्यावरण

1. वायु प्रदूषण झ वायुमण्डल में विभिन्न प्रकार की गैसें एक विशेष अनुपात में उपस्थित रहती हैं। जीवधारी अपनी क्रियाओं द्वारा ऑक्सीजन और कार्बन डाइ ऑक्साइड छोड़ते रहते हैं। हरे पौधे प्रकाश की उपस्थिति में कार्बन डाइऑक्साइड लेकर ऑक्सीजन निष्कासित करते रहते हैं। इससे वातावरण में ऑक्सीजन और कार्बन डाइ ऑक्साइड का सन्तुलन बना रहता है, किन्तु मानव अपने अज्ञानवश और आवश्यकता के नाम पर इस सन्तुलन को नष्ट करता रहता है।

2. जल प्रदूषण- सभी जीवधारियों के लिए जल बहुत महत्त्वपूर्ण और आवश्यक है। पौधे भी अपना भोजन जल माध्यम से प्राप्त करते हैं। यह भोजन पानी में घुला रहता है। जल में अनेक प्रकार के खनिज तत्त्व, कार्बनिक-अकार्बनिक पदार्थ तथा गैसें घुली रहती हैं। यदि जल में यह पदार्थ आवश्यकता अधिक मात्रा में हो जाते हैं तो जल प्रदूषित होकर हानिकारक हो जाता है।

3. ध्वनि प्रदूषण- ध्वनि प्रदूषण आज की एक नयी समस्या है। इसे वैज्ञानिक प्रगति ने पैदा किया है। मोटर-कार, ट्रैक्टर, जेट विमान, कारखानों के साइरन, मशीनें तथा लाउडस्पीकर आदि ध्वनि के सन्तुलन को बिगाड़कर ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करते हैं। तेज ध्वनि में श्रवण-शक्ति का ह्रास होता है और कार्य करने की क्षमता पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। कभी-कभी पड़ोस में लाउडस्पीकर बजने से रात भर नींद नहीं आती। इससे अनेक प्रकार की बीमारियाँ पैदा हो जाती हैं। अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण से मानसिक विकृति तक हो सकती है।

4. रासायनिक प्रदूषण- कारखाने से बहते हुए अवशिष्ट द्रव्यों के अलावा खाद्यान्न की उपज में वृद्धि की दृष्टि से प्रयुक्त कीटनाशक दवाइयों से और रासायनिक खादों से भी स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ये पदार्थ पानी के साथ बहकर नदियों, तालाबों और अन्ततः समुद्र में पहुँच जाते हैं और जीवन को अनेक प्रकार से हानि पहुंचाते हैं।

(प्रशिक्षु संत जेवियर कॉलेज रांची)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी पंचायत के आजाद नगर रामनवमी मैदान स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार से चल रहे श्रीश्री हनुमान जी प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ बुधवार को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न हो गया। वृंदावन के आर्चाय रामाधार पांडेय, हिमांशु, दीपक और सीताराम वैद्य ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूरे विधि-विधान से अराध्य देवी देवताओं का आह्वान करते हुए भावान हनुमान जी के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा करवाया। पूजा में बतौर यजमान मनोज कुमार चन्द्रवंशी और सुनील कुमार साव सपत्नी शमिल हुए। इस दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान आदि आराध्य देवी-देवताओं के जयकरों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन, पुर्णाहुति के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। इसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारा का शुभारंभ सीसीएल बरका-सयाल कार्मिक प्रबंधक एके मल्लिक ने भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इसके पूर्व मंगलवार की शाम हनुमान जी के प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण हुआ। इसमें ढोल-नगाड़ों के बीच नाचते-गाते सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। मौके पर सीसीएल सीएसआर कार्मिक प्रबंधक रिषभ कुमार, रोहित, केदार राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। महायज्ञ को संपन्न कराने में पूजा समिति के अध्यक्ष ष्ण कुमार, सचिव अजीत कुमार, सह कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, संरक्षक सह मुखिया उपेन्द्र शर्मा, संरक्षक सह पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, विशाल, दीपक कुमार, विजय, सूरज, रंजीत, अमन, उज्जवल, जितेंद्र, आकाश चौधरी, राजा, आशीष, सुनील साव, विकास, आकाश, अनील, सचिन राणा, रोशन, आकाश, सूरज, शंकर महली, रौनक, रौशन, अविनाश, आशीष, अभय, उत्तम रोहित, मो. कलाम अंसारी, बिरेंद्र बेदिया, अनुज, लक्की, चंदन कुमार सिंह, निखित, चिक्कू, सुशांत, ऋषि, पवन आदि का विशेष योगदान रहा।

### आइटीआइ के छात्रों का ओरियंटेशन कैंप



बासल (रामगढ़)। ओपी जिंदल कम्युनिटी कलेज पतरातू में आईटीआई पास और अंतिम वर्ष में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए बुधवार को प्लेसमेंट ओरियंटेशन कैंप का आयोजन हुआ। इसमें करीब 100 छात्रों ने भाग लिया। ओरियंटेशन कैंप में जिंदल स एलएलसी आबूधाबी और एनएसडीसी के प्रतिनिधि दीपक शुक्ला, ओपीजेसीसी के प्लेसमेंट समन्वयक राहुल उपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित थें। बताया गया कि सभी प्रशिक्षणार्थियों को अगले दो तीन सप्ताह के अंदर सभी आवश्यक नियम शर्तों को पूरा कर अंतिम साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा। मौके पर संस्थान के प्राचार्य अजय पांडेय ने विद्यार्थियों को बताया ओपीजेसीसी से प्रशिक्षित पूर्ववर्ती छात्रों के शत प्रतिशत प्लेसमेंट जो कि भारत के विभिन्न बड़ी कंपनियों जैसे टाटा स्टील, जेएसपी, मारुति सुजुकी, जिंदल स अबूधाबी, सीसीएल में चयनित व कार्यरत हैं। प्लेसमेंट कैंप में छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई।

### प्रवचन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



भदानीनगर। भदानीनगर क्षेत्र के चैनगडा महतो टोला में बुधवार से तीन दिवसीय श्रीश्री हनुमान जी महाराज प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शंखनाद हुआ। 151 कलशों से सजी इस यात्रा में श्रद्धालु महिला-पुरूष मंदिर प्रांगण से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए चैनगडा ओवरब्रिज के रास्ते दामोदर नदी पहुंचे। जहां पुरोहित पुरोहित अजय मिश्रा ने पूरी विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरवाया। इसके बाद पुनः कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंचा। यहां कलशों की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। महायज्ञ के प्रथम दिन पुरोहित अजय मिश्रा द्वारा विशेष पूजन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। वहीं रात्रि में प्रवचन का आयोजन हुआ। जिसमें प्रवचनकर्ता राजेंद्र व्यास, सोनी कुमारी ने अपनी अमृत वाणी की वर्षा में श्रद्धालुओं को भिगोए रखा। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि 3 मार्च को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा व हवन पुर्णाहुत के बाद भव्य भंडारा का आयोजन के साथ महायज्ञ का समापन होगा। 3 मार्च तक तीनों दिन में प्रवचन पाठ का आयोजन होगा। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालु-महिला पुरूष शामिल होंगे। महायज्ञ को सपन्न कराने में अध्यक्ष हीरालाल महतो, उपाध्यक्ष निरंजन महतो व डॉ.निरंजन महतो, सहायक अरविंद उपाध्याय, सचिव अरूण महतो, बिट्टू महतो आदि जुटे हैं।

### महिला की जमीन पर जबरन कब्जा

भुरकुंडा। गांधी नगर सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी उषा देवी जमीन पर जबरन कब्जा कर लेने को ले भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि माता गीता देवी के नाम पर खाता नंबर 7, प्लॉट नंबर 13 एकवा 32 डिसमिल और खाता नंबर 29, प्लॉट संख्या 14, रकवा 32 डिसमिल मौजा मतकमा है। उक्त जमीन पर रामगढ़ एसडीओ कोर्ट में कांड संख्या 216/23 के तहत 144 लगा हुआ है। बाबजुद इसके कुछ लोग पिछले 25 फरवरी की रात में चाहरदीवारी तोड़ दिया। कहा गया कि कुछ लोग उनकी जमीन पर कब्जा करने में जुटे हुए हैं। जबकि मामला को लेकर रामगढ एसपी, उपायुक्त, एसडीओ, एसडीपीओ पतरातू, सीओ पतरातू सहित अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई है। उक्त जमीन की जांच कर न्याय की गुहार पीड़िता ने पुलिस से लगाई है।

# रामगढ़ में धारा 144 लागू

## उपायुक्त और एसपी ने मतगणना केंद्र का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। गुरुवार को मतगणना को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सर्वप्रथम मतगणना के मद्देनजर प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों/ अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/ कर्मियों को संयुक्त रूप ब्रीफ कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी दंडाधिकारियों/ अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/ कर्मियों को मतगणना के मद्देनजर जारी संयुक्त जिला आदेश को अच्छी तरह से पढ़ लेने, प्रतिनियुक्ति स्थल एवं स्थल पर किए जाने वाले कार्यों को अच्छी तरह से समझ लेने का निर्देश दिया। अलग-अलग प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अधिकारियों को उन्होंने बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नही देने का निर्देश दिया। मतगणना के दिन भीड़ भाड़ होने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी दण्डाधिकारियों एवं अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों आदि को अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों/अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/ कर्मियों को मतगणना के दिन ससमय अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर दायित्वों का निर्वहन करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

ब्रीफिंग के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी को मतगणना के मद्देनजर जारी धारा 144 के विभिन्न प्रावधानों एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# शांतिपूर्वक मनायें पर्व : डीसी

### रामनवमी, होली और शब ए बारात को लेकर डीसी और एसपी ने की बैठक, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




हजारीबाग। रामनवमी, होली व शब ए बारात को शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहाद्र के साथ मनाये जाने के लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में विधि व्यवस्था की समीक्षात्मक बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय व पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक की सबसे बड़ी बात यह रही की पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन ने रामनवमी में चलंत डीजे पर मनाही जारी रखी है।

बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को रामनवमी, होली त्योहार को लेकर सभी लाइन डिपार्टमेंट यथा पेयजल विभाग,बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर सेफ्टी,नगर निगम को चुस्त दुरुस्त रहने का निर्देश दिया। वहीं बिजली विभाग को पावर कट, शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली आपूर्ति, यत्र तत्र झूलते तारो को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। त्योहारों के दौरान किसी भी दुर्घटना की स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग को सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील अवस्था में रखने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। नगर निगम क्षेत्रो में की साफ सफाई, जुलूस मार्गो में पड़ने वाले शौचालय को क्रियाशील रखने सहित पेयजल वालो स्थानों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी थाना प्रभारी से अपने अपने क्षेत्र के संदिग्धों पर 107 की कारवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में की गई कारवाई को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियों चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। रुट लाइन पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

मौके पर मौजुद एक्साइज डिपार्टमेंट को होली पर्व के दिन शराब की बिक्री पर रोक समेत अनुज्ञति प्राप्त शराब के प्रतिष्ठानों को बंद रखें जाने का आदेश निकालने को कहा।उन्होंने कहा कि जूलूस की गतिविधियों को ड्रोन/सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार वीडियोग्राफी भी की जाएगी। साथ ही रामनवमी के अवसर पर जबरन चंदा वसूली करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं सोशल मीडिया के दुरूपयोग, भ्रामक तथा भड़काउ पोस्ट करने वाले एडमिन व संबंधित व्यक्तियों पर फौरी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही शहरी क्षेत्र में अवस्थित हॉस्टल/लॉज में रहे रहे छात्रों का मोबाईन नं. एवं आधार कार्ड का सत्यापन संबंधित थाना प्रभारी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राकेश रोशन,एसडीओ सदर/बरही, जिलास्तरी पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी सहित कई अन्य मौजूद थे।

### विष्णुगढ़ अंचल में 11 बजे पहले नहीं आते हैं कर्मी

विष्णुगढ़। कहा जाता है की समय बहुमूल्य,प्रत्येक कार्यों लिए समय निर्धारित है आदि समय को लेकर कई बातें की जाती है` एक समय था जब पदाधिकारी अपने कर्मचारीयों को ऑफिस लेट लतीफ आने पर फटकार और टांट पिलाते थे,ऑफिस समय पर आने की हिदायत दी जाती थी, लेकिन विष्णुगढ़ में आज हालात यह है की अधिकारी खुद अपनी ऑफिस टाइम पर नहीं आते , जबक कि इनका लगभग सौ से दो सौ मीटर पर सरकारी आवास है, बावजूद चार चक्के से सौ दो सौ मीटर की दूरी तैय करने में इन महाशय को 11 बजते है, बजे भी क्यों नहीं, ठहरे जो पदाधिकारी! साहब यह हाल विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय का है ` 10:40 में अंचल के एक कर्मी से अधिकारी के आगमन की बात पूछे जाने पर स्टॉफ भी कुन मुनाते हुवे होले से बताता है की अइबे करेंगे कही मीटिंग उटिंग तो है नहीं क्या करियेगा साहब का यही टाइमे है तो । अब साहब का यही टाइम है तो इनके कर्मचारियों का क्या होगा? अपना काम के लिए आएं तो समय को ध्यान में रख कर लें, वर्ना चक्कर काटते रह जाओगे ।

### केरेडारी में एनटीपीसी ने किया रोडलाइंस का लाइसेंस रद्द

केरेडारी। एक जमाना था जब लाइसेंस मिल जाने के बाद कंपनियों और उसके मालिक खुद को बॉस समझते थे मनमाने ढंग से जब चाहे जैसे चाहे वे काम किया करते थे। लेकिन आज के बदलते भारत में यह संभव नहीं है आज हमारे देश की व्यवस्था ऐसी बन रही है जिसमें काम करने वालों को पहचान मिलती है उन्हें प्रश्रय दिया जाता है। ऐसे ही घटना चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में कार्यरत जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ घटी है। ट्रांसपोटिंग लाइसेंस मिलने के बाद से ही कंपनी मनमानी तरीके से काम कर रही थी। जय अंबे रोडलाइंस कोयला ट्रांसपोटिंग के लिए कंपनी को अपेक्षित संख्या में ट्रक उपल्बध कराने में भी असमर्थ है। कंपनी के दिशा निर्देशों का पालन किए बिना यह अपने अड़ियल रवैया के साथ काम कर रही थी इस वजह से एनटीपीसी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इन्हीं हरकतों से तंग चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने लाइसेंस रद्द कर दिया। गौरतलब है कि इसी साल 5 जनवरी को ही इस कंपनी को चट्टी बरियातू ने कोयला ट्रांसपोटिंग करने के लिए लाइसेंस जारी किया था लेकिन कंपनी के दिशानिदेशों का सही ढंग से न पालन करने की वजह से बीते दिन लाइसेंस रद्द कर दिया गया।

# बरही में डॉक्टरों की हड़ताल से ओपीडी ठप



बरही। अपराधिक तत्वों के द्वारा डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर हाल के दिनों में राज्य के अलग-अलग अस्पतालों में डॉक्टरों ने ओपीडी सेवाएं बंद कर दी है। मामला अब डॉक्टरों पर आए दिन हो रहे हमले को लेकर बरही में भी आक्रोश देखने को मिला है। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट समेत अन्य मांगों के पूरा नहीं होने से नाराज बरही के चिकित्सक हड़ताल पर रहे। बरही अनुमंडलीय अस्पताल समेत बरही के सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों की ओपीडी बुधवार को पूरी तरह बंद रही। इधर बरही अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी बंद होने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, इमरजेंसी में चिकित्सक अपनी सेवाएं देते नजर आए। बता दें कि आईएमए और झासा के बैनर तले जिले के तमाम चिकित्सक हड़ताल पर बैठे रहे और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि पूरे राज्य में डॉक्टरों पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसके बावजूद सरकार मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं कर रही है, ऐसे में नहीं चाहते हुए भी उन्हें मरीजों को कष्ट देकर हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मो इबरार ने कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं होने से राज्य के तमाम डॉक्टरों में असुरक्षा की भावना है। सुरक्षित माहौल नहीं मिलने से डॉक्टर मरीजों का बेहतर ढंग से इलाज भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 5 सालों से मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग हो रही है, लेकिन सरकार ने अब तक आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं दिया है।अनुमंडलीय अस्पताल में विरोध प्रदर्शन करने के दौरान डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ अमन कुमार, डॉ एजाज, डॉ मेराजुल इस्लाम, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ पवन कुमार, संतोष कुमार, सुधांशु शेखर, एएनएम इंदु सिन्हा, शाहिद अली, अब्दुल्ला अंसारी सहित अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मी मौजूद रहे।

# टीबी नहीं है लाइलाज बीमारी : नीलम

### मुखिया नीलम देवी ने पांच टीबी मरीजों को दी सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। भारत को टीबी मुक्त देश बनाने की लिए सरकारी तौर पर प्रयासरत है।इसके लिए वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए हर दिन नए-नए प्रयास हो रहे हैं।जिसके तहत अनुमंडलीय अस्पताल बरही में चिकित्सीय उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में प्रखंड के बसरिया (पंचमाधव) मुखिया नीलम देवी ने 5 टीवी मरीजों को गोद लेकर द्वितीय किस्त का पोषण सामग्री का वितरण किया। द्वितीय किस्त के पोषण सामग्री मुखिया नीलम देवी द्वारा रामलाल यादव, बद्री राम, सरयू भुइयां, भिखन यादव, मुनिया देवी को वितरण किया गया। इस दौरान नि-क्षय पोषण योजना के लाभ के साथ भूना चना, सत्तू, सोयाबिन, गुड़, मूंगफली, बिस्किट आदि खाद्य पदार्थो का एक किग्रा का पैकेट भी दिया गया। वही कुछ टीबी मरीजों ने इलाज से संबंधित अपने अनुभव भी साझा किए। मुखिया नीलम देवी ने कहा कि सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ऐसे मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन हम जैसे सामाजिक कार्यकताओं से टीबी रोगियों का हौंसला बढ़ जाता है, जब उन्हें यह पता लगता है कि परिवार के अलावा भी ऐसे लोग समाज में हैं जो उनकी परवाह करते हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता करते हैं।उन्होंने कहा कि टीबी लाइलाज नही है।यदि रोगी को नियमितरूप से दवा देने के अलावे पोषक आहार मिलता रहे तो निश्चित ही बीमारी ठीक हो सकता है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि सरकार नि-क्षय मित्र बनने का मौका दे रही है या कहें कोई भी व्यक्ति टीबी रोगी को गोद लेकर उनकी सेवा कर सकता है। अभियान के तहत निक्षय मित्र बनने वाले व्यक्ति या संस्थान मरीजों को पोषण की सेवा लेकर उनसे सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। उन्होंने अपील किया है कि बरही के लोग, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संस्थाएं नि-क्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता करने का संकल्प लें। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंचायत समिति सदस्य सुमिया देवी, समाजसेवी कामेश्वर राम, छोटन गोप, नागेश्वर रजक, सिकेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

## एक नजर में

### बरही में पेंशनधारियों के खाता को आधार कार्ड से लिंक करने को लेकर लगा शिविर



बरही। प्रखंड विकास पदाधिकारी बरही के आदेशानुसार बरही प्रखंड अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का बैंक खाता को आधार कार्ड से लिंक करने को लेकर पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बताया कि पेंशनधारियों का बैंक खाता को आधार कार्ड से लिंक किया जाना अनिवार्य है।शिविर के माध्यम से सभी पंचायतों के लिए पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक प्रतिनियिक्त किए गए हैं। 1 मार्च को करसो, 2 मार्च को बरही पूर्वी, 3 मार्च को खोराहर, 4 मार्च को केदारूत, 11 मार्च को गौरियाकरमा, 14 मार्च को बेंदगी, 15 मार्च को रसोईया धमना, 16 मार्च को बसरिया, 17 मार्च को दुलमहा, 18 मार्च को करियातपुर, 21 मार्च को धनवार, 22 मार्च को बरसोत, 23 मार्च को रानीचुआं, 24 मार्च को मलकोको, 25 मार्च को डपोक, 28 मार्च को विजैया, एवं 29 मार्च को कोल्हुआकला में पंचायत भवन में शिविर लगाया जाएगा। बीडीओ ने सभी प्रतिनियुक्त पंचायत सचिव, रोजगार सेवक बरही को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर पेंशनधारी लाभुकों को लाभ दिलाने की बात कही है।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री बने डॉ बालेश्वर महतो व मंडल अध्यक्ष राजीव

बडकागांव। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी द्वारा बड़कागांव निवासी डॉ.बालेश्वर महतो की संगठन में सक्रियता को देखते हुए ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री बनाया किया गया है।वही सांढ़ निवासी राजीव कुमार रंजन को ओबीसी मोर्चा बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष बनाया गया।नव मनोनीत जिला मंत्री और मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी ने जो विश्वास जताते हुए मुझे दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। पार्टी के नीति ,सिद्धांत और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा कर पार्टी को और सशक्त बनाने का काम करूंगा।इनके मनोनयन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी,जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश कुमार, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशोरी राणा,मुकुटधारी महतो, रामपति राम, मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ,रामचंद्र चौधरी,महामंत्री कैलाश कुमार,ओबीसी मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद ,टुकेश्वर प्रसाद,नरसिंह प्रसाद ,पूनम साहू, मण्डल अध्यक्ष खेमलाल महतो ,नगर पुर्वी अध्यक्ष राकेश वर्मा ,नगर पश्चिमी अध्यक्ष रामजी गुप्ता, इंद्र भूषण, जमुना महतो आदि ने बधाई दी है।

### विष्णुगढ़ में डॉक्टरों ने किया कार्य बहिष्कार

विष्णुगढ़। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन झारखंड द्वारा आहूत एक दिवसीय कार्य बहिष्कार के बाबत विष्णुगढ़ रेफरल हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने भी एक दिवसीय चिकित्सा सेवा कार्य का बहिष्कार किया` कार्य बहिष्कार कुछ पुरानी मांगे समेत झारखंड के अलग-अलग हिस्से के चिकित्सकों के साथ हुए कुछ वारदातों के खिलाफ था। कार्य बहिष्कार के मद्देनजर बिष्णुगढ़ के चिकित्सा कर्मी ओपीडी में नहीं बैठे हैं हॉस्पिटल पहुंचने वाले मरीजों कों अन्य हॉस्पिटल मे निजी तौर पर इलाज कराना पड़ा` बिष्णुगढ़ रेफरल स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों 5 डॉक्टर द्वारा सेवा दी जा रही है सभी ने कार्य से खुद कों अलग रखा व उत्तर प्रदेश में हरियाणा के तर्ज पर झारखंड में भी 50 बेड अस्पताल एवं एकल क्लीनिक को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट से मुक्त रखने, मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट, बायोमैट्रिक अटेंडेंस का वेतन से जुड़े जाने का विरोध साथ ही इसकी मॉनिटरिंग का अधिकार संबंधित निकासी पदाधिकारी को दिए जाने की मांग की` वही चिकित्सकों पर हो रहे घटनाओं पर रोष जताया` प्रभारी पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह द्वारा झारखंड के अलग-अलग हिस्सों के डॉक्टर पर हुवे हमले को निंदनीय बताया,कहा की पेटरवार जामताड़ा हजारीबाग गढ़वा रांची जैसे स्थानों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा बदसलूकी,कहीं धमकी कहीं मारपीट - हमला के अलावे एक मृतक डॉक्टर के परिवार के साथ सरकार का सौतेला व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसका हम सभी डॉक्टर एक साथ सामना करेंगे जिसको लेकर ही आज कार्य बहिष्कार किया गया है।

### यज्ञ मंडप स्थल का हुआ भूमि पूजन

दारू। दारू थाना के बगल में नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर में भगवान शिव उनके परिवार की मूर्ति स्थापना के लिए 11 मार्च से तीन दिवसीय यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा जिसके लिए बुधवार को यज्ञ मंडप स्थल की भूमि पूजा की गई। भूमि पूजा में दारू थाना प्रभारी अमित कुमार अपनी धर्मपत्नी पूजा कुमारी के साथ मुख्य पुजारी के रूप में शामिल हुए जबकि विधिवत पूजन आचार्य अनुग्रह नारायण शर्मा ने करवाया। शिव भक्त यज्ञ स्थल के पास प्रातः काल पहुँच गए थे जहां से भक्तों की टोली विशाल महाबीरी झंडा लेकर गाजे बाजे के साथ पिपचो शिवमंदिर पहुंचे। यहां विधिवत पूजा कर वापस यज्ञ स्थल के पास लौट गए। इस दौरान हर हर महादेव , जय श्री राम के नारों के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से यज्ञ समिति अध्यक्ष बसंत नारायण राणा , उपाध्यक्ष राजन सिन्हा, सह संयोजक दिलीप प्रसाद, उप सचिव विकास यादव , कोषाध्यक्ष बलदेव बाबू, सह कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा, विजय मोहन, भोला साव, वीरेंद्र यादव, मनोज कुमार, भैरव प्रसाद, छोटन यादव, नवीन शर्मा , उपेंद्र सिन्हा, सुनील कुमार, कृष्णा कुमार, जुगनू कुमार, अरविंद कुमार, बालगोविंद साव, किशुन प्रसाद, संतोष यादव, छोटन प्रसाद निरंजन यादव, दीपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे ।

### छात्र छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन

विष्णुगढ़। बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय अलपीटो द्वारा बुधवार को दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया` जिसमें सातवीं आठवीं एवं 9वी वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई गीत के साथ अपने सीनियर को विदाई दी गई। 10वीं के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में विताये यादों की बयां की । विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के संचालक छोटन शर्मा ने विद्यालय से जा रहे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की` वहीं बच्चों को शत-प्रतिशत सफल होने का आशीर्वाद भी दिया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक टेक लाल यादव उप प्रधानाध्यापक संदीप पाठक एवं सहायक शिक्षक/ शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम मे रोशन पाठक, जय कुमार पाठक, शंकर प्रसाद ,पिंटूसोनी ,रीना ,डॉली ,ज्योति ,बालिका ने उन्हें सफल होने का आशीर्वाद दिया।

### नीतीश कुमार का मनाया जन्मदिन



कुजू। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 72वां जन्मदिन जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यालय नयामोड़ में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में एकत्रित होकर नीतीश कुमार के चित्र के समक्ष केक काटा। साथ ही कार्यकताओं ने नीतीश कुमार के दीघार्यु होने की कामना किया। बाद में लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया।

# शहर में हाथियों ने किया प्रवेश, दहशत में लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली शहर के समीप फिर मंगलवार की रात हाथियों का झुंड फिर से आ गया है।सिल्ली के रिहायशी इलाके के समीप अंबेडकर पार्क के निकट से रात के 10 बजे हाथियों का झुंड गुजरा। इस खबर से आसपास के लोग सहमे से है। खबर लिखे जाने तक हाथी इन्ही पार्क के इलाके के आसपास ही जमे हुए है लोग हाथियों के डर के मारे रत जगा कर रहे है। ज्ञात हो कि पिछले शनिवार को ही हाथियों ने शहर के समीप ही आतंक मचाया था। राजा साहेब के चहारदीवारी समेत खपचा बेड़ा गाँव के दर्जनों घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस सम्बंध में और अधिक जानकारी लेने के लिये वन विभाग के जयप्रकाश साहू को कई बार फोन लगाया पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## जंगलों में आग लगी, हाथी जाएं तो कहां

सिल्ली के शहरी इलाके में हाथियों का झुंड आ चुका है इसे भागने के लिये वन विभाग एवं हाथी भगाओ दल लगे है। दूसरी ओर सिल्ली के नजदीक के जंगलों में मंगलवार को आग लगा दिये गये। लोवापीडी के निकट एवं आसपास के पहाड़ों एवं जंगलों में आग की ऊंची लपटें देर रात तक देखी जा रही थी। भयावह आग की रोशनी दूर तक जा रही थी ऐसे में हाथी जाएं भी तो कहां अगर उन्हें खदेडे भी तो वे आग की लपटों के डर से जंगलों में नहीं जा सकते नतीजा हाथियों को गावं के निकट ही शरण लेना पड़ रहा है।

## रसोई गैस के मूल्य वृद्धि पर किसान सभा ने की निंदा

**राहे।** केंद्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर में 50 रुपये तथा व्यवसायिक गैस सिलिंडर में 350 रुपये की मुल्य वृद्धि की निंदा करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा ने किया गया। झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो ओर महासचिव सुरजीत सिन्हा ने कहा इस मुल्य वृद्धि से किसानों , महिलाओं सहित आमजनता पर केंद्र सरकार ने भारी बोझ लाद दिया है। झारखंड राज्य किसान सभा के सभी इकाइयां गैस सिलिंडर मुल्य वृद्धि के खिलाफ व्यापक पैमाने में विरोध प्रदर्शन,पूतला दहन कर गैस सिलिंडर मुल्य वृद्धि वापस लेने का मांग उठायेगा।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**अनगड़ा ।** रांची पुलिया सड़क पर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोन्दली पोखर के पास एक सड़क दुर्घटना में दीपक कुमार महतो नामक एक करीब तीस वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई ।

मृतक थाना क्षेत्र के सिरका गांव का निवासी था और वह अपने घर से गोन्दली पोखर की ओर बाइक से जा रहा था इसी बीच एक स्कूल बस से पास लेने के क्रम में उसका बाइक एक ऑटो पर टच हो गया और बाइक से संतुलन खोते हुए बस के पिछले पहिए के नीचे आ गया जिससे उसका सर बुरी तरह कुचल गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया ।

## कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण मामले में दो गुटों मे झड़प,एक गंभीर, रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव मे बुधवार 1 मार्च को कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण मामले मे उठे विवाद के दौरान दो गुटों मे जमकर मारपीट हुई, जिसमे बीच बचाव करने गए उमेडंडा निवासी समाजसेवी सह अधिवक्ता सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू गंभीर रुप से घायल हो गए. सरफराज को मथा, चेहरा व शरीर के अन्य अंदरूनी हिस्सों मे गंभीर चोटे आयी है, सीएचसी बुढ़मू मे प्राथमिकता इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है।इस मामले पर सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू के फर्द बयान पर बुढ़मू थाना मे नईमुद्दीन अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, इजाजुल अंसारी व निजाम अंसारी सहित अन्य अज्ञात लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

वहीं पुलिस व ग्रामीणों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उमेडंडा कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण कार्य को लेकर दो गुटों के बीच पिछले दो तीन महीनों से विवाद चल रहा था। उसी अलोक मे विवाद निपटारे के लिए पंचायत सचिवालय उमेडंडा मे मुखिया दशमी देवी की अध्यक्षता मे दोनों पक्षों कई बैठक बुलाई गई थी उसी दौरान दोनों गुटों के बीच अचानक बात विवाद बढ़ गया और मार पीट शुरू हो गई। जिसको देखकर मौके पर उपस्थित सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू ने दोनों पक्ष को समझौता कराने का प्रयास किया परन्तु दूसरे पक्ष के उग्र लोग इन्ही पर टूट पड़े व रड लाठी, डंडे से मारकर घायल कर दिया। दूसरी और दूसरे पक्ष के नईमुद्दीन अंसारी ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना मे आवेदन दिया है. इधर मामले पर गंभीर थाना प्रभारी कमलेश राय ने जाँच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## महिला का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित मायके वालों ने किया बवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

अनगड़ा । टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में शीलवती कुमारी नामक एक महिला का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित उसके मायके वालों ने महिला के ससुराल अनगड़ा थाना क्षेत्र के बोंगई बेडा पंचायत अन्तर्गत घोड़लता गांव में जाकर जमकर बवाल काटा बताया गया की मृतका शीलवती के मायके वालो ने महिला के सास सागो देवी ससुर घनेश्वर महतो जेठ अमृत महतो जेठानी सरीता देवी सहित अन्य परिजनों के साथ जमकर मार पीट किए तथा जेठानी सरीता देवी के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने का भी समाचार है । घटना के संबंध मे बताया गया कि रांची पुरुलिया सड़क पर सिलवे मानकी ढीपा के निकट रेलवे पूल के पास सड़क के किनारे से बुधवार की सुबह टाटीसिलवे पुलिस ने शीलवती कुमारी का शव बरामद किया था । शीलवती का मायका सदर थाना क्षेत्र के लालगंज गांव में था । यह भी बताया गया कि वह अपने ससुराल घोड़लता से मंगलवार की सुबह निकली थी । बुधवार की अहले सुबह उसकी लाश सड़क के किनारे देखी गयी तथा टाटी सिलवे पुलिस को इसकी सूचना दी गयी । पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया ।शव की पहचान घोडलता निवासी महाबीर महतो की पत्नी शीलवती कुमारी के रूप मे की गयी । इससे पहले टाटी सिलवे पुलिस ने मृतका के जेठ अमृत महतो को हिरासत में ले लिया था जबकि उसका पति महाबीर महतो घर से फरार है । पोस्टमर्टम के बाद जब महिला का शव उसका ससुराल घोड़लता लाया जा रहा था उस समय उसके मायके लालगंज से करीब पैंतीस से चालीस की संख्या में महिला पुरुष भी साथ पहुँच गए । तथा ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर मार पीट शुरू कर दिए ।इसके बाद वहां भगदड़ मच गया ।इसी बीच मृतका के मायके वालो ने उसके जेठानी को पकड लिया तथा मारपीट करते हुए उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया इघर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जेठानी को निर्वस्तर करने की कोशिश की गयी ।

हलाकि पुलिस महिला के साथ हुयी अमानवीय व्यवहार की घटना से इन्कार कर रही है । घटना की सूचना के बाद टाटी सिलवे और अनगड़ा पुलिस घटना स्थल पर कैम्प कर रही है । घटना की सूचना पाकर सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर क्रेकेट्टा पुलिस निरीक्षक नीरज कुमार टाटी सिलवे थानेदार महेन्द्र करमाली सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर घटना की छान बीन कर रहे हैं ।

## सिल्ली पॉलीटेक्निक में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ वार्षिक खेलकूद संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में पिछले तीन दिनों से चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज के निदेशक विष्णु व्रोतो चट्टोपाध्याय प्राचार्य समीर शर्मा एवं कालेज के शिक्षकों ने विजेता तथा उपविजेता को मेडल्स, सर्टिफिकेट तथा ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया।



वार्षिक खेलकूद में अव्वल रहे छात्र छात्राएं एवं कालेज के शिक्षकगण।

इस अवसर पर विज्ञान दिवस मे अव्वल रहे मुरी के आरटीसी पब्लिक स्कूल तथा आदित्य बिरला स्कूल के छत्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर कॉलेज के सभी छात्र छात्राएं एवं सभी शिक्षकगन उपस्थित थे।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की हुई बैठक

मन्त्र संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा किए जा रहे शोषण के मुद्दे पर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक बीओसी स्थित हनुमान मंदिर के समीप संपन्न हुई `बैठक की अध्यक्षता जोनल सचिव जंग बहादुर राम ने किया` बैठक में मुख्य रूप से आरसीएम साइडिंग में कार्यरत मजदूरों के अनियमित वेतन भुगतान, आरपीएल कंपनी में मजदूरों के बकाया बोनस भुगतान के साथ सीएमपीएफ से संबंधित सहज फार्म की धीमी गति पर चर्चा की गई` बैठक में मुख्य रूप से संतोष प्रजापति, रामप्रीत साहनी, संतोष महतो , राजेश महतो, लालजी महतो,प्रेमनाथ महतो ,जगदीश महतो ,लोकनाथ महतो, सुरेंद्र महतो, गोपाल महतो, धनेश्वर महतो, बिगन महतो, हुलास गंझु ,बालेश्वर महतो, सुधर महतो, धनीनाथ महतो ,समसुल अंसारी, महादेव महतो,के के साथ काफी असंगठित मजदूर शामिल थे।

## जैक अध्यक्ष और जेइपीसी के प्रशासी पदाधिकारी से मिले सहायक अध्यापक

# पदाधिकारियों से वार्ता के दौरान कई मुद्दों पर हुई चर्चा, मिली सहमति

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्य इकाई का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जैक अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार महतो से मिलकर सर्टिफिकेट जांच एवं आकलन परीक्षा से संबंधित कई पहलुओं पर बातचीत की गई। परीक्षा के अंकों का निर्धारण तय समझौते के अनुसार 100 अंक किए जाने के मुद्दे पर अध्यक्ष ने शिक्षा विभाग के स्तर से निर्णय लेने की बात कही। इससे पूर्व सभी सहायक प्राध्यापक केस नम्बर 442/2018 में मजिस्ट्रेट श्रद्धा भूषण की अदालत में उपस्थित हुए।



**जयंत मिश्रा से भी मिले सहायक अध्यापक :** जैक अध्यक्ष से मुलाकात के बाद सभी सहायक अध्यापक राज्य परियोजना कार्यालय में प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा से मिले। उनसे होली के पूर्व सभी सहायक अध्यापक को फरवरी तक का भुगतान कराने के मुद्दे पर स्पष्ट बात हुई। जिन सहायक अध्यापक का सर्टिफिकेट जांच बोर्ड/ यूनिवर्सिटी में लंबित है । उनके मानदेय पर राज्य परियोजना से फाइल मूव हुई है। मंत्री के फाइल पर एप्रूवल के पश्चात होली के पूर्व भुगतान का भरोसा प्रशासी पदाधिकारी ने दिया।

लातेहार जिले के अंडर एज के मुद्दे पर हटाने की बात का विरोध दर्ज किया गया एवं शिष्टमंडल के द्वारा कहा गया कि जब विज्ञापन में न्यूनतम एज का कोई वर्णन नहीं है तो अब 15 से 20 वर्ष सेवा लेने के बाद हटाना उचित नहीं। यदि ऐसा हुआ तो व्यापक विरोध होगा। शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापक के प्रशासनिक प्राधिकार के गठन की संचिका शिक्षा सचिव के पास भेजी गई है, जल्द गठन होगा सभी प्रखंड कमेटी सक्रियता दिखाते हुए प्रशासनिक प्राधिकार से अविलंब सेवा संपुष्ट करें, ताकि सभी सहायक अध्यापक (टेट एवं प्रशिक्षित) को 4% वृद्धि के साथ भुगतान हो सके। टेट विसंगति के मामले में जो सहायक अध्यापक जिस कैटेगरी में टेट उत्तीर्ण हैं उन्हें उसी कैटेगरी में टेट उत्तीर्णता का लाभ मिलेगा। मौके परसंजय कुमार दुबे, हृषिकेश पाठक, प्रमोद कुमार, विकास कुमार यादव, प्रद्युम्न कुमार सिंह (सिंटू) मौजूद थे।

# कर लो दुनिया मुट्ठी में के मौजूदा दौर में चालीसा काल में डिजिटल उपवास जरुरी : कुलदीप तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आज के भागदौड़ के व्यस्त जीवन में आज कमोबेश हर व्यक्ति चाहे वह आम हो खास इतने व्यस्त हो गए है कि उन्हें सृष्टिकर्ता ईश्वर को याद करने का भी समय नहीं मिलता है। यही कारण है कि आज इंसान भगवान से दूर होता जा रहा है। परिणाम यह है कि मनुष्यों को लोगों से ज्यादा वस्तु से प्रेम हो गया है। इसका दूसरा पहलू देखे तो कर लो दुनिया मुट्ठी में के वर्तमान युग में नन्हे बच्चे से लेकर बुजुर्ग हर एक शख्स मोबाइल व गैजेट्स प्रेमी हो गया है। दूसरे शब्दों में कहें तो ईश्वर या अध्यात्म से दूर होता जा रहा है। झारखण्ड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने यह जानकारी देते हुए बताया कि चालीसा काल इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी के साथ बढते युग और लोगों का मोबाइल के साथ एडिक्ट होने के मौजूदा दौर में यह इस बात का संकेत देता है कि चालीसा की अवधि में यथासंभव हमें अधिक से अधिक डिजिटल उपवास करा चाहिए। श्री तिर्की ने कहा कि इसे समझने के लिए प्रस्तुत कथा पर



गौर करें एक बार एक व्यक्ति अपनी नयी कार को बड़े प्यार से पॉलिश करके उसे चमका रहा था। तभी उसकी चार वर्षीया पुत्री एक पत्थर से पिता के नयी कार पर कुछ लिखने लगी जिससे कार पर खरोंच आ गया। नयी कार पर खरोंच के निशान देख पिता इतना गुस्सा हुए कि बेटी के हाथ पर जोर से डंडा मारा। जिसके कारण बच्ची की उंगली टूट गयी। हॉस्पिटल से आने के बाद जब बेटी पिता से पूछती है कि पापा मेरी उंगलिया कब ठीक होंगी। अपने क्रोध और की गयी गलती पर पछता रहा उसका पिता बेटी को जवाब नहीं दे पाया। बेटी के इस सवाल पर पिता कार के पास जाकर कार पर जोर-जोर से हाथ मारकर अपना गुस्सा निकालता है। कुछ देर बाद पिता की नजर बेटी के लिखे शब्द पर पड़ती है जिसमें लिखा था आई लव यू पापा। यह कहानी हमें सिखाती है कि गुस्से और प्यार की कोई सीमा नहीं होती।इसके साथ ही यह भी स्मरण रखना चाहिए कि वस्तुएं इस्तेमाल के लिए होती है और इंसान एक दूसरे के साथ प्रेम करने के लिए। लेकिन आज हम लोगों की सोच इतनी छोटी हो गयी है कि हम चीजों से प्यार करते है और लोगों को इस्तेमाल करने लगे है। हमे याद रखना चाहिए कि टूटी हुए वस्तुओं को फिर से जोड़ा तो जा सकता है लेकिन टूटे रिश्तों को जोड़ना बहुत मुश्किल होता है।

## जागरूकता अभियान चलाया गया



**मांडर।** कन्दरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बुधवार को बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा करकरा गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं लोगों को शिक्षा का महत्त्व के प्रति जागरूक अभियान चलाया गया। जिससे गांव के लोगो में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के बारे में जो भी भ्रांतियां थी उनको दूर किया गया। इस अभियान में कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ कॉलेज के व्याख्यातागण एवं कर्मचारीगण भी शामिल थे।

## एक नजर में

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न



कार्यक्रम में शामिल मुख्य पुजारी व श्रद्धालु।

**इटकी।** प्रखंड के रानीखटंगा गांव स्थित महावीर मंदिर में स्थापित बजरंग बली प्रतिमा का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह बुधवार को संपन हो गया। मौके पर हवन, पूणार्हुति, महा आरती व भंडारा के अलावा 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन सहित अन्य अनुष्ठान किये गये। सभी अनुष्ठान मुख्य आचार्य पंडित सुरेंद्र पाठक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र पाठक, पुरुषोत्तम भरद्वाज, बरन ठाकुर, कल्लू, धीरज, वकील, सुरेश, दिवाकर, रमेश व अशोक सहित अन्य शामिल थे।

### भंडारे में उमड़ी सैकड़ों भक्तों की भीड़



प्रसाद के लिए कतारबद्ध महिलाएं।

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मां काली मंदिर के 22 वें स्थापना दिवस के दूसरे दिन बुधवार को हवन व आरती पूजा की गयी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। चार से शुरू हुये भंडारा शाम के करीब सात बजे तक चला। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन-पूजन कर मन्नतें मांगी और मंदिर विकास के लिये चढ़ावा भी दिया। वहीं, गुरुवार की शाम यहां भक्ति गीत-संगीत का कार्यक्रम होगा। कोलकाता से आये कलाकार गायन व नृत्य कला की छटा बिखेरेंगे। क्षेत्र के लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। समिति के स्वयंसेवक भी मुस्तैद रहेंगे।

### पांच दिवसीय यज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू



**चान्हो।** प्रखंड के गुटुवा में श्री पंचमुखी श्री गणेश मंदिर व श्री महाकाल महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय यज्ञ बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। बुधवार सुबह जब करीब 2100 महिला-पुरुष बाजे गाजे के साथ जल यात्रा के लिए थे। कलश यात्रा चोरेया ग्राम देवी मंडप से प्रारंभ हुई और नगर भ्रमण करते हुए चोरेया बस्ती होकर गुटूवा स्थित यज्ञ स्थल पहुंची।जलयात्रा के साथ ही पांच दिनों का अनुष्ठान भी शुरू हो गया। अगले पांच दिनों तक मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निर्धारित कार्यक्रम होंगे। कलश यात्रा के बाद काफी संख्या में लोगों ने यज्ञ वेदी का परिक्रमा भी किया। मौके पर अध्यक्ष बिन्दु भूषण दुबे, सचिव आशुतोष तिवारी, संरक्षक जयनाथ राम दुबे, रवि भूषण दुबे, अनिल साहू, मनोहर साहू, नारायण साहू, मुन्ना पांडे, चंदन दुबे, दीपक कुमार, पुरोस्तम दुबे, रामदयाल साहू, जितेंद्र उरांव, राम दुबे, विजय सोनी, अरबिंद सिंह, रमेश साहू, रामू सिंह, रीता देवी, सुषमा देवी,सरिता देवी सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

### छात्राओं को सम्मानित किया गया



**चान्हो।** बाघवार एकेडमी चान्हो में बुधवार को साइंस ओलंपियाड में 18 अक्टूबर को आयोजित विज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा अयोजित कार्यक्रम राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की जाती है। इस प्रतियोगिता में देश विदेश के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे हिस्सा लेते हैं। बाघवार अकादमी के 6 बच्चों कक्षा सात की श्रेया रानी कक्षा 8 की आरूषी कुमारी, कक्षा 9 के आर्यन कुमार सोनी ,प्रणव कुमार दुबे एवं फरहान अंसारी तथा कक्षा 10 की गायत्री उरांव ने अपने-अपने कक्षाओं में अव्वल आते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का खिताब जीता। इन सभी को इस प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्य विद्यार्थियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चे को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने सम्मानित किए गए सभी बच्चों को भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आगे आने वाले प्रतियोगिताओं में और अच्छा प्रदर्शन करने की लिए प्रेरित किया। समस्त प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विद्यालय के शिक्षक हरे कृष्णा सिंह को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्रोत्साहन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विधायक ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सुदेश कुमार महतो एवं अन्य।

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के लुपुंग पंचायत के उपरचटानी में बुधवार को स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने 860 फीट पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। योजना पर जिला योजना अनाबद्ध निधि से राशि खर्च की जायेगी। शिलान्यास के मौके पर विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में हर गाव में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना मेरी प्राथमिकता है। इस मौके पर, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, भरत मुंडा, मोहम्मद चांद हुसैन समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# फाल्गुन शुक्ल एकादशी 3 मार्च को निकलेगी श्री श्याम रात्रि निशान यात्रा

## साकची शिव मंदिर से जुगसलाई बैकुंठ धाम मंदिर तक 2100 भक्त निशान उठायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर फाल्गुन माह श्याम भक्ति में विशेष महत्व रखता है। इस फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन शहर को श्याममय करने की तैयारी शहर के श्याम भक्तों ने की है। इस हेतु श्री श्याम रात्रि मासिक निशान यात्रा समिति के तत्वावधान में 3 मार्च 2023 शुक्रवार को विशाल श्री श्याम यात्रा निकाली जायेगी।

यह जानकारी समिति के अनिल मोदी, विमल अग्रवाल, अनिल खण्डेलवाल एवं अन्य ने आज बिष्टुपुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि श्री श्याम बाल मंडल अन्तर्गत श्री श्याम रात्रि मासिक निशान यात्रा समिति के द्वारा हर माह निशान यात्रा निकाली जाती है। फाल्गुन माह में इस यात्रा का महत्व विशेष हो जाता है। चूंकि फाल्गुन माह में राजस्थान के खाटू में कलयुग के भगवान बाबा श्याम का विशाल मेला लगता है, जिसमें देश-विदेश के लाखो भक्त शामिल होते हैं।

बहुत से भक्त समयाभाव के कारण खाटू धाम नहीं जा पाते हैं. ऐसे भक्तों को इस निशान यात्रा में शामिल होकर बाबा श्याम की भक्ति का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस वर्ष 3 मार्च 2023 शुक्रवार शाम 6:30 बजे विशाल श्री श्याम निशान यात्रा निकाली जाएगी। जो साकची शिव मंदिर से शुरू होकर जुगसलाई स्थित बैकुण्ठधाम मंदिर में आकर समाप्त होगी । इस निशान यात्रा में 2100 श्याम भक्त अपने हाथों में निशान लेकर बाबा श्याम का जयकारा लगाते हुए चलेंगे। उन्होंने बताया कि इस माह समिति की यह 135 वी यात्रा होगी। उन्होंने बताया की इस निशान यात्रा के एक दिन पूर्व 2 मार्च 2023 का भक्त अपने हाथों में श्याम नाम की मेहंदी रचाएंगे। समिति कि महिलाएं आपस में एक दूसरे को मेहदी लगाएंगी एवं बाबा श्याम को मेहंदी अर्पित कर मेहंदी उत्सव मनाएंगी । निशान यात्रा में बाबा का चलंत दरबार सजाया गया जायेगा। विभिन्न गाड़ियों में अलग-अलग झांकियां निशान यात्रा में चलती रहेंगी।

पूरे रास्ते बाबा का भजन चलता रहेगा एवं भक्त पूरे रास्ते बाबा श्याम से फूलों की होली खेलते हुए चलेंगे। निशान यात्रा में बाबा के दरबार में बाबा को छप्पन भोग एवं छत्तीस व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा । पुरोहितों द्वारा पूरे विधि विधान से पूजन के पश्चात यात्रा की शुरूआत की जाएगी।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अनिल मोदी और साथीगण।

### इन रास्तों से गुजरेगी यात्रा

साकची शिव मंदिर से पलंग मार्केट, बसंत टॉकीज चौक, साकची थाना रोड, गरम नाला रोड बिष्टुपुर पोस्ट ऑफिस, डायगनल रोड, जुगसलाई थाना रोड, जुगसलाई फाटक, जुगसलाई चौक बाजार होते हुए बैकुंठ धाम मंदिर। रास्ते में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया जायेगा। विशेष आकर्षण : श्याम नाम की मेहंदी बाबा का भव्य फूलो का श्रृंगार, बाबा श्याम से फूलों की होली, छप्पन भोग, लाइव भजन, देवी देवताओं की विभिन्न झांकी। निशान यात्रा में जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान और ओडिसा के सीमावर्ती जिलों से भक्त भाग लेंगे। अनिल मोदी के अनुसार करीब 5000 भक्तों के निशान यात्रा में भाग लेने की उम्मीद है।

### यहां से लें कूपन

यात्रियों की सुविधा के लिए निशान प्राप्ति हेतु विभिन्न स्थानों पर निशान कूपन प्राप्ति केंद्र बनाए गए है जुगसलाई में रुचिका सूट, जितेंद्र फैंसी स्टोर, खंडेलवाल कंप्यूटर साकची में पी एन चौधरी, बाबा कलेक्शन, बाराद्वारी में मुरारी होटल 1 यात्रा के संदर्भ में अधिक जानकारी हेतु विमल अग्रवाल से 7004114252 एवं अनिल खंडेलवाल से 9334185314 पर संपर्क किया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज

### मंदिर विवाद मामले में चिंटू सिंह को जमानत



**जमशेदपुर।** मंदिर प्रकरण मामले सरयू राय और चिंटू सिंह का विवाद में मंदिर निर्माण के समय चिंटू सिंह और पुलिस अधिकारी से बहस हो गई थी, जिला प्रशासन ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले दर्ज था। इस मामले में आज चिंटू सिंह को साकची थाना गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में प्रस्तुत किया , लेकिन पूर्व से अधिवक्ताओं जिसमे मुख्य रूप से प्रकाश झा, सीबी ओझा, राजेश जयसवाल, प्रभात शंकर तिवारी, आनंद ओझा, पप्पू उपाध्याय, पवन तिवारी, समेत दर्जनों खड़े होकर जमानत की अर्जी लगाई और जमानत मिली।

### शहर में सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने की मांग

**जमशेदपुर।** जुगसलाई राम जानकी कन्या स्कूल रोड़ में अतिक्रमित सड़क के किनारे 70 फीट के अंदर चार बिजली का खंभा लगा दिये जाने से दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गयी हैं। क्योंकि पहले सड़क की चौड़ाई 20 फीट थी, जो अतिक्रमण के कारण सिमट कर 11 से 12 फीट हो गयी हैं। इस संबंध में स्थानीय निवासी दमोदर शनिदेव महाराज के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने उपायुक्त को एक ज्ञापन देकर सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने और बिजली के खंभे की दूरी बढ़ाने की मांग की है।

### बास्केट बॉल ग्राउंड का हुआ उद्घाटन

**चांडिल।** नौरंगराय सूर्या देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के ट्रस्टी ने विद्यालय परिसर में बास्केटबॉल के मैदान एवं एनएसके विद्यालय के नए भवन का हेमंत खेतान एवं विनोद खेतान ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर कोलकाता से आए हुए विनोद खैतान, श्रीमती चंद्रकला खैतान, मुकुंद खैतान, श्रीमती नंदनी खेतान, सुरेंद्र खैतान, श्रीमती उमा खैतान, अनुत्तम खैतान, श्रीमती दीप्ति खैतान, निकेत खेतान, मंगलम खैतान, सुदीप खैतान, श्रीमती अंजुम खेतान, शिशिर चटर्जी, शुब्रोतो चटर्जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बाइक चोरी कर भाग रहे दो बदमाश धराये

**चांडिल।** मंगलवार को रात करीब 9 बजे तिरुलडीह से बाइक चोरी कर भाग रहे शातिर बदमाश धीरज कुमार तांती और सूरज सोय उर्फ.डाकू को ईंचागढ पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से धर दबोचा। चांडिल एसडीपीओ संजय सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया दोनों बदमाश आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सालडीह बस्ती का रहने वाला है। इससे पहले भी दोनों बदमाश बाइक चोरी के आरोप में 2021 में जेल जा चुका है। तिरुलडीह से बाइक चोरी कर आदित्यपुर भागने के दौरान मंगलवार देर रात ईचागढ़ पुलिस ने पातकुम के पास पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को पकड़ लिया। एसडीपीओ ने कहा पुलिस दोनों की आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। प्रेस वार्ता में ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से एक बाइक, दो मोबाइल फोन, पांच बाइक की चाबी एवं नगद 9000 जब्त किया है।

# नालों के पानी का ट्रीटमेंट करने के बाद ही नदी में छोड़ें कंपनियां : डीसी

## स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने को पदाधिकारियों एवं अन्य स्टेक होल्डर के साथ बैठक

- सभी स्टेकहोल्डर को एनजीटी के नदी के प्रदूषण पर लिये गये संज्ञान से कराया गया अवगत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा नदी के जल में उद्योग व अन्य स्त्रोतों से होने वाले प्रदूषण पर एनजीटी द्वारा संज्ञान लिया गया है।

नदी के पानी की स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रशासनिक इंतजामों पर विस्तृत चर्चा को लेकर उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने संबंधित पदाधिकारियों एवं अन्य स्टेक होल्डर के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की। बैठक में एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, प्रदूषण बोर्ड के पदाधिकारी, तीनों नगर निकाय के प्रतिनिधि, जुस्को, टाटा मोटर्स व अन्य स्टेक होल्डर मौजद रहे। उपायुक्त ने प्रदूषण बोर्ड को नदी के जल में उद्योग से होने वाले प्रदूषण को लेकर एक विस्तृत सर्वे रिपोर्ट बनाकर समर्पित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं तीनों नगर निकाय क्षेत्र से नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी को ट्रीटमेंट के बाद ही छोड़े जाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि नदी के पानी में नालों से प्लास्टिक, कपड़े या अन्य सॉलिड वेस्ट बहकर नहीं जाएं इसे सभी नगर निकाय सुनिश्चित करेंगे। एसटीपी पर विशेष रूप से फोकस करने तथा सभी नालों में जाली लगाकर सॉलिड वेस्ट को अलग करने का निर्देश दिया गया। वहीं खैरबनी में निमार्णाधीन कचड़ा डंपिंग यार्ड की प्रगति की भी जानकारी ली गई। उपायुक्त द्वारा विशेष पदाधिकारी जेएनएसी को अधतन रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया है कि कब तक खैरबनी में डंपिंग शुरू हो सकेगा, किन कारणों से देरी हो रही है।





बैठक को संबोधित करती डीसी विजया जाधव।

### वैष्णो धाम, गालूडीह का प्रथम वार्षिकोत्सव 15 से 21 अप्रैल तक



**जमशेदपुर।** वैष्णव धाम मंदिर, गालूडीह का प्रथम वार्षिकोत्सव 15 से 21 अप्रैल तक धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री श्री स्वामी हृदयानंद गिरी जी महाराज की अगुवाई में वार्षिकोत्सव के दौरान 15 अप्रैल की शाम 5 :00 से शिव पुराण कथा का शुभारंभ होगा जो 21 अप्रैल तक चलेगा। कथा व्यास पर खुद श्री श्री स्वामी हृदयानंद गिरी जी महाराज बैठेंगे और भक्तों को कथा सुनाएंगे। उक्त जानकारी खुद हृदयानंद गिरि जी ने पत्रकारों को दी। स्वामी जी ने बताया कि 19 अप्रैल को मंदिर परिसर से भव्य शिव बारात निकाली जायेगी। इस अवसर पर 20 फीट का शिवलिंग एवं भगवान शिव के 25 स्वरूपों को प्रदर्शित किया जाएगा। वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन 21 अप्रैल की दोपहर से मंदिर परिसर में महा भंडारा का आयोजन होगा। मौके पर वैष्णो धाम मंदिर कमेटी के राज किशोर साहू, महेंद्र यादव राजेश गुप्ता और आचार्य राहुल पंडित भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राज्य सरकार की उदासीनता ने धालभूमगढ़ के एयरपोर्ट को रोका : अभय सिंह



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं वर्तमान में धनबाद जिला प्रभारी अभय सिंह ने जारी बयान में कहा कि झारखंड के सरकार की उदासीनता का नतीजा है एक जमशेदपुर की जनता का महत्वकांक्षी योजना धालभुमगढ़ का एयरपोर्ट अब नहीं बनेगा। अब आप कहेंगे राज्य सरकार इस पर दोषी क्यों? जब राज्य सरकार इस मुद्दे पर सकारात्मक पहल नहीं करेगी तब कैसे केंद्र सरकार कार्य करेगी? राज्य सरकार ने पर्यावरण की दुहाई दी साथ ही एलिफेंट कोरिडोर का हवाला दिया। केंद्र सरकार प्रारंभ काल से ही धालभूमगढ़ एयरपोर्ट बनाने की वकालत करती रही लेकिन जब से यह राज सरकार बनी है तब से धालभूमगढ़ एयरपोर्ट इसमें षड्यंत्र करती रही।

### मारवाड़ी सम्मेलन शाखा 8 को मनायेगा होली

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा की एक बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों और सत्नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर के पंडितों के साथ मिलकर रंगो की होली (छारंडी) 8 मार्च बुधवार को खेलने तथा होलिका दहन 7 मार्च मंगलवार की सुबह 4.30 बजे करने का निर्णय लिया गया। बैठक साकची स्थित माता महालक्ष्मी दादी मंदिर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश कुमार कांवटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष सुरेश ने बताया कि डांडा रोपण 6 मार्च सोमवार सुबह बजे होगा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 8 मार्च बुधवार की संध्या 6.30 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी छुट्टी और स्कूलों की छुट्टी को देखते हुए साकची शाखा मारवाड़ी समाज के सभी बंधुओं से आग्रह करती है कि रंगो की होली (छारंडी) 8 मार्च बुधवार को खेली जाए। जिससे छुट्टी के कारण त्यौहार मनाने में सभी को सुविधा हो और समाज की एकजुटता दिखे। ज्यादातर जगह 8 मार्च को ही होली हो रही है। बैठक में प्रमुख रूप से रामकृष्ण चौधरी (बीजू बाबू), ओम प्रकाश रिगसिया, पंडित पुरुषोत्तम जोशी, पंडित दीपक जोशी, पंडित बसंत जोशी, संतोष अग्रवाल, अशोक चौधरी, बजरंग अग्रवाल, शंभू खन्ना, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), पवन सिंघानिया, महावीर प्रसाद मोदी, सीताराम देबुका, सांवरमल अग्रवाल, सुशील सिंघानिया आदि उपस्थित थे।

### ह्यूमन वेलफेयर ने जरूरतमंदों को कराया भोजन

**जमशेदपुर।** बुधवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एमजीएम अस्पताल में रह रहे मरीज के अभिभावक, अटेंडर एवं 460 जरूरतमंद लोगों के बीच मुख्य अतिथि के तौर पर मतीन तारिक एवं अब्दुल हफीज के हाथों सेब केला एवं ब्रेड का वितरण किया गया। मतीन तारिक ने बताया के पिछले एक वर्ष से लगातार भोजन वितरण किया जा रहा है जो काफी सराहनीय है और एक मिसाल और पुण्य का काम है मैं भी संस्था के साथ मिल कर सेवा करूंगा। आज के वितरण समारोह में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर अजीज हसनैन,अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान,मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज,मोहम्मद शमशाद,मोहम्मद एजाज और अफताब आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे आए हुए अतिथियों ने खुद को इस वितरण समारोह का पात्र बना कर गर्वमणित महसूस किया और इसके लिए ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की पूरी टीम का धन्यवाद किया।

### माकपा ने नुक्कड़ सभा में गिनायी बजट की कमियां

**जमशेदपुर।** बुधवार को बिरसा चौक, साकची में आयोजित नुक्कड़ सभा के माध्यम से, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) [माकपा] द्वारा प्रस्तावित केंद्रीय बजट 2023 के खिलाफ, देशव्यापी विरोध सप्ताह कार्यक्रम का समापन किया गया। 22 फरवरी से पिछले सात दिनों के दौरान पूरे पूर्वी सिंहभूम जिले में संबंधित कमेटियों द्वारा कई ब्लॉक स्तरीय विरोध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज की नुक्कड़सभा में वक्ताओं द्वारा केंद्रीय बजट-2023 को बड़ी पूंजी को तुष्ट करने वाला तथा आमजनता विरोधी करार देते हुए ,मेहनतकश एवं प्रगतिशील देशप्रेमी जनता से, रोजगार सृजन में गैर प्रतिबद्ध तथा जन कल्याणकारी योजना एवं सब्सिडी में भारी कटौती करने वाले जन विरोधी बजट प्रस्ताव के खिलाफ विरोध तेज करने की अपील किया गया । माकपा के जिला सचिव कॉ जेपी सिंह ने बताया कि, प्रस्तावित केंद्रीय बजट 2023, दरअसल आम जनता के खिलाफ एक शैतानी साजिश मात्र है, मिसाल के लिए, वर्तमान वित्तीय वर्ष में खाद्य , उर्वरक और ईंधन पर सब्सिडी के तहत जो खर्च अनुमानित हैं , उससे प्रस्तावित बजट 2023-24 में 1.47 लाख करोड़ रुपए की भारी कटौती की गई है। इसलिए अगले वित्तीय वर्ष के दौरान अनाज, उर्वरक और एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि अपरिहार्य हैं। बेरोजगारों को थोड़ी बहुत राहत देने वाली मनरेगा के लिए आवंटन में 33 फीसदी की कटौती कर दी गई है। इसके अलावा ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन , बाल विकास कार्यक्रम, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय शिक्षा मिशन, जैसी कई कल्याणकारी योजना में कटौती की गई है । अधिकतम संख्या में रोजगार सृजित करने वाले सूक्ष्म उद्योगों के लिए कोई समर्पित प्रोत्साहन या सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं। नुक्कड़ सभा को कामरेड नागराजू समेत कई कॉमरेडों ने संबोधित किया।

### घाटशिला सर्कस मैदान में डिजनीलैंड मेला आज से

**जमशेदपुर।** हिन्दुस्तान का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड पहली बार घाटशिला सर्कस मैदान में दिनांक 01 मार्च 2023 से प्रारंभ होने जा रहा है। फन वर्ल्ड डिजनीलैंड का उद्घाटन 01 मार्च 2023 को संध्या 6:15 बजे माननीय सांसद श्री विद्युत वरण महतो, घाटशिला के विधायक प्रतिनिधि श्री जगदीश भगत, घाटशिला के पार्षद श्री करण सिंह, गोपालपुर पंचायत के मुखिया श्री सांखी हांसदा द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। घाटशिला एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों के लिए फन वर्ल्ड डिजनीलैंड जैसा बड़ा आयोजन पहली बार हो रहा है। उक्त जानकारी देते हुए फन वर्ल्ड के संयोजक श्री चन्द्रशेखर पर्वत एवं शत्रुघन गिरि ने बताया कि इस फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में मिनी भारत की एक झलक दिखेगी। जहाँ हिन्दुस्तान के हर प्रांत के परिधान एवं हेन्डी क्राफ्ट के समान उपलब्ध रहेंगे। स्टाईल ऑफ मन, ब्रेक डान्स, ड्रेगन ट्रेन, टोरा-टोरा द्वारा लोगों का भरपूर मनोरंजन करने का प्रयास किया जायेगा। फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानें होंगे।

## जल मीनार लगाने के दस घंटा के अंदर ही स्ट्रक्चर ध्वस्त, बड़ा हादसा टला

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**पोटका।** पोटका प्रखंड अंतर्गत विकास कार्यों में गुणवत्ता का कितना ध्यान रखा जाता है इसका एक ज्वलंत मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में बीडीओ को एक ज्ञापन भी दिया है। प्रखंड के हाथीबिंदा पंचायन के रंगाडीह टोला में दो दिन पूर्व 27 फरवरी को एक जल मीनार लगाया गया था। जल मीनार लगाने के मात्र दस घंटा के अंदर जलमीनार जमीन पर धराशाई हो गया। जलमिनार गिरने से एक हजार लीटर का पानी टंकी भी फट गया। संयोग अच्छा था की वहा पर कोई उपस्थित नहीं था। अन्यथा एक बड़ी घटना से इंकार नही किया जा सकता। यह जल मीनार हाथीबिंडा पंचायत निधि से लगाया गया था। ग्रामीणों का कहना था की काम बहुत ही घटिया स्तर पर किया गया था। जल मीनार का लोहे का स्ट्रक्चर बिलकुल ही पतला था। जो पानी टंकी का लोड नहीं सह सकता था। इसके अलावा स्ट्रक्चर को सीमेंट तथा कंक्रीट से पक्का किया जाता है। लेकिन उसे ऐसे ही गड्ढा खोदकर लगा दिया गया था।

## अरका जैन विवि में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गत 28 फरवरी 2023 को इंजीनियरिंग विभाग , अरका जैन विश्वविद्यालय , जमशेदपुर, झारखंड में छात्रों और शिक्षकों के लिए एक ओपन हाउस कार्यक्रम आयोजित करके वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 मनाया गया। प्रोफेसर (डॉ.) एस.एस. राजी, कुलपति, एजेयू ने दीप जलाकर और सरस्वती वंदना के बाद समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हमारे अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) एसएस रजी ने अपने संबोधन में याद किया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की पथ-प्रदर्शक खोज की याद में मनाया जाता है, जिसके कारण प्रो. सी.वी. रमन उन्होंने दिन-प्रतिदिन के उदाहरण देकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के कई जटिल पहलुओं को स्पष्ट रूप से और समझने में आसान तरीके से समझाया है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे हाल के वर्षों में भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवसर पर डॉ अरविंद कुमार पांडे, डॉ अश्विनी कुमार, डॉ बिनोद कुमार चौधरी, डॉ चंद्रप्रहा साहू, अन्य संकाय सदस्य डॉ कीर्ति राय, डॉ अनुपम कुमारी, डॉ कुलदीप कुमार साहू, डॉ मनोज कुमार पाठक, डॉ नूपुर शर्मा, सुश्री पूजा प्रांद और छात्र उपस्थित थे।



समारोह में उपस्थित अतिथिगण।

## एयरपोर्ट मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप शुरू



**जमशेदपुर।** भाजमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कोलहान की बहुप्रतीक्षित योजना धालभुमगढ एयरपोर्ट निर्माण रद्द होने पर राज्य की पूर्व एवं वर्तमान सरकार पर कड़ा हमला बोला है। श्रीवास्तव ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण कोलहान की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग थी। पूर्व की रघुवर सरकार ने धालभुमगढ में एयरपोर्ट निर्माण का दावा किया और शिलान्यास कराकर जमकर अपनी पीठ थपथपाई और जनता को झूठा सपना दिखाया। जमशेदपुर एक उद्योगीक नगरी है और यहां की परिदृश्य में एयरपोर्ट की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। यहां के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य, चिकित्सा और टूरिज्म के दृष्टिकोण से एयरपोर्ट निर्माण होना अति आवश्यक है।

## बूथों को मजबूत बनाने को लेकर भाजपा के बूथ सशक्तिकरण अभियान प्रशिक्षण संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य हासिल करने को लेकर बूथ स्तर पर जोर दे रही है। पार्टी भाजपा जमशेदपुर महानगर के एक-एक बूथ को मजबूत करने की रणनीति बना कर आगे बढ़ रही है। पार्टी का पूरा ध्यान बूथों को सशक्त बनाने में है।

जिसे लेकर भाजपा ने पूरे प्रदेश में बूथ सशक्तिकरण अभियान प्रारंभ किया है। इसी क्रम में, बुधवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा के 28 मंडलों के अध्यक्ष एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान की टोलियों ने भाग लिया। बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन में आयोजित कार्यशाला में भाजपा झारखंड प्रदेश बूथ सशक्तिकरण अभियान की टोली के सदस्य अमित नाथ चरण प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन बिस्टुपुर मंडल महामंत्री राकेश कुमार ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश बूथ सशक्तिकरण अभियान की टोली के सदस्य अमित नाथ चरण ने बूथ सशक्तिकरण अभियान की बारीकियों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होनें कहा कि, जमशेदपुर महानगर की सभी बूथ मजबूत हो, इसके लिए हम सभी को गंभीरता से सार्थक प्रयास करने हैं। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को बूथ सशक्तिकरण के समस्त कार्य को शीघ्र सम्पन्न करने के निर्देश दिए।

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**जमशेदपुर।** साकची श्री अग्रसेन भवन में शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर (कोल्हान) द्वारा कुलदेवी महासर माता का पांचव मासिक कीर्तन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसका आयोजन सुमन-टोनी भालोटिया परिवार द्वारा किया गया था। यजमान सुमन-टोनी भालोटिया द्वारा पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्जवलित की गयी। पंडित रामजी पारिक ने पूजा की और सबको रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर स्थानीय भजन गायक राधा-रानी, पूजा झा, रोहित गुलाटी, द्वारा श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ करजे हुए माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर कुलदेवी का गुणगान किया गया। कलाकारों द्वारा महासर मईया आज है बैठी खोल खजाने प्यार के...., महासर वाली मैया लगे है मुझको जान से प्यारी..., महासर जाके मैया मेरी मौज हो गई..., संकट हरनी मंगल करनी..., कृपा अपनी मइया जी बनाये रखियो..., तेरे होते क्यों गीली है मेरी अखियां बता दो मां.... आदि भजनों की शानदार की गयी प्रस्तुति पर भक्त माता के जयकारे लगाते हुए झूमते रहे।

## अनुकरणीय किसान : नींबू बेचकर सालाना 1.5 लाख की आमदनी कर रहे शिवचरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नींबू की खेती में सफल किसान शिवचरण पाड़ेया के सफलता की कहानी आज जिले के दूसरे किसानों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है। डुमरिया प्रखण्ड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूरी पर बसा बारूनिया गांव घने जंगलों से घिरा हुआ है। पूरा गांव कृषि पर निर्भर है। पाड़ेया परिवार भी किसान परिवार है लेकिन शिवचरण पाड़ेया के पिता की एक पहल ने पूरे गांव की पहचान बदलकर रख दी है। बारूनियां गांव आज नींबू उत्पादकों के गांव के रूप में जाना जाता है। शिवचरण के पिता ने करीब 20 साल पहले 200 बारहमासी काब्जी नींबू के पौधे लगाए थे जो अभी 160 की संख्या में बड़े पेड़ होकर फल दे रहे हैं। शिवचरण बताते हैं कि शुरूआत के समय में साईकिल से घाटशिला, मुसाबनी, डुमरिया और ओड़िशा के बहलदा, बदामपहाड़ और रायरंगपुर तक नींबू बेचते थे, उस समय नींबू की कीमत 20-30 पैसे मिलता था। 1 नींबू 3-5 रूपए में बिकता है जिससे सालाना लगभग डेढ़ लाख रू की आमदनी कर लेते हैं। इसके अलावा बकरी पालन और सब्जियों की खेत से भी प्रति वर्ष लगभग 50,000 आमदनी करते हैं, कुल मिलाकर प्रति वर्ष लगभग दो लाख रुपए तक आमदनी होती है। शिवचरण अपने व्यापार का दायरा बढ़ा रहें हैं। इनके पास 100100 का एक तालाब है जिससे पटवानी करते हैं। एक वर्ष में दो बार तोड़ाई करते हैं, पहला अक्टूबर-नवम्बर में तथा दूसरा जून-जुलाई में। 50 किलो वाले बोरा में लगभग 1200 नींबू आ जाता है और एक तोड़ाई में लगभग 18-20 बोरियां हो जाती है। वर्तमान में नींबू की मांग काफी है और कीमतों में भी उछाल आने से नींबू उत्पदाकों की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है।





नींबू के बगान में शिवचरण। बगान देखने पहुंचे नाबार्ड के अधिकारी।

### नींबू उत्पादन बढ़ा तो उत्पाद को बचाने के लिए मिला कोल्ड स्टोरेज का सहारा

शिवचरण कहते हैं कि नींबू उत्पादन बढ़ा और बाजार भी मिलने लगा तो चुनौती नींबू को खराब होने से बचाने की थी। कृषि विभागीय आत्मा के प्रसार कर्मियों के संपर्क में आने के बाद कोल्ड स्टोरेज के बारे में पता चला । सहकारिता विभाग, पूर्वी सिंहभूम द्वारा पश्चिम बादिया लैम्पस में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण खास तौर से ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिए स्थापित किया गया है जिसका लाभ बारूनियां के सभी नींबू उत्पादक किसान भी उठा रहे हैं।

### अंतरराज्यीय स्तर पर नींबू विपणन की योजना पर कार्य कर रहा प्रशासन

शिवचरण का कहना है कि यदि सरकारी सुविधा का लाभ उठाते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती किया जाए तो गांव के लोगों को पलायन नहीं करना पड़ेगा । प्रखंड विकास पदाधिकारी, डुमरिया साधुचरण देवगम, कृषि, उद्यान, आत्मा व नाबार्ड के पदाधिकारियों ने बारूनिया गांव का दौरा कर किसानों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाने के साथ साथ सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लगातार प्रेरित करते रहे हैं। बारुनिया के किसानों से संपर्क कर नींबू के अन्तर्राजकीय स्तर पर विपणन की योजना पर कार्य किया जा रहा है। निश्चित ही बारूनिया गांव के अलावे आसपास के अन्य गांवों में नींबू की खेती करने वाले किसानों को आने वाले समय में इसका लाभ मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### राज्यव्यापी हड़ताल को चंदवा में डॉक्टरों ने दिया समर्थन

➲ आपातकालीन सेवा को छोड़कर अन्य सेवाएं रहीं बाधित

**चंदवा।** आईएमए व झासा के आह्वान पर चिकित्सकों की राज्यव्यापी हड़ताल को चंदवा के चिकित्सकों ने भी अपना समर्थन दिया। राज्यव्यापी हड़ताल के दौरान बुधवार को आपातकालीन सेवा के साथ दूर दराज क्षेत्रों से आए रोगियों का इलाज स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा किया गया। आपातकालीन सेवा में पहुंचे मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं दी गईं। सीएचसी प्रभारी डा. नंद कुमार पांडेय, डा. प्रकाश बड़ाइक, डा. नीलिमा के साथ आयुष चिकित्सक डा. तरूण जोश लकड़ा चिकित्सों ने बताया कि हड़ताल की वजह राज्यभर में चिकित्सकों के साथ मारपीट की घटनाएं हैं। चिकित्सक की प्रताड़ना की घटनाओं के बीच सरकार द्वारा किसी तरह की पहल नहीं होता देख संघ द्वारा हड़ताल का निर्णय लिया गया।

### ईंट लेकर जा रहा 407 ट्रक पलटा बाल-बाल बचे चालक व उप चालक



**बारियातू।** बारियातू टंडवा मार्ग के टोंटी मंदिर के समीप इट लौडिंग 407 ट्रक पलट गई। सिबला टोटी होते हुए ईट लोडिंग कर ट्रक मनातू की ओर जा रही थी। इसी बीच तेज गति के कारण जेएच 02 एजेड 8403 अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे वाहन सड़क किनारे ही पलट गई। वाहन पलटने के बाद चालक उपचालक सुरक्षित बच गए। घटना की जानकारी बारियातू थाना को दे दी गई।

### विद्यालय की खिड़की तोड़कर सामग्री की चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर में अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय के खिड़की तोड़कर सिलाई मशीन, बक्सा, टीवी, विज्ञान किट, समेत कई सामग्री की चोरी कर ली गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सरजू साहू ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि मैं 28 फरवरी को अन्य दिनों की तरह विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य कर 3:00 बजे के बाद स्कूल बंद करके अपने घर चला गया और बुधवार को समय अनुसार अपने विद्यालय पहुंचा तो पाया कि विद्यालय के कमरे के पीछे की खिड़की तोड़कर उस कमरे से रखे गए। बालिका शिक्षा का सिलाई मशीन, बक्सा में बंद टीबी, विज्ञान किट, एकुटेन्स रजिस्टर व अन्य सरकारी कागजात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रधानाध्यापक ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है ज्ञात हो कि इन दिनों बालूमाथ में चोरी की घटना में वृद्धि हुई है। पिछले एक सप्ताह पूर्व उच्च विद्यालय में भी अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर लैपटॉप, बैटरी, इनवर्टर समेत कई सामानों की चोरी कर ली गई थी। लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं कर पाया है।

### आप के कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का किया पुतला दहन



पुतला दहन करते कार्यकर्ता।

**लातेहार।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में लातेहार आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रखंड सचिव सारू अंसारी ने कहा कि दिल्ली के विकास देख भाजपा घबराई हुई है, इसलिए सीबीआई को आगे कर मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी करवाई गई है। उन्होंने कहा कि इससे आम आदमी पार्टी घबराने वाली नहीं है। जनता की सेवा के लिए जो कार्य किया जा रहा है। वह जारी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबरा हुई है। इसलिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम में कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिपियसक देवी के आश्रित को मिला 60 हजार का चेक

**चंदवा।** प्रखंड के बोदा पंचायत अंतर्गत डूमरचुआं गांव में बीते 18 फरवरी की शाम जंगली हाथी के हमले में जान गंवाने वाली महिला जिपियसक देवी के पति फूलदेव गंझू को वन विभाग के द्वारा बुधवार को 60 हजार रुपये चेक प्रदान किया। चेक प्रदान करते रेंजर राकेश कुमार ने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शेष तीन लाख की राशि भुगतान का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान जंगल को बेवजह नष्ट नहीं करने, जब कभी जंगली हाथी अथवा किसी अन्य जानवर के आने की आहट और खतरे की आशंका के बीच सतर्क होने के साथ विभाग को तत्काल सूचना देने की बात कही। मौके पर पंसस सुशीला टोपनो, विभाग के कर्मी वीरेंद्र कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### परीक्षा सेंटर पर ले जाने के लिए बस देने की मांग

**बालूमाथ।** बालूमाथ पूर्व प्रमुख सह जिला सांसद प्रतिनिधि डीएमएफटी लातेहार संजीव कुमार सिन्हा ने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव और मगध परियोजना पदाधिकारी को आवेदन लिखकर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में छात्राओं की सुविधा के लिए बस व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है। इस संबंध में दिए आवेदन में कहा है कि परियोजना बालिका उच्च विद्यालय तस्तबार बालूमाथ का माध्यमिक बोर्ड परीक्षा का सेंटर बालूमाथ से 8 किलोमीटर दूर झाबर कर दिया गया है। कई छात्राओं के अभिभावकों की स्थिति ठीक नहीं है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से उपरोक्त मामले पर छात्राओं को परीक्षा केंद्र लाने हेतु डीएमएफटी मद/सीएसआर मद से वाहन की व्यवस्था कराई जाए। विद्यालय में 163 छात्राए अध्यनरत है।

# होली व शब-ए-बारात को लेकर चंदवा थाना में बैठक संपन्न

## चंदवा की एकता व शांति व्यवस्था को कायम रखने में सबकी भागीदारी अहम : एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**चंदवा।** आगामी होली व शबे-ए-बारात को लेकर चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व संचालन एसडीओ शेखर कुमार ने किया। बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए एसडीओ शेखर कुमार, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि चंदवा की शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण जिले में मिसाल है, इसे बरकरार रखने में सबकी भागीदारी अहम है। इन्होंने त्योहार के दौरान अवैध शराब की बिक्री पर रोक, वाहनों के रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर अभियान चलाने की बात कही साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक व समाज मे द्वेष फैलाने वाले संदेशों को साझा न करने की बात कही। कहा कि अगर कोई सूचना प्राप्त हो तो उन्हें सोशल मीडिया में डालने के बाजाये प्रशासन तक पहुंचाया जाए ताकि दोषी के खिलाफ कार्रवाई हो व समाज में सद्भावना भी कायम रहे। इस दौरान चंदवा प्रखंड के परिजनों ने भी अपनी बातों को रखना और प्रशासन को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। मौके पर चंदवा पश्चिमी जिपस सरोज देवी, पंसस नीलम देवी, प्रमोद साहू, विजय दुबे, राजकुमार साहू, देव मोहन सिंह, दीपू सिन्हा, संजय दुबे, बाबर खान, मनोज चौधरी, मुखिया रंजीत उरांव, जतरु मुंडा, रंजीता एक्का, फुलजेन्सिया टोप्पो, संगीता लकड़ा, पुष्पा देवी, ललिता देवी, विफई मुंडा समेत काफी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद थे।

# मनिका प्रखंड के लैंपस में किसानों के धान हो रहे हैं बर्बाद, 3 महीनों से नहीं हुआ उठाव

## लातेहार उपायुक्त से मामले को संज्ञान में लेने के लिए लैंपस प्रबंधन समिति ने की अपील



लैंपस में रखा हुआ धान।



जानकारी देते जनप्रतिनिधि।

**क्या कहते हैं 20 सूत्री अध्यक्ष**

इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा कि 20 सूत्री द्वारा आयोजित की गई मासिक बैठक में भी इस मामले को उठाया गया था। हम लोग बहुत जल्द ही संबंधित विभाग को आवेदन भेजेंगे और किसानों की दूसरी किस्त का भुगतान जल्द से जल्द कराने का प्रयास करेंगे।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ किसानों के दूसरी किस्त का नहीं हुआ भुगतान, विभागीय अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी नहीं की गयी कार्रवाई

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित लैंपस के धान क्रय केंद्र में किसानों से लिए गए धान का 3 महीनों पूर्व से उठाव नहीं हुआ है जिसके कारण किसानों का दूसरी किस्त की राशि रुका हुआ है और लैंपस में रखे रखे चूहे एवं कीड़े लगने से धान बर्बाद होने की कगार पर है। वहीं लैंपस प्रबंधक मनिका सत्येंद्र कुमार यादव बताते हैं कि 15 दिसंबर से हीं धान का क्रय शुरू किया गया था लेकिन 3 महीने बीत जाने के बाद भी धान का उठाव नहीं हुआ है। इस विषय में हम लोगों ने विभागीय अधिकारियों को भी जानकारी दिया है लेकिन इस पर कोई पहल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी गर्मी का मौसम शुरू हो गया है जिससे लगातार धान का वजन कम होगा और किसानों के दूसरी किस्त मुहैया कराने में भी दिक्कत होगी और इससे लैंपस संचालक व प्रबंधक समिति के छवि में असर पड़ेगा,किसानों का हमारे ऊपर से भरोसा उठ जाएगा। इसलिए समय से धान का उठाव होना बहुत जरूरी है। वहीं लैंपस प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने कहा कि विभाग के द्वारा बोला गया था कि 8 दिनों के अंदर धान का उठाव किया जाएगा लेकिन 3 महीने बीत जाने के बाद भी धान का उठाव नहीं हुआ हम लोगों ने जिला कृषि पदाधिकारी को भी लिखित आवेदन देकर मामले से अवगत कराया था लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई है। मौके पर उन्होंने लातेहार उपायुक्त से अपील किया कि किसान हित को देखते हुए मामले को संज्ञान में लें और धान का उठाव जल्द से जल्द करवाएं ताकि किसानों की दूसरी किस्त का भुगतान हो सके।

### विद्यालय रुचवा के प्रधानाध्यापक पंचम गंझु को सेवानिवृत्त होने पर सम्मान के साथ दी गयी विदाई



विदाई समारोह में उपस्थित शिक्षक व अन्य।

**बारियातू।** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रुचवा के प्रधानाध्यापक पंचम गंझु को 60 वर्ष आयु पूर्ण होने की अवधि में सेवानिवृत होने पर सम्मान के साथ विदाई दी गई बिदाई। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रुचवा में पारा शिक्षक के रूप मे पंचम गंझु 2003 से लगातार ईमानदारी के साथ शैक्षणिक कार्य करते आ रहे थे। उनके कार्य व ईमानदारी को देखते हुए विभाग ने प्रधानाध्यापक का प्रभारी सौंपा था। लगभग बीस वर्ष कार्य को सँभालते हुए सुदूरवर्ती क्षेत्र मे शिक्षा देने की काम किए। गोनिया पंचायत के रुचवा गांव में विद्यालय नहीं थी अभियान आने के पश्चात सर्वप्रथम 2003 में पंचम गंझु ने ही विद्यालय का स्थापना किए थे। विद्यालय भवन नहीं रहने के कारण पेड़ के छांव में कभी- कभी दूसरे के घर में बच्चों को शिक्षा देने का कार्य किए। हालांकि वर्तमान मे विभाग द्वारा भवन सहित अन्य सुविधा दुरुस्त कर दी गई। सरकारी प्रवधान के तहत आयु सीमा भी पूरी हो गई। इधर वेतन भी वृद्धि हुई। लेकिन सेवानिवृत हो गए। सहायक अध्यापक का नियमावली लागू नहीं हो पाने के कारण सेवानिवृत्त का लाभ नहीं मिल पायेगा। विद्यालय भवन मे विदाई समारोह आयोजित कर शिक्षक राजेश्वर गंझू, बलराम गंझू,जीतन राम अरुण सिंह,अजय कुमार भोक्ता, गोनिया समन्वयक ईश्वरी कुमार सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अंग वस्त्र देकर भावुक होकर विदाई किए। मौके पर चेतू गंझू,कोमल गंझू,लगन गंझू,हरिलाल गंझू,सोहराई गंझू, सोहवती देवी, सावित्री देवी, सुनवा देवी, पार्वती देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय वैश्य महासभा का होली मिलन समारोह तीन को

**लातेहार।** करकट स्थित सेलिब्रेशन होटल में आगामी 3 मार्च को अखिल भारतीय वैश्य महासभा के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वैश्य महासभा के अध्यक्ष महेंद्र शौंडिक ने बताया कि 3 मार्च को होली मिलन समारोह किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर चंदवा, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, मनिका प्रखंडों में वैश्य समाज के लोगों से मिलकर कार्यक्रम में पहुंचने की अपील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह होली मिलन समारोह आपसी भाईचारा को बढ़ाता है। होली मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिनंदन प्रसाद, रमेश प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार उर्फ बूटा, भरत प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, छोटू राजा, नंदकिशोर प्रसाद, पंकज प्रसाद, जदू नंदन प्रसाद, झूलन भगत, चंद्रेश प्रसाद, गुड्डू प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद,विनोद प्रसाद, प्रेम भगत, दिनेश प्रसाद आदि लगे हुए है।

### कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिन बुधवार को युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार यादव की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकजुटता का परिचय देते हुए प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि आज जिस तरह से हम लोग एकजुटता के साथ होली मिलन समारोह मना रहे हैं उसी तरह आगामी 8 फरवरी को भी सभी लोग भाईचारे और एकजुटता का परिचय देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाए,किसी के साथ भेदभाव या लड़ाई झगड़ा ना करें। होली भाईचारे और एकता का पर्व है इसलिए इस पर्व में सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाए और होली पर्व की बधाई दें। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार यादव, राष्ट्रीय मानवाधिकार जिला अध्यक्ष प्रमिला कुमारी, विनय कुमार मंदिलवाल, रीता देवी, सीमा कुमारी, युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी, पूर्व मुखिया संजय सिंह, अजय कुमार यादव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विशाल कुमार पासवान, बिजेंदर पासवान, पप्पू पासवान, रिंकू राम, ज्ञानचंद पासवान, संजय पासवान, कल्टु पासवान, अखिलेश पासवान, प्रदीप पासवान, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जन मजदूर परिवार संघ के कार्यालय में पहुंचे सुरेश राम, लोगों ने किया स्वागत




मौके पर उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ डीवीसी कंपनी पहले विस्थापित के पुनर्वास की व्यवस्था करे उसके बाद ही कंपनी अपना काम करे : सुरेश राम

**लातेहार।** जन मजदुर परिवार संघ के कार्यालय में बुधवार को सुरेश राम पहुंचे। जहां उनका स्वागत जन मजदुर परिवार संघ के अध्यक्ष समसेर आलम, सचिव खलील अंसारी, उप सचिव सतीश सिंह एवं सदस्यों के द्वारा किया गया। इसके पश्चात लोगों को संबोधित करते हुए श्री राम ने कहा कि जितने भी गांव डीवीसी कंपनी से विस्थापित एवं प्रभावित हो रही है। उन सभी गांव के जनता को जीवन यापन की सुविधा एवं क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास किये बिना अगर कंपनी अपना कार्य चालू कर रही है तो ये सरा सर गलत है। कंपनी अगर विस्थापित एवं प्रभावित लोगो को रोजगार नहीं दे रही है तो ये झारखण्ड सरकार के नियोजन निति के विरुद्ध कंपनी काम कर रही है। बिना माइनिंग परमिशन के कही का भी कंपनी काम प्रारंभ नहीं कर सकती है। डीवीसी कंपनी पहले विस्थापित को पुनर्वास की व्यवस्था करें। उसके बाद ही कंपनी अपना काम करे। वहीं श्री राम ने आगे कहा कि एकता में ही ताकत है इसलिए मै यहां के विस्थापित प्रभावित ग्रामीण से कहना चाहता हुं कि आप सभी एक मंच में जन मजदुर परिवार संघ के हाथ में हाथ मिला कर कदम से कदम मिला कर चले। तभी क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास होगी। वहीं संघ के अध्यक्ष समसेर आलम ने जन मजदुर परिवार संघ के साथ देने के लिए सुरेश राम को धन्यवाद दिया। मौके पर पवन सिंह, सुनील भुइयां, मो. अफाक, मो. फैज अहमद, आमिर हमजा, मंजर हुसैन, तौहीद आलम, फैजान रजा, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### श्रीनंदलाल पंचगव्य चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ



शुभारंभ के दौरान उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चंदवा के सरोज नगर में बुधवार को श्री नंदलाल पंचगव्य चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अथिति अयोध्या से आये संत रामस्वरूप दास त्यागी महाराज, विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, संघ के राजेश चन्द्र पांडेय व अन्य अतिथियों से संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इसके पूर्व संत रामस्वरूप दास त्यागी के द्वारा विधिवत पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर पंचगव्य चिकित्सा पद्धति की जानकारी देते हुए संत रामस्वरूप दास त्यागी महाराज ने कहा कि पंचगव्य चिकित्सा पद्धति में जटिल व असाध्य रोगों का उपचार सम्भव है। भाग दौड़ भारी जीवन शैली के कारण वर्तमान समय मे लोगो तनाव-डिप्रेशन में जीवन गुजार रहे है व सुगर हाई ब्लूड प्रेसर के शिकार हो रहे है। इस चिकित्सा पद्धति में इनरोगो का सफल उपचार सम्भव है। इन्होंने आगे बताया कि पंचगव्य का अर्थ है कि देशी गाय के प्राप्त होने वाले पांच पदार्थ दूध, दही, घी, गोमूत्र व गोबर का औषधि के रूप में उपयोग किया जाता है जो जीवन के लिए वरदान है। इस दौरान गव्यसिद्ध डॉक्टर कौशल अग्रवाल ने भी पंचगव्य च से जुटी जानकारियों को लोगो के बीच साझा किया। बताया कि इस चिकित्सा पद्धति से इलाज कराने में शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नही पड़ता है व रोग से मुक्ति मिलती है। मौके पर नंदलाल प्रसाद अग्रवाल, नरेश प्रसाद, ईश्वर अग्रवाल, मोहन वरू, प्रमोद दुबे, राजू अग्रवाल, डॉ अनिल कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भंडारे के साथ शिव पार्वती सह पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न

**लातेहार।** शहर के राजहार मोड़ पर स्थित शिव पार्वती सह पंचमुखी हनुमान मंदिर का सातंवा वार्षिकोत्सव बुधवार को यहां आयोजित भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इससे पहले पंडित त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य मे वेदी पूजन, पाठ एवं पूणार्हुति की गयी। इसके बाद नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य यजमान नारायण साव व प्रकाश तिवारी सप्तनीक उपस्थित थे। इसके बाद वरीय भाजपा नेता सह पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजधनी प्रसाद यादव, समाजसेवी मुरारी प्रसाद, मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक, निर्मल कुमार महलका व कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद आदि ने भंडारा का शुभारंभ किया। भंडारा में लातेहार एवं आसपास के क्षेत्रों हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और अपने एवं अपने परिवार की सुख शांति की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की ने भी मंदिर परिसर पहुंच कर माथा टेका व प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के वार्षिकोत्सव को ले कर यहां काफी उत्साह देखा गया। मौके पर प्रमोद प्रसाद सिंह, अभिनंदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, संतोष पासवान, राजू रंजन प्रसाद, ओम प्रकाश, चंद्रदेव प्रसाद, खुशी प्रसाद, कारू प्रसाद, मुकेश प्रसाद, राहुल रंजन, कृष्णा प्रसाद, रंजीत प्रसाद, गजेंद्र प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, विशाल चंद्र साहु व संतोष कुमार अग्रवाल समेंत कई लोग उपस्थित थे। बता दें कि सातवें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम का शुभारंभ 27 फरवरी को कलश यात्रा के साथ किया गया था।



## पीटीआर के बेतला रेंज में

# सांसद, उपायुक्त, डिप्टी डायरेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** देश एवं विदेशों में मशहूर पलामू टाइगर रिजर्व प्रतिदिन दयनीय स्थिति होते जा रहा है। इसका मुख्य कारण वन विभाग के लापरवाह अधिकारी, सरकार की उदासीनता भी साफ दिखाई दे रही है। बताते चलें वन विभाग की लापरवाही के कारण प्रतिवर्ष दर्जनों जानवरों का मौत हो जाती है। लेकिन विभाग सिर्फ पोस्टमार्टम कराकर संस्कार करने के बाद अपने कर्तव्य से पल्ला झाड़ देते हैं। बताते चलें कि कुछ दिन पहले हिरन भटक कर बेतला रेंज के मतनाग गांव में पहुंचा, जहां जाल में फंसने से बुरी तरह घायल हो गया था एवं घायल अवस्था के बाद उसकी मौत हो गई, वन विभाग हिरण की मौत से साफ इंकार कर रही है एवं जंगल में छोड़ने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने बताया कि घायल हिरण का शरीर से अत्यधिक रक्तस्त्राव हो जाने के कारण वह जीवित नहीं रह सकता है। ऐसे में वन विभाग का दावा झूठा है वह अपने बचाव के लिए झूठ बोल रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण और वन विभाग दोनों आमने-सामने देखने को मिल रहा है।

### रेस्क्यू कर बेतला लाये गये हथनी के नवजात बच्चे की भी हो गयी थी मौत



मृतक हिरण।

ऐसे में पलामू टाइगर रिजर्व का अस्तित्व खतरे में पढ़ते जा रहा है, बताते चलें कुछ माह पहले नन्हे हाथनी के बच्चे को रेस्क्यू कर बेतला में लाया गया था। लेकिन वन विभाग के लापरवाही के कारण हथिनी के बच्चे की मौत हो गई थी। ग्रामीणों के द्वारा दोषी वन कर्मियों पर कार्रवाई के लिए भी आंदोलन कर रहे थे। लेकिन विभाग के रहनुमा कारवाई क्या करेगी।

### वन विभाग के पदाधिकारी ठेकेदारी करने में है मस्त, पीटीआर को चिंता नहीं

इसमें सिर्फ वन विभाग के पदाधिकारियों का दोष नहीं है झारखंड सरकार के के रहमो करम पर वन विभाग के पदाधिकारी वन एवं वन्य जीव को बचाने से ज्यादा ठेकेदारी करने में मशगुल है। ऐसे में कैसे ज्यादा से ज्यादा आर्थिक लाभ हो इसमें व्यस्त हैं। वन एवं वन्य जीव का संपूर्ण विनाष भी हो जाए तो उन्हें दिखावटी अफसोस या नाराजगी होता है,ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं कि प्रतिवर्ष जानवरों के मौत के मामले में विभाग को लीपापोती के शिवाय कुछ देखने को नही मिलता। ऐसे में पीटीआर का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है।

### प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की

बरवाडीह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने पीटीआर डिप्टी चतरा सांसद सुनील सिंह, लातेहार जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव डिप्टी डारेक्टर को पत्र लिखकर हिरण की मौत मामले में दोषी वन विभाग कर्मियों पर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है, ताकि ऐसे लापरवाह पदाधिकारियों पर नकेल कसा जाए, एवं वन्यजीवों की रक्षा की जा सके।

# ताश के पत्तों की तरह बिखरी टीम इंडिया

## 109 पर ऑलआउट, 17 रन लुटाये एक्स्ट्रा, डीआरएस भी बर्बाद, पहले दिन ही टीम इंडिया की लुटिया डूबी

## जडेजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दर्ज किया बड़ा रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय





एजेंसी

**इंदौर।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरूआती दोनों मैच जीतकर भारतीय टीम ने जो दबदबा कायम किया था, सबकुछ धरा का धरा रह गया। होलकर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन टीम इंडिया का फ्लॉप शो देखने को मिला। अपने घर पर हमारे सुपरस्टार बल्लेबाज सिर्फ 109 रन पर सिमट गए। समझ में नहीं आया कि क्यूरेटर ने जो पिच कंगारू बल्लेबाजों को फंसाने के लिए बनाई थी, वहां अपने शेर कैसे ढेर हो गए। बात सिर्फ बैटिंग तक ही सीमित नहीं है। महज 109 रन बनाने के बाद हमारे दानवीर गेंदबाजों ने 17 रन एक्स्ट्रा दे दिए। इस बीच तीनों रीव्यू भी बर्बाद हो गए। स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए लिए थे और उसके पास 47 रन की अहम लीड थी, जो आसानी से थ्री फिगर तक जाते दिख रही है।

### ऑस्ट्रेलिया की पकड़ में मैच

स्पिन अनुकूल पिच का फायदा उठाते हुए बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने अपने दूसरे ही टेस्ट में पांच विकेट चटकाए। आक्रामक रवैया अपनाने की रणनीति भारत पर भारी पड़ी और टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम सिर्फ 33.2 ओवर में सिमट गई। कंगारुओं के लिए पीटर हैंड्सकॉम्ब (7) कैमरन ग्रीन (6) नाबाद लौटे। भारत के लिए चारों विकेट रविंद्र जडेजा ने लिए। पहले दो टेस्ट की तरह पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिलने की उम्मीद थी, लेकिन होलकर स्टेडियम की पिच पर पहले ही घंटे में गेंद ने काफी टर्न लिया और कुछ मौकों पर गेंद नीची भी रही जो थोड़ा हैरानी भरा था।

### ताश के पत्तों की तरह बिखरी टीम इंडिया

भारत के लिए विराट कोहली 52 गेंद में 22 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल के स्थान पर टीम में जगह बनाने वाले शुभमन गिल ने 21 रन की पारी खेली। पहले सत्र में सात विकेट गंवाने के बाद भारत ने दूसरे सत्र में 25 रन जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट भी गंवा दिए। कुहनेमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 रन पर पांच विकेट चटकाए। ऑफ स्पिनर नॉथन लियोन ने 35 रन पर तीन विकेट चटकाकर उनका अच्छा साथ निभाया। उमेश यादव अगर 13 गेंद में दो छक्कों और एक चौके से 17 रन की पारी नहीं खेलते तो भारत को 100 रन के आंकड़े को पार करने के लिए भी जूझना पड़ता।

रविंद्र जडेजा बुधवार को कपिल देव के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट लेने और 5000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। इस 34 वर्षीय ऑलराउंडर ने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दौरान सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को पगबाधा आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका 260वां विकेट था, जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में विकेटों की संख्या 500 पर पहुंच गई। बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा ने 171 वनडे में 189 विकेट और 64 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। जडेजा उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने टेस्ट मैचों में 36.88 की औसत से 2619 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं। वनडे में उनके नाम पर 2447 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 457 रन दर्ज हैं। भारत के 1983 के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी थे। उन्होंने 131 टेस्ट में 434 विकेट और 225 एकदिवसीय मैचों में 253 विकेट लिए और इस तरह से उनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 687 विकेट दर्ज हैं। कपिल ने इसके अलावा टेस्ट मैचों में 5248 रन और वनडे में 3783 रन बनाए। कपिल और जडेजा के अलावा विश्व क्रिकेट में जिन अन्य खिलाड़ियों ने यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की उनमें दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (25,534 रन और 577 विकेट) और शॉन पोलाक (7,386 रन और 829 विकेट), पाकिस्तान के इमरान खान (7,516 रन और 544 विकेट), वसीम अकरम (6,615 रन और 916 विकेट) और शाहिद अफरीदी (11,196 रन और 541 विकेट), इंग्लैंड के सर इयान बॉथम (7,313 रन और 528 विकेट), श्रीलंका के चामिंडा वास (5,114 रन और 755 विकेट), न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी (6,989 रन और 667 विकेट) और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (13,445 रन और 653 विकेट) शामिल हैं।





## फ्रांस के महान फुटबॉलर जस्ट फोंटेन का निधन

फ्रांस के महान फुटबॉल खिलाड़ी जस्ट फोंटेन का बुधवार (एक मार्च) को निधन हो गया। वह 89 साल के थे। उन्हें 1958 विश्व कप में बनाए रिकॉर्ड के लिए याद किया जाता है। उन्होंने स्वीडन में हुए विश्व कप में 13 गोल दाग दिए थे। उसके बाद से एक विश्व कप में इतने गोल नहीं हुए। उनका 65 साल पुराना यह रिकॉर्ड आज भी कायम है।

फ्रांस के रेम्स क्लब से खेल चुके फोंटेन सिर्फ एक ही विश्व कप में खेल पाए। उन्होंने छह मैच में 13 गोल दागे थे। विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में तीन खिलाड़ियों ने फोंटेन को पीछे छोड़ा, लेकिन किसी ने एक विश्व कप में ऐसा नहीं किया। यहां तक कि दुनिया के सर्वकालिक महान फुटबॉलर माने जाने वाले अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने कतर विश्व कप में उनकी बराबरी की थी, लेकिन 13 गोल करने के लिए मेसी ने पांच विश्व कप खेले।

## श्रीलंका की मेजबानी के लिए न्यूजीलैंड टेस्ट टीम घोषित

क्राइस्टचर्च, न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने श्रीलंका के खिलाफ अगले हफ्ते से होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये 13-सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा बुधवार को की। एनजेडसी के चयनकताओं ने इंग्लैंड के विरुद्ध समाप्त हुई हालिया टेस्ट सीरीज से टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट में 267 रन की हार के बाद दूसरा टेस्ट एक रन से जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर की थी।

## डब्ल्यूपीएल : हरमनप्रीत होंगी मुंबई इंडियंस की कप्तान



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने बुधवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सत्र से पहले हरमनप्रीत कौर को अपनी महिला टीम का कप्तान घोषित किया। हाल ही में भारत के लिये अपना 150वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली हरमनप्रीत 20 साल की उम्र में पदार्पण करने के बाद से टीम की प्रमुख खिलाड़ी रही हैं।

## पेज एक का शेष

### हम भ्रष्टाचार के कीचड़...

उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग ऐसे समूह से आते हैं, जिनके पास असीम शक्तियां हैं। ये वो समुदाय के लोग हैं, जो गुजरात को चलाते हैं, पूरे देश को चलाते हैं। महाराष्ट्र को चलाते हैं। तब झारखंड क्यों पीछे रह गया? पिछली बार तो डबल इंजन की सरकार थी, फिर विकास क्यों नहीं हुआ? आज कितने आदिवासी दलित आइएएस, आइपीएस, जज हैं? योजनाबद्ध तरीके से आये विपक्ष ने झारखंड को चारागाह बनाया।

उन्होंने कहा कि जीएसटी से सालाना सरकार को 5-6 हजार करोड़ का नुकसान है। ऐसी नीति बनायी गयी कि राज्यों को नुकसान हो। 1985 का कट ऑफ डेट बना कर मिठाइयां बांटी। हाथी उड़ा कर जमीन लूटा। स्कूल बंद कर देते हैं। कहते थे कि झारखंड के युवा रोजगार के लायक नहीं हैं। प्रधानमंत्री से भी झूठ बोलवा दिया। उन्होंने पूजा सिंघल मामले पर कहा कि वह जेल में हैं नहीं, बेल में हैं। मनरेगा घोटाला इनकी सरकार का है। चार्जशीट फाइल होती है, लेकिन एक भी माइंस का जिक्र नहीं होता है।

### झारखंड में अब...

इसमें 12 बार सिलेंडर सस्ता हुआ और केवल 6 बार महंगा। अब रेगुलेटर की कीमत में भी बढ़ोतरी की गयी है। अब एक रेगुलेटर 250 रुपये का दिया जायेगा, जो पहले 150 रुपये का मिलता था। अगर रेगुलेटर टूटता या खराब होता है तो उसे बदलने के लिए 300 रुपये देने होंगे। खबरों के अनुसार, करीब 10 साल बाद गैस कनेक्शन के सिक्योरिटी डिपॉजिट को बढ़ाया गया है।

### रांची में जी-20...

पतरातू लेक रिसॉर्ट पहुंचने वाले विदेशी मेहमान डैम के नेतुआ टापू आइलैंड पर स्पीड बोट से पहुंचेंगे। इनके लिए स्कूटर बोट और 20 सीटर स्पीड बोट पहुंच चुका है। भोजन का प्रबंध रांची के रेडिसन ब्लू होटल के माध्यम से किया जा रहा है।

### डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार से...

हड़ताल करने की हमारी मंशा नहीं है, लेकिन जब सरकार ने चिकित्सकों का सुध नहीं लिया, तब मजबूरन हमें ऐसा कदम उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है, तो फिर झारखंड में क्यों नहीं? डॉ प्रदीप ने कहा कि यदि ऐसी स्थिति बनी रही, तो भविष्य में राज्यभर की चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जायेगी। आइएमए वीमेंस विंग की राष्ट्रीय सह अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने कहा कि हमारी मांगों को वर्षों से सरकार अनुसना कर रही है। राजधानी रांची में चिकित्सक पर हमला हुआ है। ऐसे में समझा जा सकता है कि झारखंड की सुरक्षा व्यवस्था कैसी है। धनबाद के डॉक्टर दंपति हाजरा और रिम्स के चिकित्सक डॉ सौरभ की मौत के बाद सरकार से आर्थिक सहयोग करने की भी मांग की गयी थी। लेकिन, सरकार ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है। **भय में काम करने को मजबूर हैं डॉक्टर :** रिम्स टीचर एसोसिएशन के डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि आईएमए के आह्वान पर हमारे संघ ने भी कार्य बहिष्कार को समर्थन दिया है। सालों से इस राज्य के डॉक्टर भयभीत वातावरण में काम कर रहे हैं। वहीं, आइएमए के अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉक्टरों के साथ मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। 15 दिन के अंदर डॉक्टरों के साथ ऐसी 7-8 घटनाएं हुई हैं। ऐसे वातावरण में हम चिकित्सक असहज हैं। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग लंबे समय से हो रही है। लेकिन, सरकार को हमारी परवाह नहीं है। मजबूरन हम सभी को कार्य बहिष्कार करना पड़ रहा है। रिम्स जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ जयदीप चौधरी ने कहा कि आईएमए के आह्वान को हमारे एसोसिएशन ने भी समर्थन दिया है। हाल के दिनों में चिकित्सकों के साथ कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया है। सरकार हमारी मांगों को सुने और इस पर अमल करे।

## खगड़िया में देवर ने भाभी को मारी गोली, मौत

**खगड़िया।** खगड़िया में जमीन विवाद के रंजिश में बुधवार को एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मृतक के देवर पर ही लगा है। घटना जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के कर्ना गांव की है। वहीं, मृतक की पहचान कर्ना गांव निवासी श्रीराम सिंह की 45 वर्षीय पत्नी कंचन माला देवी के रूप में हुई है। आपसी रंजिश में ही मृतका के देवर लूरो सिंह ने ही अपनी भाभी की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की खबर मिली तो परबत्ता पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। पुलिस के आने पर परिजनों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश भी देखा गया। परिजन वरीय अधिकारी के आने के बाद ही शव उठाए जाने की बात पर अड़े रहे। बताया जाता है कि दोनों भाई के बीच पूर्व से चले आ रहे जमीनी विवाद के कारण हत्या की गई है। परबत्ता के थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। परिजन का अभी आवेदन नहीं मिला है। हत्यारोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## गया में ज्वेलरी शॉप से 40 लाख की चोरी

**गया।** गया में इमामगंज थाने से 300 मीटर की दूरी पर ज्वेलरी शॉप में चोरी हुई। चोरों ने इमामगंज थाना अंतर्गत स्थानीय बाजार में स्थित मोहिनी ज्वेलर्स को निशाना बनाया। बदमाशों ने दीवाल में सेंधमारी कर करीब 40 लाख के ज्वेलरी एवं कैश चोरी कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं घटना के बाद बाजार के अन्य दुकानदारों में आक्रोशहै। इसको लेकर सभी कारोबारियों ने बुधवार को दुकान बंद कर विरोध जताया है। जिले इमामगंज बाजार में मोहिनी ज्वेलर्स स्थित है। 40 लाख रुपए से अधिक का ज्वेलरी समेत नगद एवं अन्य संपत्ति की चोरी कर ली।

## बेतिया में सड़क हादसा, ट्रेन मैनेजर की मौत

बेतिया में सड़क दुर्घटना में घायल पैसेंजर ट्रेन के मैनेजर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना जिले के शिकारपुर थाना क्षेत्र के पचरुखिया चौक का है। जहां मंगलवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैसेंजर ट्रेन के मैनेजर एवं उनके दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल नरकटियागंज में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की स्थिति गंभीर देखते हुए बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। इधर बुधवार के दिन इलाज के दौरान ट्रेन मैनेजर की मौत हुई है।

## डांस टीचर ने 13 साल की बच्ची से किया रेप

कैमूरकैमूर में एक डांस टीचर (23) ने एक बच्ची (13) के साथ रेप किया। पीड़िता औरंगाबाद जिला की रहने वाली है, जो भटक कर मोहनिया आ गई थी। सोमवार की देर रात मोहनिया स्टेशन के पास बच्ची भटक रही थी, तभी आरोपी टीचर की नजर उस पर पड़ी। सुनसान जगह पर उसने बच्ची के साथ रेप किया। इसके बाद वह उसे लेकर स्टेशन की ओर आ रहा था।

## शिक्षक बहाली का प्रस्ताव भेजा ही नहीं, अखबार में छपवा दी खबर, नीतीश ने खोली शिक्षा मंत्री की पोल

एजेंसी

**पटना।** एक दिन अखबार में देख रहे हैं कि शिक्षा मंत्री ने प्रस्ताव भेजा है। हमको पता ही नहीं था। कैबिनेट में अभी तक आया ही नहीं था। लेकिन अखबार में छप गया कि शिक्षा मंत्री ने कह दिया कि भेजे हैं। अखबार में जब आया तो हमने पूछवाया था कि भाई कहां से आ गया?' बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी कोटे से शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव की पोल भरी विधानसभा में खोल दी। वैसे, शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव आजकल स्कूल-कॉलेज से ज्यादा रामचरितमानस में इंट्रेस्ट दिखा रहे हैं।

### शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की पोल नीतीश ने खोल दी

बिहार के बड़बोले शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की पोल मुख्यमंत्री नीतीश ने बजट सत्र के दौरान सदन में खोल दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक बहाली का प्रस्ताव भेजा ही नहीं और अखबार में खबर छपवा दी। इसके बाद हम पता लगाने लगे। कैबिनेट में कोई प्रस्ताव ही नहीं आया था। अखबार ने छाप दिया कि शिक्षा मंत्री तो चाहते थे कि प्रस्ताव पास हो, मगर सरकार की ओर से रोक दिया गया।

### कैबिनेट में प्रस्ताव भेजे बिना मीडिया में बयान देते हैं'

बिहार में जल्दी शिक्षक नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थी इंतजार करते रहते हैं। देर होने पर वो सड़क पर उतरकर प्रदर्शन भी करते हैं। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर 7वें चरण की शिक्षक नियुक्ति को लेकर ट्विटर पर घोषणा करते रहते हैं। इसके साथ-साथ मीडिया में भी खूब बयान दे रहे हैं। इनकी पोल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा में खोल दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में बिना प्रस्ताव भेजे ही मीडिया में शिक्षा मंत्री बयान दे देते हैं।

### शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को लेकर नीतीश ने सदन में क्या कहा

बिहार विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 'एक दिन अखबार में देख रहे हैं कि शिक्षा मंत्री ने प्रस्ताव भेजा है। हमको पता ही नहीं था। कैबिनेट में अभी तक आया ही नहीं था। लेकिन अखबार में छप गया कि शिक्षा मंत्री ने कह दिया कि भेजे हैं। अखबार में जब आया तो हमने पता कराया कि भाई कहां से आ गया। अखबार में ये भी छपने लगा कि ये (शिक्षा मंत्री) चाहते थे और हुआ ही नहीं। जबकि कैबिनेट में आया ही नहीं था।' इसके बाद नीतीश ने कहा कि 'एक चीज बता रहे हैं, खराब मत मानिएगा। कैबिनेट में कोई चीज भेजा जाता है डिपार्टमेंट की ओर से तो उसके बारे में बाहर नहीं कहा जाता है। संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय स्तर पर यही प्रोविजन है। कैबिनेट में जब कुछ हो जाता है तो उसकी घोषणा होती है।'



### छात्रों के सड़क पर उतरने पर कहां गायब हो जाते हैं शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर

बेगूसराय। लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने रामचरितमानस को लेकर बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर प्रसाद पर हमला बोला है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार के शिक्षा मंत्री राज्य की शिक्षा के लिए कोई काम नहीं कर रहे हैं। वे केवल धार्मिक ग्रंथों पर बोलकर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हो या कोई और धर्म... किसी को भी किसी भी धार्मिक ग्रंथ के बारे में गलत बोलने का कोई अधिकार नहीं है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार की शिक्षा की हालत खराब है, लेकिन शिक्षा मंत्री को शिक्षा से मतलब नहीं है। वे धार्मिक ग्रंथों पर बोलने का काम करते हैं। यह लोग सिर्फ समाज को बांट कर शासन करने का काम कर रहे हैं। चिराग पासवान ने कहा कि शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर प्रसाद खड़े होकर रामचरितमानस पर 'ज्ञान' देते हैं। वे कभी प्राथमिक विद्यालय गए हैं क्या, देखिए स्कूलों के भवन कैसे जर्जर हो रहे हैं। कभी भी कोई हादसा हो सकता है। स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए बेंच नहीं है। बच्चों के पढ़ाने के लिए टीचर भी स्कूल नहीं जाते हैं। राज्य में पेपर लीक होते हैं, शिक्षा मंत्री की इस पर ध्यान नहीं जाएगा।

#### सिसोदिया के खिलाफ कुछ सबूत मिले होंगे : चिराग

एक निजी कार्यक्रम में बेगूसराय पहुंचे चिराग पासवान ने दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीबीआई किसी को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं करती है। मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई को कुछ सबूत मिले होंगे, तभी गिरफ्तार किया होगा।

स्पीड न्यूज

## ओएनजीसी के उत्पादन निदेशक बने पंकज कुमार

नयी दिल्ली। देश में तेल एवं गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओएनजीसी के निदेशक मंडल में व्यापक फेरबदल के बाद गठित निदेशक (उत्पादन) के पद पर पंकज कुमार की नियुक्ति की गई है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बुधवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी। इसके मुताबिक, पंकज कुमार कंपनी के पहले निदेशक (उत्पादन) होंगे।

## भारतीय मूल के प्रोफेसर को मार्कोनी पुरस्कार

**न्यूयॉर्क।** मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के भारतीय मूल के प्रोफेसर हरि बालकृष्णन को तार और बेतार वाले नेटवर्क, मोबाइल सेंसिंग और वितरण प्रणालियों से संबंधित अपनी मौलिक खोज के लिए प्रतिष्ठित मार्कोनी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। एमआईटी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर साइंस विभाग में कम्प्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के फुजित्सू प्रोफेसर बालकृष्णन के नाम की घोषणा 22 फरवरी को की गयी। द मार्कोनी सोसायटी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

## गुजरात के डीजीपी बने विकास सहाय

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी विकास सहाय को राज्य का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। इससे एक महीने पहले सहाय को प्रभारी डीजीपी नियुक्त किया गया था ।गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि गुजरात कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी विकास सहाय को राज्य का डीजीपी नियुक्त किया जाता है।

## पांच बच्चों के साथ नहर में कूदे दंपति

**जयपुर।** राजस्थान के जालौर जिले के सांचौर थाना क्षेत्र में बुधवार को पति-पत्नी अपने पांच बच्चों के साथ कथित तौर पर नहर में कूद गये, अब तक एक बच्चे का शव बरामद किया गया है जबकि अन्य लोगों की तलाश की जा रही है । पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी निरंजन प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह शंकरलाल उसकी पत्नी बादली (30) ने अपने पांच बच्चों के साथ सिद्धेश्वर पालडी के पास नर्मदा मुख्य नहर में कूद गये।

## आंध्र प्रदेश में बनेंगे 3000 मंदिर

अमरावती। आंध्र प्रदेश के हर गांव में एक मंदिर सुनिश्चित करने का प्रयास करते हुए सरकार ने कहा है कि राज्य में मंदिरों का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री कोट्टू सत्यनारायण ने कहा कि मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के निर्देश पर, हिंदू धर्म की रक्षा और प्रचार के लिए इस पहल की शुरूआत की गई है। धर्मादा विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे सत्यनारायण ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि बड़े पैमाने पर हिंदू धर्म की रक्षा और प्रचार करने के लिए, कमजोर वर्गों के इलाकों में हिंदू मंदिरों का निर्माण शुरू किया गया है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के श्री वाणी ट्रस्ट ने मंदिरों के निर्माण के लिए प्रत्येक मंदिर को 10 लाख रुपये आवंटित किए हैं।

## राष्ट्रपति बाइडन ने दिया दो भारतवंशियों को अहम पद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी शक्तिशाली निर्यात परिषद में दो भारतीय मूल के अमेरिकियों को नियुक्त किया है। निर्यात परिषद अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर प्रमुख राष्ट्रीय सलाहकार समिति है। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार राष्ट्रपति ने मंगलवार को उन सदस्यों की सूची जारी की, जिन्हें वह परिषद में नियुक्त करना चाहते हैं। इस सूची में डेलॉयट कंसल्टिंग के पूर्व सीईओ पुनीत रेनजेन और फेडएक्स के सीईओ और अध्यक्ष राजेश सुब्रमण्यम के नाम शामिल है।

## जेएन टाटा के जन्मोत्सव के रंग में रंगी लौहनगरी

**जमशेदपुर।** टाटा समूह के संस्थापक एवं टाटा स्टील लिमिटेड की स्थापना करने वाले जमशेद जी नसेरवान जी टाटा की 184 वीं जयंती 3 मार्च को धूमधाम से मनायी जायेगी। इस अवसर पर टाटा स्टील और उसकी सहयोगी कंपनियों ने दुल्हन की तरह सजाया है। जयंती समारोह में भाग लेने के लिए गुरुवार 2 मार्च को टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोयेल रतन टाटा एवं निदेशकगण जमशेदपुर पहुंचेंगे। नोयेल टाटा शाम 5.10 बजे कीनन स्टेडियम के बगल में बने देश के पहले कोविड वारियर्स पार्क को जनता को समर्पित करेंगे। चेयरमैन एन चंद्रशेखरन शाम 6.10 बजे जुबिली पार्क में आकर्षक विद्युत सज्जा का उद्घाटन करेंगे। वे शाम 6.45 बजे जुबिली पार्क के रोज गार्डेन में नवस्थापित अग्नि स्टील स्ट्रक्चर का उद्घाटन करेंगे। 3 मार्च को सुबह 8 बजे से टाटा स्टील वकर्स में भव्य जयंती समारोह में चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन भाग लेंगे। सुबह 9.45 बजे चेयरमैन बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में आम नागरिकों को संबोधित करेंगे।


विद्युत सज्जा से जगमग हुआ टाटा का जुबिली पार्क।


दुधिया रोशनी से नहाया जमशेदपुर का गोलचक्कर।



टाटानगर स्टेशन



वर्कर्स यूनियन का कार्यालय

### उमेश पाल हत्या मामले में अतीक अहमद ने सुप्रीम कोर्ट से लगाई गुहार, कहा

# मुझे फर्जी मुठभेड़ में मार सकती है पुलिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद अतीक अहमद ने एक गवाह की हत्या से जुड़े मामले में उसे गुजरात के साबरमती जेल से प्रयागराज स्थानांतरित करने के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर रिट याचिका में अतीक ने तर्क दिया है कि वह लगातार पांच बार विधायक और एक बार सांसद निर्वाचित हुआ था। उसे डर है कि जेल स्थानांतरण के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस फर्जी मुठभेड़ में उसे जान मार सकती है।

**साबरमती जेल से प्रयागराज स्थानांतरित करने के फैसले के खिलाफ कोर्ट में दी चुनौती**



पूर्व सांसद ने अपनी याचिका में जीवन की रक्षा के लिए दिशा-निर्देश की गुहार शीर्ष अदालत से लगाई है। यह भी सुनिश्चित करने की गुहार लगाई गई है कि अहमदाबाद से प्रयागराज जेल या उत्तर प्रदेश के किसी हिस्से में स्थानांतरित करते वक्त पुलिस हिरासत/रिमांड/पूछताछ के दौरान किसी भी तरह से उसे कोई शारीरिक चोट या नुकसान नहीं पहुंचे। इलाहाबाद (पश्चिम) निर्वाचन क्षेत्र के तत्कालीन बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में अतीक अहमद और उसके भाई सहित कई अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था। हत्या के इस मामले में एक गवाह उमेश पाल की प्रयागराज में गत 25 फरवरी को हत्या कर दी गई थी। गवाह की हत्या के इस मामले में पूर्व सांसद अहमद की पत्नी, चारों बेटों और भाई को मात्र संदेह के आधार पर आरोपी बनाया गया था।

## इधर करीबी जफर अहमद के घर पर चला बुलडोजर

**प्रयागराज।** नगर के धूमनगंज थाना अंतर्गत उमेश पाल हत्याकांड के बाद जारी पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के तहत बुधवार को माफिया अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद का चकिया स्थित मकान प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा गिरा दिया गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के सचिव अजित सिंह ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए पीडीए का बुलडोजर बुधवार की सुबह जफर अहमद के मकान पर पहुंचा और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की, दोपहर तक मकान का ज्यादातर हिस्सा ढहा दिया गया। उन्होंने बताया कि जफर अहमद के मकान का नक्शा पीडीए से पास नहीं कराया गया था और उसे नोटिस बहुत पहले ही भेज दिया गया था।



इस मकान में अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन रहती थीं। सिंह ने बताया कि जफर अहमद के मकान को गिराने से पहले मकान के सभी घरेलू सामान बाहर निकाल कर सुरक्षित रख दिए गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मकान खाली करने के दौरान वहां से एक तलवार और दो असलहे मिले जिसे पुलिसकर्मियों ने अपने कब्जे में ले लिया। इस खाली पड़े भूखंड पर कभी अतीक का आलीशान बंगला हुआ करता था जिसे पीडीए द्वारा ध्वस्त कर दिया गया।

## भविष्य को ध्यान में रखकर बुनियादी ढांचे का निर्माण महत्वपूर्ण : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सुनियोजित भारतीय शहर देश की किस्मत तय करेंगे। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि अगर आजादी के बाद 75 नियोजित शहर विकसित किए गए होते, आज दुनिया में भारत की जगह कुछ और होती। उन्होंने बजट के बाद आयोजित की जा रही वेबिनार की श्रृंखला में शहरी योजना, विकास और स्वच्छताविषय पर चर्चा के दौरान कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्षों में देश में केवल एक या दो नियोजित शहरों का विकास किया गया है। मोदी ने कहा कि भारत के तेजी से शहरीकरण के साथ ही बुनियादी ढांचे का निर्माण करना भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के सुनियोजित शहर ही देश की किस्मत तय करेंगे। जब योजना बेहतर होगी, तो हमारे शहर जलवायु अनुकूल और पानी की दृष्टि से सुरक्षित बनेंगे। उन्होंने शहरी नियोजन और विकास के लिए तीन ध्यान देने वाले क्षेत्रों का उल्लेख भी किया ॥ राज्यों में शहरी



नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र को कैसे मजबूत किया जाए, शहरी नियोजन के लिए निजी क्षेत्र में उपलब्ध विशेषज्ञता का बेहतर उपयोग कैसे किया जाए और ऐसे उत्कृष्टता केंद्र कैसे विकसित किए जाएं, जो शहरी नियोजन को नए स्तर पर ले जाएं। सरकार आम बजट 2023-24 की घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विचार-विमर्श करने और सुझाव लेने के लिए बजट के बाद वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित कर रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि शहरी विकास के मानकों के लिए इस साल के बजट में 15,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है। उन्होंने भरोसा जताया कि इससे नियोजित शहरीकरण को गति मिलेगी।

## माफिया की गाड़ी पलट जाये तो कोई आश्चर्य नहीं : सांसद

**लखनऊ।** कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने करीब दो साल पहले कुख्यात विकास दुबे की गाड़ी पलट जाने से हुई मौत का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि माफिया सरगना अतीक अहमद की गाड़ी पलट जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। पाठक ने कहा कि पुलिस की सुरक्षा में उमेश पाल समेत पुलिस सुरक्षाकर्मी की हत्या सीधे सरकार पर हमला है, याद रखो जब विकास दुबे नहीं बचा तो इन दुर्दांतों का क्या होगा ये बताने की आवश्यकता नहीं है, और अब यदि अतीक की भी गाड़ी पलट जाय तो मुझे कोई आश्चर्य नहीं होगा। गौरतलब है कि 10 जुलाई 2020 को गैंगस्टर विकास दुबे एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। पुलिस का कहना था कि एसटीएफ की गाड़ी विकास दुबे को मध्यप्रदेश के उज्जैन से लेकर कानपुर आ रही थी। गाड़ी की रफ्तार तेज थी, बारिश होने से रोड पर फिसलन थी और कानपुर पहुंचने से पहले अचानक रास्ते में गाड़ी पलट गयी थी।

## ब्रिटेन में नये लुक में दिखे राहुल



**नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ब्रिटेन पहुंचने के बाद नए लुक में नजर आए हैं। अब उन्होंने अपनी दाढ़ी और सिर के बाल छोटे करा लिए हैं। राहुल गांधी एक सप्ताह के दौरे पर मंगलवार को लंदन पहुंचे। उन्हें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने समेत कुछ कार्यक्रमों में शामिल होना है। कई कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने राहुल के नए लुक की तस्वीर ट्विटर पर साझा की। राहुल लंदन में एक कार्यक्रम में सूट और टाई पहने भी नजर आए।**

## विश्वास मत हासिल करेंगे प्रचंड

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंडराष्ट्रपति चुनाव के बाद विश्वास मत हासिल करेंगे और अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे। मीडिया की एक खबर में अधिकारियों के हवाले से बुधवार को यह जानकारी दी गयी। प्रचंड मंत्रियों के 16 पद भरने के लिए अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने की तैयारी कर रहे हैं। तीन राजनीतिक दलों के उनकी सरकार से बाहर आ जाने के बाद ये पद खाली रह गए थ सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा के हवाले से कहा है कि प्रचंड नौ मार्च को राष्ट्रपति चुनाव के बाद विश्वास मत हासिल करेंगे।

### वाणिज्य की खबरें

## बिल गेट्स ने भारत के संपर्क बुनियादी ढांचे और डिजिटल नेटवर्क को सराहा



नयी दिल्ली। अरबपति परोपकारी बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि भारत में बेहतरीन डिजिटल नेटवर्क है और ह्यबहुत अच्छी कनेक्टिविटी के साथ स्मार्टफोन का काफी अधिक इस्तेमाल होता है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि भारत सबसे सस्ता 5जी बाजार होगा। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत बुधवार को जुझारू और समावेशी अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण- डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का वादा विषय पर यहां आयोजित एक सत्र में उन्होंने यह बात कही। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने भारत के प्रतिस्पर्धी निजी बाजार, भरोसेमंद और कम लागत वाले संपर्क की तारीफ की और कहा कि यह सबसे सस्ता 5जी बाजार होगा। उन्होंने कहा कि भारत में शानदार डिजिटल नेटवर्क है और स्मार्टफोन का उपयोग करने वाले लोगों का प्रतिशत बहुत अधिक है।

## टाटा मोटर्स और एसबीआइ ने ऐस ईवी फाइनेंसिंग के लिए किया करार

**नयी दिल्ली ।** व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने देश में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ एक समझौता किया है जिसके तहत बैंक कंपनी की ऐस ईवी के लिए वित्त उपलब्ध करायेगा। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत भारत के सबसे एडवांस्ड, जीरो-एमिशन, फोर-व्हील कमर्शियल वाहन, टाटा ऐस ईवी की खरीदारी के लिये वित?तीय समाधानों की पेशकश की जाएगी। इस भागीदारी के माध?यम से टाटा मोटर्स इन समाधानों को ग्राहकों तक पहुँचाने के लिये एसबीआई के नेटवर्क का इस्तेमाल करेगी।

## मूडीज ने वृद्धि अनुमान को 5.5 % किया

**नयी दिल्ली।** मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने बुधवार को 2023 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 4.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। यह बढ़ोतरी बजट में पूंजीगत व्यय में तेज वृद्धि और बेहतर आर्थिक हालात के मद्देनजर की गई। मूडीज ने हालांकि 2022 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को सात प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। मूडीज ने वैश्विक व्यापक परिदृश्य 2023-24 के फरवरी के अपडेट में अमेरिका, कनाडा, यूरोप, भारत, रूस, मैक्सिको और तुर्किये सहित कई जी20 अर्थव्यवस्थाओं के लिए वृद्धि अनुमान को बढ़ाया है। वर्ष 2022 के मजबूत अंत के चलते यह बढ़ोतरी की गई ।मूडीज ने कहा, ह्यभारत के मामले में, वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय के लिए आवंटन (जीडीपी का 3.3 प्रतिशत) में तेज बढ़ोतरी की गई। यह आंकड़ा बीते वित्त वर्ष के 7,500 अरब रुपये से बढ़कर 10,000 अरब रुपये हो गया ।ह्व रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ऐसे में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 2023 में 0.70 प्रतिशत अधिक यानी 5.5 प्रतिशत हो सकती है। इसके 2024 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## टाटा मोटर्स की बिक्री तीन फीसदी बढ़ी

नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स की कुल थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 79,705 इकाई रही है। एक साल पहले समान महीने में कंपनी ने 77,733 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि घरेलू बाजार में उसकी वाहन बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 78,006 इकाई हो गई। फरवरी, 2022 में घरेलू बाजार में कंपनी ने 73,875 वाहन बेचे थे। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में उसकी घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री 43,140 इकाई रही। एक साल पहले समान महीने में यह आंकडा 40,181 इकाई था। हालांकि घरेलू बाजार में कंपनी की कुल वाणिज्यिक वाहन बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 36,565 इकाई रह गई।

## हर महिला श्रीदेवी बनना चाहती है : रानी मुखर्जी

**मुंबई।** डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'द रोमांटिक्स' श्रीदेवी को श्रद्धांजलि अर्पित करती है, यशराज फिल्म्स की आइकॉनिक हिरोइन, जिन्होंने रोमांटिक ब्लॉकबस्टर 'चांदनी' से पूरे देश को अपना दीवाना बना दिया। एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने कहा कि हर महिला दिवंगत स्टार श्रीदेवी की तरह बनना चाहती है।

दिवंगत यश चोपड़ा इस बात का खुलासा किया कि वह दर्शकों के लिए एक पुरानी प्रेम कहानी क्यों बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, हमारी इंडस्ट्री हिंसा पर अधिक फिल्में बना रही है। मैंने कहा ठीक है, अब मैं अपने जीवन का सबसे बड़ा जुआ खेलूंगा चाहे कुछ भी हो जाए। मैं फॉमूर्ले, कैलकुलेशन वाली फिल्म नहीं बनाऊंगा। मैं एक ऐसी फिल्म बनाऊंगा जो मेरे दिल को छू लेगी। मैंने फिल्म 'चांदनी'



पर काम शुरू किया। हालांकि, कुछ असफल फिल्में देने के चलते यश चोपड़ा का करियर आगे नहीं बढ़ पा रहा था। इसलिए, उनके लिए श्रीदेवी को साइन करना आसान नहीं था, जिन्हें उस वक्त भारत के टॉप एक्टर्स में से एक माना जाता था। अनिल कपूर ने खुलासा किया कि श्रीदेवी उस समय टॉप स्टार थीं। मुझे नहीं पता था कि उनसे कैसे संपर्क किया जाए। मैंने अपने भाई (बोनी कपूर) से बात करने के लिए कहा। इसलिए, मेरा भाई उनकी मां से बात करने के लिए चेन्नई गया। चांदनी' की सफलता यश चोपड़ा और वाईआरएफकी डेस्टिनी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था और चांदनी में श्रीदेवी की प्रतिभा ने हमारे समय की अग्रणी महिलाओं को स्क्रीन पर आने के लिए प्रेरित किया है।

## अंबानी, अमिताभ व धर्मेंद्र के घरों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने अरबपति व्यवसायी मुकेश अंबानी, बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन और फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र समेत मुंबई के अन्य प्रमुख लोगों के घरों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को पालघर शहर से गिरफ्तार किया है।

पेशे से ड्राइवर यह व्यक्ति नागपुर का निवासी है और उसने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर दावा किया था कि आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए 25 हथियारबंद लोग मुंबई के दादर पहुंच चुके हैं। इसके बाद पुलिस की जांच शुरू हुई और कई टीमों का गठन किया गया। पुलिस को जांच के दौरान कॉल करने वाले की पहचान नागपुर निवासी अश्विन भारत माहिस्कर के रूप हुयी।

